हिन्दी दैनिक

दबंग हिन्द

जन की बात, सबके साथ

RNI NO. JHAHIN/2013/54377

रांची संस्करण

वर्ष : 12 | अंक : 104 | रांची (झारखंड) | E-mail : dabanghind@gmail.com | बुधवार, 17 अप्रैल 2024 | website : www.dabanghind.com | मूल्य – ₹ 2

एक नजर

पुरी से कोलकाता जा रही बस पुल से नीचे गिरी, 5 की मौत, कई घायल

कोलकाता। सोमवार शाम ओडिशा के जाजपुर जिले में कोलकाता जा रही एक बस के पुल से गिर जाने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रात करीब 9 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर बाराबती पुल पर तब हुई, जब 40 यात्रियों वाली बस पुरी से कोलकाता जा रही थी. जाजपुर के पुलिस अधीक्षक, डॉक्टरों की एक टीम और अन्य जिला प्रशासन के अधिकारी बचाव कार्यों की निगरानी के लिए दुर्घटनास्थल पर हैं. दमकल कर्मियों ने गैस कटर की मदद से घायलों को बचाया. मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सड़क हादसे में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया. इसके साथ ही उन्होंने अपने प्रियजनों को खोने वाले प्रत्येक परिवार के लिए 3 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की.

झेलम नदी में नाव पलटी, 6 की मौत, 3 की तलाश जारी

श्रीनगर। झेलम नदी में नाव पलटने की घटना पर डीसी श्रीनगर डॉ बिलाल मोही उद दीन भट ने बताया, सुबह करीब 7:30 बजे नाव पलटने की घटना हुई. नाव में कुल 15 लोग सवार थे. जिसमें 8 वयस्क और 7 नाबालिग सवार थे. 6 लोगों की मौत हो गई है, 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और 3 अन्य लोग अपने घरों में हैं. शेष तीन लोग लापता हैं. उनकी तलाश के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना की टीमें बचाव अभियान में जुटी हैं. श्रीनगर के एसएसपी आशीष कुमार मिश्रा ने कहा, हमारी प्राथमिकता शेष तीन लोगों की तलाश और बचाव करना है. पिछले कुछ दिनों से लगातार हुई बारिश के कारण झेलम नदी के साथ ही झीलों एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि हुई है. कश्मीर के संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, श्रीनगर के उपायुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित नगर निकाय के वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी गंदबल में चल रहे बचाव अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर मौजूद थे.

पति ने गुस्से में आकर की पत्नी और दो बच्चों की हत्या

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के लादुराबासा गांव में पति ने अपनी पत्नी सहित दो बेटियों की निर्मम हत्या कर दी है. इस तिहरे हत्याकांड ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है. घटना सोमवार की रात लगभग 10 बजे की बताई जा रही है. घटना की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार की सुबह मुफस्सिल थाना की पुलिस ने गांव पहुंचकर शवों को कब्जे में ले लिया और आगे की प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. इस दौरान पुलिस ने आरोपी पति गुरुचरण पाड़ेया को गिरफ्तार कर लिया है. मृतकों में महिला (पत्नी) जानो बुड़ीउलि 20 वर्षीय, उसकी 5 वर्षीय बेटी रेणुका पाड़ेया और 1 वर्षीय बेटी सुमी पाड़ेया शामिल हैं. तीनों की हत्या मृतका के पति गुरुचरण पाड़ेया ने नशे की हालत में की है. गिरफ्तार आरोपी गुरुचरण ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि अक्सर पति-पत्नी के बीच छोटी-छोटी बातों को लेकर लड़ाई झगड़ा होता रहता था. सोमवार की रात भी किसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में झगड़ा हो गया और गुरुचरण ने धारदार हथियार से पत्नी एवं दो बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी.

रामनवमी का भव्य जुलूस आज, रांची पुलिस तैयार

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में रामनवमी को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है. एक तरफ जहां मंगलवार को पूरे राजधानी में पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया. वहीं रांची पुलिस लाइन में दंगाइयों से निपटने का मॉक ड्रिल कर रांची पुलिस ने यह जाता दिया है कि वह शांतिपूर्ण तरीके से रामनवमी पूजा को संपन्न करवाने के लिए पूरी तरह से तैयार है. मंगलवार को रांची पुलिस लाइन में जिला पुलिस ने एहतियातन हिंसा से निपटने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया. जिसमें बड़ी संख्या में रांची पुलिस के जवानों ने भाग लिया. रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है. रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने जिला के सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों को रामवनवमी के अवसर पर क्षेत्र में विशेष निगरानी करने का निर्देश दिया है. मंगलवार को एसएसपी के निर्देश पर रांची पुलिस लाईन में पुलिस ने मॉक ड्रिल कर जनता को यह बताने का प्रयास किया कि पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है. साथ ही समाज को बांटने वाली ताकतों के अरमान को पूरा नहीं होने दिया जाएगा.

पूरी तत्परता के साथ हुआ मॉक ड्रिल : रांची पुलिस के मॉक ड्रिल में पुलिस की तत्परता दिखी, यहां 'उपद्रवी' की भूमिका में भी पुलिस ही थी और उसपर कार्रवाई करनेवाले भी पुलिसकर्मी ही थे. उपद्रवियों की पत्थरबाजी से लेकर उनपर अश्रु गैस के गोले, हवाई फायरिंग, पानी की बौछार, लाठीचार्ज से लेकर गिरफ्तारी तक की कार्रवाई की गयी. इस अभ्यास ने यह बता दिया कि पुलिस हर परिस्थिति से निपटने में सक्षम है. इस दौरान जवानों को यह भी बताया कि अगर इसमें घायल लोगों को कैसे तुरंत अस्पताल भेजा जाए और एंबुलेंस को कैसे भीड़ से निकालकर भेजा जाए.

मॉक ड्रिल में शामिल हुए आम लोग रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट

इस दौरान पुलिस के जवानों ने लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले छोड़ने, पानी की बौछार को लेकर अभ्यास किया. काल्पनिक स्थिति पैदा कर उससे निपटने का अभ्यास किया गया. मॉक ड्रिल के दौरान ऐसा लग रहा था, मानो पूरा क्षेत्र हुड़दंगियों के कब्जे में है और पुलिस इससे निपटने की कोशिश कर रही है. पुलिस के जवानों ने प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को आत्मसात करते हुए अपने अनुभव का प्रदर्शन किया. बड़ी संख्या में आम लोग भी मॉक ड्रिल का हिस्सा बने. रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि रामनवमी को लेकर राजधानी की पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है. आम लोगों के बीच किसी भी तरह का भय ना हो, लोग शांतिपूर्ण वातावरण में रामनवमी का पर्व मनाएं, इसके लिए पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया गया है. वहीं पुलिस ने अपनी तैयारी को मुकम्मल करने के लिए पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल भी किया है.

बीजेपी के 400 पार के नारे को नेस्तानाबूद करना ही हमारा संकल्प : चंपाई सोरेन

दबंग हिन्द संवाददाता

सरायकेला। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन इन दिनों अपने 4 दिवसीय दौरे पर सरायकेला में बूथ स्तरीय कार्यकताओं के साथ सीधा संवाद कर रहे है. मंगलवार को मुख्यमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं को इन्डिया गठबंधन की उम्मीदवार जोबा मांझी को जिताने के लिए मूलमंत्र दिए. उम्होने कहा कि बीजेपी के 400 पर नारे को नेस्तनाबूद करना ही हमारा संकल्प है. विधानसभा में बीजेपी ने 65 पार का नारा दिया दिया था, लेकिन हमने उसे 25 पर समेट दिया था. इस बार झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत होगी. उन्होंने ये भी कहा कि हर हाल में राज्य में 1932 का खतियान लागु किया जायगा.

लोकसभा चुनाव 2024 : कांग्रेस ने तीन प्रत्याशियों के नाम का किया ऐलान

गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से केएन त्रिपाठी व धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने झारखंड की तीन लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी. गोड्डा से दीपिका पांडेय सिंह, चतरा से केएन त्रिपाठी और धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट दिया गया है. रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा अभी बाकी है. इससे पहले कांग्रेस ने तीन लोकसभा सीटों खूंटी, लोहरदगा व हजारीबाग से उम्मीदवारों की घोषणा की थी. इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस के खाते में कुल सात सीटें आयी हैं. इनमें से अब तक छह लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार घोषित हो चुके हैं.

तीन लोकसभा सीट से ये हैं कांग्रेस से प्रत्याशी : इससे पहले कांग्रेस की ओर से खूंटी, लोहरदगा व हजारीबाग सीट से प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं. खूंटी लोकसभा सीट से कालीचरण मुंडा, लोहरदगा से सुखदेव भगत व हजारीबाग संसदीय सीट से जेपी पटेल (जयप्रकाश भाई पटेल) को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है. पिछले दिनों दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद इनके नामों की घोषणा की गयी थी.

खूंटी, लोहरदगा व हजारीबाग सीट से प्रत्याशी घोषित : जयप्रकाश भाई पटेल हाल ही में बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं. इन्हें कांग्रेस ने हजारीबाग लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है. लोहरदगा लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है. लोहरदगा सीट पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुखदेव भगत को उम्मीदवार बनाया गया है. खूंटी लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है. खूंटी सीट से कालीचरण मुंडा को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है.

झामुमो के चार प्रत्याशी पहले से घोषित : झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पिछले दिनों दूसरी सूची जारी कर दो लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा की थी. राजमहल से जहां विजय हांसदा को टिकट दिया गया है, वहीं सिंहभूम से जोबा मांझी को प्रत्याशी बनाया गया है. इससे पहले भी झामुमो ने दो लोकसभा सीटों दुमका व गिरिडीह पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी. दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह लोकसभा सीट से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया गया है. इस तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा पहले से चार लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर चुकी है. झारखंड में इंडिया गठबंधन के तहत कुल 14 लोकसभा सीटों पर झामुमो, कांग्रेस, राजद व भाकपा माले चुनाव लड़ रही हैं.

कांकेर में बड़ा मुठभेड़, टॉप कमांडर सहित 18 नक्सली हुए ढेर, तीन जवान घायल

एजेंसी

कांकेर। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सुरक्षाबल के तीन जवान घायल हो गए. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबल के तीन जवान घायल हो गए. उन्होंने बताया कि छोटेबेठिया क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था. दल जब क्षेत्र में था तब नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें दो जवान घायल हो गए.

नक्सलियों का टॉप कमांडर ढेर : सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में बताया जा रहा है कि नक्सलियों का टॉप कमांडर भी मारा गया है. मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं. सुरक्षाबलों ने मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए. सुरक्षबलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया टॉप नक्सली कमांडर शंकर साव पर पुलिस ने 25 लाख रुपये का इनाम रखा था.

नक्सलियों के जानकारी देने पर मिलेगी सरकारी नौकरी और इनाम

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में पुलिस ने घोषणा की है कि जो लोग नक्सलियों की गिरफ्तारी या उनके मारे जाने में पुलिस की मदद करेंगे उन्हें आरक्षक के रूप में भर्ती किया जाएगा तथा पांच लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा. मध्य प्रदेश की सीमा से लगे इस जिले के नक्सल प्रभावित गांवों में बांटे गए पर्चे में लिखा है, सूचना दो इनाम पाओ. किसी भी व्यक्ति के द्वारा नक्सलियों को पकड़वाया जाएगा या उसकी सूचना पर मुठभेड़ में यदि नक्सली मारा जाएगा तो उस व्यक्ति को कबीरधाम पुलिस की ओर से पांच लाख रुपए नकद इनाम एवं पुलिस की शासकीय नौकरी दी जाएगी तथा आत्मसमर्पण करवाने पर नकद इनाम दिया जाएगा.

पहले चरण का मतदान : सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ ऐसे समय पर हुई है, जब तीन दिन के बाद वहां पहले चरण का मतदान होना है. छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं. पहले चरण में एक मात्र लोकसभा सीट बस्तर में 19 अप्रैल को मतदान होना है. उसके बाद दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को राजनंदगांव, महासमुंद और कांकेर. जबकि तीसरे और आखिरी चरण के लिए मतदान राज्य के सुरगुजा, रायगढ़, जांजगिर चंपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में 7 मई को होंगे. छत्तीसगढ़ में लोकसभा की कुल 11 सीटे हैं.

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी, लखनऊ के आदित्य टॉपर

जमशेदपुर की स्वाति शर्मा को 17वीं रैंक

दबंग हिन्द संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्व थल सैनिक (सीएमपी) संजय शर्मा की पुत्री स्वाति शर्मा ने यूपीएससी की परीक्षा में जमशेदपुर का झंडा लहरा दिया है. भारतीय प्रशासनिक सेवा की परीक्षा में स्वाति शर्मा ने ऑल इंडिया रैंकिंग में 17वां स्थान हासिल किया है. मंगलवार को जब परीक्षा का परिणाम निकला, तो स्वाति समेत पूरा परिवार रैंकिंग खोजने में जुट गया. जब स्वाति की रैंक17वीं दिखी तो खुद उसे भरोसा नहीं हुआ. स्वाति ने कहा कि सोचा जरूर था कि यूपीएससी क्रैक करुंगी, लेकिन यह उम्मीद बिल्कुल नहीं थी कि इतना बेहतर प्रदर्शन कर पाऊंगी.

हर सफलता के पीछे माता-पिता का हाथ होता है. इसमें मेरे भाई टाटा स्टील में कार्यरत संजीव शर्मा ने भी काफी मदद की. पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह और पूरी टीम ने उनके घर पर जाकर उन्हें बधाई दी.

वहीं, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 के नतीजे घोषित कर दिये हैं. लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है. वहीं अनिमेष प्रधान ने दूसरा और नुरु अनन्या रेड्डी ने तीसरे स्थान हासिल किया है. वहीं पीके सिद्धार्थ रामकुमार ने चौथा और रुहानी ने पांचवें स्थान पर रहे हैं. यूपीएससी की परीक्षा में कुल 1,016 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है. इसमें सामान्य वर्ग के 347, ईडब्ल्यूएस वर्ग के 115, ओबीसी वर्ग के 303, एससी वर्ग के 165 और एसटी वर्ग के 86 अभ्यर्थी शामिल हैं.

कल्पना सोरेन ने किया राम-जानकी का दर्शन और महाअष्टमी पूजा

गिरिडीह। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने आज गिरिडीह शहर के महावीर मंदिर जाकर राम-जानकी का दर्शन कर माथा टेका। इसके बाद प्रसिद्ध छोटकी मैया दुर्गा मंडप पर कल्पना सोरेन ने चैत्र महाअष्टमी की पूजा अर्चना कर देवी दुर्गा को पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर गिरिडीह विधायक सुदिव्य सोनू और जेएमएम कने कई नेता उपस्थित थे। कल्पना सोरेन अचानक हुए दौरे से गिरिडीह का राजनीतिक तापमान फिर से बढ़ गया है. पार्टी सूत्रों के अनुसार 21 अप्रैल को रांची में होनी वाली उलगुलान रैली में गिरिडीह जिले में तैयारी का अवलोकन करने और गांडेय उपचुनाव की समीक्षा और दिशा निर्देश देने के लिए कल्पना सोरेन का आज अचानक गिरिडीह का दौरा हुआ।

रांची जमीन घोटाला मामले में ईडी का एक्शन, रांची सहित 9 ठिकानों पर छापेमारी

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले से जुड़े कथित जमीन कब्जा मामले में मंगलवार को रांची में चार स्थानों पर छापेमारी की। जिन स्थानों की तलाशी ली जा रही है उनमें झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) के जिला अध्यक्ष अंतु तिर्की से जुड़े परिसर भी शामिल हैं। ये छापेमारी मोहम्मद सद्दाम हुसैन द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर शुरू की गई थी, जिसे 9 अप्रैल (मंगलवार) को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने कथित तौर पर जमीन हड़पने के मामले में सद्दाम को गिरफ्तार किया और चार दिनों की रिमांड पर लिया। सद्दाम को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सहयोगी माना जाता है. जाली दस्तावेज बनाने और सेना तथा अन्य जमीनों की खरीद-फरोख्त में कथित संलिप्तता के एक अलग मामले में वह पहले से ही न्यायिक हिरासत में थे।

ईडी ने अफसर अली को छह दिनों की रिमांड पर लिया : सेना की जमीन का गलत तरीके से पेपर बनाने के आरोप में पिछले कई महीनों से जेल में बंद अफसर अली को प्रोडक्शन वारंट के तहत मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया. अफसर अली के अलावा सद्दाम अंसारी को भी ईडी की टीम ने अदालत में पेश किया. ईडी ने कोर्ट से दोनों को रिमांड पर देने का अनुरोध किया. ईडी के वकील की दलील सुनने के बाद न्यायाधीश ने सद्दाम अंसारी को चार दिन और अफसर अली के लिए छह दिन के रिमांड की स्वीकृति दे दी है. अब ईडी की टीम अफसर अली और सद्दाम अंसारी को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करेगी. हालांकि सद्दाम अंसारी से ईडी की टीम पिछले आठ दिनों से रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही थी.

राहुल गांधी ने कहा, पीएम मोदी अमीरों की कठपुतली हैं, भाजपा-आरएसएस संविधान बदलना चाहते हैं

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें देश के कुछ बड़े कारोबारियों की कठपुतली करार दिया. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी का काम असल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना, अमीर उद्योगपतियों की रक्षा करना और उनके बैंक कर्जों को माफ करना है. वायनाड से मौजूदा सांसद गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में पांच-छह बड़े अमीर उद्योगपतियों की कठपुतली हैं. उन्होंने दावा किया कि मोदी ने देश में 20-25 लोगों को लगभग 16 लाख करोड़ रुपये दिये हैं. राहुल गांधी जिले के कोडियाथुर में रोड शो में आये पार्टी समर्थकों, कार्यकताओं और भारी भीड़ को संबोधित कर रहे थे. आरोप लगाया

कि वह (मोदी) उन मुद्दों पर बात नहीं करते जिनका आज देश के किसान सामना कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बेरोजगारी और महंगाई पर भी कुछ नहीं कहते. चुनावी बॉन्ड के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बॉन्ड प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गयी एक तरह की जबरन वसूली थे.

संविधान को नष्ट करने का मुद्दा 2024 के लोकसभा चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा : उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर संविधान को नष्ट करने और बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव का यही एकमात्र बड़ा मुद्दा है और बाकी सभी मुद्दे इसी से निकले हैं. उन्होंने केरल में आगामी लोकसभा चुनावों के लिए जारी अपने प्रचार अभियान के तहत सुबह करीब 11:30 बजे यहां कोडियाथुर से एक विशाल रोड शो निकाला. उनके साथ सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक भी थे, जो उन्हें ले जा रहे वाहन के साथ-साथ और आगे-आगे चल रहे थे. वायनाड सीट से इस बार भी जीत की उम्मीद लगा रहे गांधी लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद 15 अप्रैल को दूसरी बार अपने संसदीय क्षेत्र आये.

पीएम मोदी ने कहा, तृणमूल ने एक बार फिर बंगाल में राम नवमी उत्सव का किया विरोध, लेकिन जीत सत्य की हुई

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के बालुरघाट में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ये पहली रामनवमी है जब अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला विराजमान हो चुके हैं. मुझे पता है कि तृणमूल ने हमेशा की तरह यहां रामनवमी उत्सव को रोकने के लिए पूरी कोशिश की. परन्तु जीत सत्य की ही होती है. इसलिए कोर्ट से अनुमति मिल गई है और कल पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ रामनवमी की शोभायात्राएं निकलेंगी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, यहां के आदिवासी समाज के त्याग और बलिदान का देश पर बड़ा कर्ज. है.आज भाजपा यहां

आदिवासियों और दलितों के सम्मान के लिए लड़ रही है.भाजपा ने ही देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी है. तृणमूल जैसी पार्टी दलित, आदिवासी महिलाओं को अपना बंधक बनाकर रखना चाहती है.ये चुनाव इन्हें बताएगा कि दलित, वंचित और आदिवासी तृणमूल के गुलाम नहीं है और नहीं रहेंगे.

पूरा देश संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से स्तब्ध है: प्रधानमंत्री मोदी

तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों का समर्थन करती है, लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करने वाले कानून ह्यसीएएह्ल का विरोध करती है.तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को घुसपैठियों, गुंडों को पट्टे पर दे दिया है. वहीं पूरा देश संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से स्तब्ध है.ममता बनर्जी ने कुछ नहीं किया लेकिन भाजपा जो कहती है वह करती है.

प्रधानमंत्री ने बालुरघाट के बुनकरों और किसानों की सराहना की : प्रधानमंत्री ने बालुरघाट के बुनकरों और किसानों की सराहना की. उन्होंने कहा कि भाजपा ने बुनकरों और किसानों के लिए भी सोचा है. 13 हजार करोड़ खर्च कर बुनकरों और किसानों के विकास का प्रयास किया जा रहा है। जूट किसानों के फायदे को ध्यान में रखते हुए बीजेपी ने जूट आई केयर योजना शुरू की. इसका लाभ तीन लाख किसानों को मिल रहा है.

तृणमूल नेताओं के घरों से करोड़ों रुपये हुए बरामद : पीएम मोदी ने कहा, ह्वतृणमूल नेताओं के घरों से करोड़ों रुपये बरामद किये गये. जब केंद्रीय बल भ्रष्टाचारियों को पकड़ने के लिए अपने काम पर जाते हैं, तो उन्हें विफल कर दिया जाता है. वे सीएए का विरोध करते हैं, जो कानूनी तौर पर शरणार्थियों को नागरिकता देता है.

ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर शिल्पी नेहा तिर्की ने की बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

चान्हो । मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि झारखण्ड सरकार की अत्यंत लाभकारी और महत्वाकांक्षी योजना में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार, घोटाला और घपलेबाजी स्वीकार नहीं है। श्रीमती तिर्की ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता और भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है तो सख़्त कार्रवाई की जायेगी।आज क्षेत्र भ्रमण के दौरान चान्हो प्रखण्ड के सोंस पंचायत के ग्राम पाटूक एवं लुंपुंगा में ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए आम लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। श्रीमती तिर्की ने विशेष रूप से अबुआ आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, पेयजल जैसी विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के कारण विकास की अनेक योजनाओं और कार्यों पर कुछ असर पड़ा है, लेकिन चुनाव के बाद सभी लाभकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में गति आयेगी। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, पंचायत निधिया उरांव मीणा देवी जोगिता उरांव महावीर उरांव हफीजुल अंसारी रवि उरांव कमलेश उरांव एवं अन्य लोगों उपस्थित रहे।

सिया के गठन से बालू कारोबारियों को राहत, आसमान छूती कीमतों पर पड़ेगा असर

रांची समेत पूरे राज्य में जल्द बालू संकट दूर होने के आसार

झारखंड में सालों से बना हुआ बालू संकट अब जल्द ही दूर होने जा रहा है। कारण की राज्य स्तर पर पर्यावरण प्रभाव के मूल्यांकन के लिए प्राधिकरण का गठन कर दिया गया है। इससे आने वाले समय में बालू खनन से जुड़े कारोबारियों को राहत मिल सकती है। बता दें कि बालू संकट के कारण चोरी-छिपे हो रही बिक्री पर अब लगाम लग सकेगी।

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। राजधानी रांची समेत झारखंड के ज्यादातर जिलों में नदी घाटों से बालू का उठाव नहीं होने के कारण विगत वर्षों से बालू संकट बना हुआ है। चोरी-छुपे ही बालू मिल रहा है। इसकी कीमतें आसमां छू रही है। इस कारण गृह से लेकर अन्य निर्माण कार्य प्रभावित हैं। बालू घाटों के संचालन के लिए इंवायरमेंटल क्लीयरेंस जारी हो सकेगा। ऐसे में अब बालू कारोबारियों को राहत मिलने की उम्मीद है। राज्य में नवंबर माह से सिया के अस्तिव में नहीं होने के कारण घाटों का टेंडर और बालू का उठाव प्रभावित था। पूरे राज्य में 444 बालू घाट हैं। इसमें कुछ जिलों में घाट का टेंडर भी हो चुका है। लेकिन, इंवायरमेंटल क्लीयरेंस नहीं मिलने के कारण टेंडर की पूरी प्रक्रिया नहीं हो सकी थी। रांची जिले के 19 घाटों में से 18 का टेंडर हो चुका है। सिया से इंवायरमेंटल क्लीयरेंस के बाद बालू घाट संचालन के लिए झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से कसेंट टू एस्टेबलिश (सीटीई) और कंसेंट टू एस्टेबलिश (सीटीई) लिया जाता है। सिया का गठन हो चुका है। इससे इंवायरमेंट क्लीयरेंस बालू घाट के लिए मिल सकेगा। इसके बाद प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से सीटीई और सीटीओ की स्वीकृति ली जाएगी।

उद्यमियों की समस्याओं का संज्ञान ले प्रदूषण बोर्ड : पाल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से कंसेंट टू आपरेट (सीटीओ)/कंसेंट टू इस्टैबलिसमेंट (सीटीई) मिलने में होनेवाली परेशानी पर झारखंड चैंबर आफ कामर्स ने बोर्ड के सदस्य सचिव को पत्राचार कर, संज्ञान लेने का आग्रह किया। कहा गया कि बोर्ड का सिंगल विंडो सिस्टम इतना सरल किया जाना चाहिए जिससे कोई भी इच्छुक उद्यमी अपनी सुविधानुसार सीटीओ/सीटीई प्राप्त कर सके। चैंबर के सह सचिव अमित शर्मा और शैलेष अग्रवाल ने कहा कि सीटीओ/सीटीई मिलने में होनेवाली कठिनाइयां नियमित रूप से हमारे संज्ञान में आ रही हैं। उद्यमियों की सुविधा को देखते हुए ही बोर्ड द्वारा सिस्टम को आनलाइन किया गया था किंतु अभी भी बिना मानवीय हस्तक्षेप के यह काम नहीं हो रहा है।

आर्टिस्ट हेल्थ जोन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान महिला की मौत

अस्पताल परिसर में परिजनों का हंगामा

दबंग हिन्द,संवाददाता

ओरमांझी। बीआईटी थाना क्षेत्र के गेतलातू स्थित आर्टिस्ट हेल्थ जोन हॉस्पिटल में सुमन देवी(35) की इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा परिजनों को शव नहीं देने पर अस्पताल परिसर में परिजन हंगामा करने लगे।सूचना पाकर थाना प्रभारी रोशन कुमार सिंह के हस्तक्षेप के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त महिला अपने पति वीरेंद्र शर्मा के साथ रविवार को मोटरसाइकिल से बुटी मोड़ की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में बूटी के त्रिवेणीपूरम के पास रांची-हजारीबाग सड़क पर असंतुलित होकर उक्त महिला गिर कर घायल हो गई। आसपास के लोगों के सहयोग से उसके पति ने पहले रिम्स में भर्ती

करवाया। फिर अच्छे इलाज के नाम पर हेल्थ जोन अस्पताल में सोमवार की सुबह भर्ती करवाया गया। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा 1.55 लाख में ब्रेन का ऑपरेशन से लेकर सभी खर्च जोड़कर इलाज ठीक करने का वादा किया गया था। प्रबंधन को 90 हजार देने के बाद भी मरीज के बारे में संतोष जनक उत्तर नही मिलने पर परिजन चिंतित होने लगे। जब प्रबंधन ने पैसे की डिमांड फिर से की तब परिजन अस्पताल प्रबंधन पर मरीज को दिखाने का दबाव बनाने लगे। इसके बाद प्रबंधन ने मंगलवार सुबह में मरीज की मौत की सूचना दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टरों के द्वारा इलाज में लापरवाही बरती गई है। जब प्रबंधन के द्वारा शव देने व इलाज का कागजात का फोटो कॉपी देने से इंकार करने पर परिजन हंगामा करने लगे।

कांग्रेस के सक्रिय नेता मुराद खान आईयूएमएल में शामिल

बंग हिन्द,संवाददाता

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सक्रिय नेता एवं हजारीबाग जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस के उपाध्यक्ष मुराद खान रांची आकर इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की सदस्यता ग्रहण की।पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री अशरफ हुसैन ने मुराद खान को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। प्रदेश महासचिव शानुल हक ने कहा कि मुराद खान की पार्टी में आने से झारखंड राज्य में पार्टी को मजबूती मिलेगी और उनके निजी छवि के कारण भविष्य में पार्टी को फायदा मिलेगा। मुराद खान ने सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी के प्रदेश कमिटी के पदाधिकारियों का शुक्रिया अदा किया एवं कहा कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग देश में अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करने वाली और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने वाली सबसे

बड़ी और पहली राजनीतिक पार्टी है। दूसरी राजनीतिक पार्टियों में जो अल्पसंख्यक सदस्य या पदाधिकारी होते हैं उन्हें अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आवाज बुलंद करने के लिए प्रतिबंधित किया जाता है लेकिन आईयूएमएल में इस तरह की बात नहीं है यह पार्टी खुलकर अल्पसंख्यकों के समर्थन पर बात करती है और उसके अधिकार की लड़ाई लड़ती है। इसी से प्रभावित होकर मैंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।उन्होंने झारखंड राज्य में पार्टी के प्रचार-प्रसार एवं मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव शानुल हक, प्रदेश उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा,प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद शहाबुद्दीन, इजहार उल हक आकाश धान, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मुर्शीद अंसारी एवं उपाध्यक्ष जीशान खान उपस्थित रहे।

झारखंड में नकदी व शराब जब्ती का आंकड़ा 50 करोड़ के पार, चुनाव आयोग ने कसा शिकंजा

झारखंड में स्वच्छ निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने धनबल पर शिकंजा कसा है। इसके तहत आचार संहिता के दौरान नकदी व शराब जब्ती का आंकड़ा 50 करोड़ के पार चला गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर संबंधित एजेंसियां इसमें पूरी तरह मुस्तैद होकर काम कर रही हैं। झारखंड में पकड़ी गई 4.23 करोड़ नकदी 47.68 करोड़ की शराब एवं अन्य मादक पदार्थ

दबंग हिन्द,संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव में धनबल का दुरुपयोग रोकने तथा भयमुक्त, स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए लगातार अवैध नकदी,

शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की धर-पकड़ की जा रही है। चुनाव आयोग के निर्देश पर संबंधित एजेंसियां इसमें पूरी तरह मुस्तैद होकर काम कर रही हैं। पूरे देश में इस बार जहां रिकॉर्ड नकदी, शराब आदि की जब्ती हुई है, वहीं झारखंड में भी अभी तक का आंकड़ा 50 करोड़ को पार कर गया है। चुनाव आयोग को विभिन्न एजेंसियों द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में अब तक 4.23 करोड़ रुपये की नकदी पकड़ी गई है। संभावना जताई जा रही है इसका उपयोग चुनाव में किया जाना था। इसी तरह भारी मात्रा में शराब, ड्रग एवं अन्य मादक पदार्थ तथा उपहार की वस्तुएं जब्त की गई हैं। इसकी कुल कीमत लगभग 47.68 करोड़ लगाई गई है।

बड़ी मात्रा में अवैध शराब भी बरामद : झारखंड में 158054.60 लीटर अवैध शराब पकड़ी गई है। झारखंड में कीमत की लिहाज से हुई कुल जब्ती की बात करें तो इसमें झारखंड 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 18 वें स्थान पर है। पूरे देश में हुई जब्ती में झारखंड में हुई जब्ती की हिस्सेदारी 1.12 प्रतिशत है। बता दें कि लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में इस बार पूरे देश में सबसे अधिक जब्ती होने की संभावना जताई जा रही है। पूरे देश में अब तक 4,658 करोड़ (नकदी, शराब एवं अन्य मादक पदार्थ) रुपये जब्त किए जा चुके हैं। आयोग ने लोकसभा चुनाव के दौरान नकदी, अवैध शराब एवं अन्य मादक पदार्थ की जब्ती के लिए कई निर्देश संबंधित एजेंसियों को दिए हैं। इसके लिए इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम भी लागू किया गया है। इससे संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय बना रहता है। एयरपोर्ट पर नकदी आदि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। नकदी ले जाने लिए सीमा भी तय कर दी गई है।

झारखंड में हुई जब्ती (आंकड़े एक मार्च से 13 अप्रैल तक)- नकदी जब्ती : 4,22,82,350 रुपये **शराब जब्ती :** 158054.60 लीटर **जब्त शराब की कीमत :** 3,41,31,010 रुपये **जब्त ड्रग्स की कीमत :** 35,11,23,330 रुपये **सोना-चांदी आदि कीमती धातु :** 39,80,360 रुपये **उपहार की वस्तुएं एवं अन्य :** 8,68,41,250 रुपये **कुल कीमत :** 51,83,58,300 रुपये ।

मिट्टी एवं अंतिम संस्कार में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत

दबंग हिन्द,संवाददाता

मांडर/चान्हो । चान्हो के तरंगा डोंबा टोली निवासी 15 वर्षीय अंकित तिग्गा एवं मांडर के अंबा टोली निवासी 17 वर्षीय सुमन लकड़ा का बीते दिन बोलेरो की चपेट में आने से निधन हो गई थी। जानकारी मिलते ही दोनो शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत और मिट्टी में भी शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। डॉ परमेश्वर भगत ने सभी लोगो से अपील किए की बाईक या कार धीरे और सावधानी से चलाएं एवं बच्चो को गाड़ी कतई ही न दे साथ ही नशे की हालत में कभी भी गाड़ी न चलाएं।

थाना प्रभारी नगड़ी अभिषेक राय के द्वारा दल बल के साथ सभी जुलूस मार्ग का भ्रमण किया गया

दबंग हिन्द,नगड़ी । रामनवमी पर्व के अवसर पर थाना प्रभारी नगड़ी अभिषेक राय के द्वारा दल बल के साथ सभी जुलूस मार्ग का भ्रमण किया गया एवं भ्रमण के दौरान संवेदनशील जगहों को चिन्हित किया गया एवं उसे पर विशेष निगरानी रखी जाएगी जुलूस के दौरान सादे लीवास में पुलिस बल की तैनाती होगी जुलूस के दौरान वीडियो कैमरा ड्रोन के द्वारा भी निगरानी रखी जाएगी और असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर संबंधित कार्रवाई की जा रही है सोसल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

विपिन कुमार सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा में की सफलता हासिल

838 रैंक हुआ प्राप्त

दबंग हिन्द,संवाददाता

ओरमांझी। केदल पंचायत के गेतलातु देवी दर्शन कॉलोनी निवासी विपिन कुमार सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता हासिल की है उन्हे 838 रैंक प्राप्त हुआ है। यह सफलता उन्होंने छठी बार में प्राप्त की विपिन ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल से प्लस टू तक की पढ़ाई करने के बाद सत्यभाना यूनिवर्सिटी चेन्नई से इलेक्ट्रोनिक कम्युनिकेशन में बीटेक किया। वे पिछली बार जेपीएससी की परीक्षा में साक्षात्कार तक पहुंचने के बाद सफलता हासिल नहीं की। विपिन की नौकरी कोडरमा में एक्साइज इंस्पेक्टर में भी हुई थी। परंतु पढ़ाई में बाधा न हो इसके लिए नौकरी छोड़ दी। बाद में दिल्ली में यूपीएससी की जुनून के कारण दिल्ली में रहकर पढ़ाई करने लगे। उनका ओप्सनाल सब्जेक्ट राजनीतिक शास्त्र था। पिता अरुण कुमार सिंह स्वास्थ्य विभाग ओरमांझी फार्मासिस्ट से 2022 में सेवानिवृत हुए। वहीं माता रंजू कुमारी ओरमांझी पीएचसी में ही एएनएम के पद में कार्यरत हैं। वे दो भाई हैं बड़ा भाई पलामू में एसबीआई में शाखा प्रबंधक है और मूल रूप से बिहार के नालंदा जिला के बेन थाना क्षेत्र के सीलाव के रहने वाले है।

लोकसभा स्तरीय चुनाव तैयारी को लेकर बंधु तिर्की की अध्यक्षता में बैठक

दबंग हिन्द,संवाददाता

मांडर । लोकसभा स्तरीय चुनाव तैयारी को लेकर लोहरदगा लोकसभा के मांडर विधानसभा के मांडर प्रखंड में कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि,मंडल अध्यक्ष, महिला पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की बैठक हुई। इस बैठक में बंधु तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं की हमेशा से चुनाव में उल्लेखनीय सहभागिता रही है और आने वाले इस लोकसभा चुनाव में भी मांडर विधानसभा बेहतर परिणाम देने की कोशिश करेगा इसके लिए कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार में लग जाय बैठक में अध्यक्ष मंगा उराँव, प्रमुख फिलिप सहाय,उप प्रमुख अमानत अंसारी ,नसीम अंसारी ,जुएल तिग्गा, आबिद अंसारी, जमील मलिक,सेरोफिना मिंज ,होसे उराँव, शमशुल हक,तबारक खान,सरिता तिग्गा,बेलस टोप्पो,अनूप राम आदि उपस्थित थे।

एक नजर

झारखंड में एक भी सीट मुसलमान को नहीं देना पार्टी की बहुत बड़ी भूल -इरफान अंसारी

दबंग हिन्द,रांची। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा एक भी मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट नहीं देने पर विधायक इरफान अंसारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि 18%आबादी होने के बावजूद झारखंड में एक भी सीट मुसलमान को नहीं देना पार्टी की बहुत बड़ी भूल और आत्मघाती कदम होगा। पार्टी के इस निर्णय से समाज में भारी आक्रोश है।इतनी बड़ी आबादी को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। कुछ नेताओं ने भरम फैलाया है कि अगर मुसलमान को टिकट दिया गया तो वोट ध्रुवीकरण हो जाएगा तो इसकी क्या गारंटी है कि अन्य जिसको भी टिकट दिया जा रहा है तो वह जीत जाएगा।2%,3%,4% वालों को टिकट मिल रहा है तो क्या 18 % वाला सिर्फ वोट देने के लिए हैं ।पार्टी इस पर विचार करे नहीं तो लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ेगा। मुसलमान के वोट को कांग्रेस पार्टी हल्के में ना लें।कांग्रेस पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को नजरअंदाज करने का ही नतीजा है कि अन्य राज्यों में इनका वोट क्षेत्रीय पार्टी की तरफ चला गया है। मुसलमान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है।

मृतक के परिजनों से मिलने पहुंची शिल्पी नेहा तिर्की,मिलकर शोक व्यक्त किया

दबंग हिन्द,चान्हों। नकटा पहाड़ घूमने जाने के क्रम में बाइक और बोलेरो का भिड़ंत में दो युवकों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई थी और एक के रिम इलाज के लिए भेजा गया था। इस घटना में दो नाबालिक युवक अंकित तिग्गा, पंचायत तरंगा, ग्राम डोंबा टोली एवं सुमन लकड़ा, ग्राम तिगोई बगीचा टोली की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इनकी जानकारी स्थानीय विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की को पार्टी कार्यकर्ता एवं अखबार के माध्यम से मिलने के उपरांत विधायक मृतक के परिजनों से मिलने पहुंची, परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया एवं ढाढस बंधाया गांव का जाने-माने लोगों सब उपस्थित थे दोनों परिवार को रो-रो के बुरा हाल है ऊपर वाला इन लोगों को आत्मा को शांति दे।

शेमारू टीवी के शो 'कर्माधिकारी शनिदेव' के मुख्य अभिनेता विनीत कुमार चौधरी ने कंजक पूजा को याद किया

दबंग हिन्द,रांची। शेमारू टीवी ने हमेशा से दर्शकों को अपने रोचक कंटेंट से जोड़े रखा है। 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो ने अपनी कहानी और बेहतरीन प्रदर्शन के बीच एक शानदार उदाहरण स्थापित किया है, जहाँ उन्होंने हाल ही में अपने 100 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। शो में शविदेव की मुख्य भूमिका निभाने वाले अभिनेता विनीत कुमार चौधरी ने अब तक अपने किरदार से बहुत कुछ सीखा है और अब वे चैत्र नवरात्रि को ध्यान में रखते हुए विनीत ने अपने होमटाउन दिल्ली में होने वाली माँ दुर्गा की पूजा और अंतिम दिन पर होने वाली कंजक पूजा को याद कर रहे हैं। विनीत कुमार चौधरी ने दुर्गा पूजा और इससे जुड़ी अपनी यादें साझा करते हुए कहा, मैं और मेरा परिवार हमेशा से माता का भक्त रहा है। मेरे घर नवरात्रि में पूरे विधान से माता जी की पूजा की जाती है, साथ ही कलश बिठाकर अखंड ज्योत भी जलाई जाती है। मेरी माँ और आसपास की सभी महिलाएँ मेरे घर आकर साथ मिलकर माता जी के भजन गाती हैं। पूरे नौ दिन मेरे घर में भक्तिभाव का माहौल होता है। रोजाना नौ दिन तक घर में पंडित जी आकर दुर्गा शप्तशति का पाठ करते हैं और पूजा-आरती होती है। पूरे घर में बहुत पॉजिटिव माहौल होता है और बहुत अच्छा लगता है। उन्होंने बचपन के दिनों को याद करते हुए कंजक पूजा को लेकर एक खास याद साझा करते हुए कहा, मुझे आज भी याद है, नवरात्रि के नौवे दिन माँ कंजक पूजा करती थीं और कन्याओं को हलवा-पूड़ी खिलाकर उन्हें भेंट में कुछ चीजें और पैसे दिया करती थीं। मैं भी गिफ्ट के लिए जिद किया करता था और ऐसा करने पर मुझे बाहर ले जाकर कुछ न कुछ दिलाया करती थीं। मैं आज भी अपनी उस खूबसूरत जिद को नहीं भूल पाता। मेरा परिवार बहुत आध्यात्मिक है और अब मुझे 'कर्माधिकारी शनिदेव' शो में शनि के किरदार में देखकर बहुत खुश होते हैं।

विशाखटंगा में गुप्त सूचना के आधार पर अमर साहू के घर पर छापामारी,अवैध विदेशी शराब जप्त



दबंग हिन्द,मांडर। थाना अंतर्गत ग्राम विशाखटंगा में गुप्त सूचना के आधार पर अमर साहू के घर पर छापामारी की गई जिसके दौरान 40 बोतल अवैध विदेशी शराब जप्त किया गया तथा अभियुक्त अमर साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

विश्व हिन्दू परिषद व बंजरग दल द्वारा ब्राम्बे से सोभा यात्रा निकाला गया

दबंग हिन्द,चान्हो। विश्व हिन्दू परिषद व बंजरग दल द्वारा मांडर प्रखंड व चान्हो प्रखंड के तत्वावधान में ब्राम्बे से सोभा यात्रा निकाला गया जो मांडर, बिजुपाड़ा, चान्हो,सोंस होते हुए पतरातु तक जुलूस के रूप में गया। इस मौके पर मो० मोजीबुल्लाह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, कृष्ण मोहन, समाज सेवी अजीत कुमार सिंह, डॉ० युगल किशोर मिश्रा, बीजेपी नेता सफीक अंसारी, बीजेपी नेत्री सोनी, बबलू गोप , सुभम कुमार, प्रवीण कुमार राणा, अभिनाश कुमार, जमुना उरांव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

इस वर्ष भी ऐतिहासिक डोल मेला सह संस्कृतिक झारखंडी पारंपरिक छउ नृत्य का कार्यक्रम

दबंग हिन्द,नगड़ी । केंद्रीय रामनवमी पूजा समिति साहेर ने कहा कि जैसा कि आप सभी लोगों को मालूम है 16 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार आज अष्टमी का दिन है प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी ऐतिहासिक डोल मेला सह संस्कृतिक झारखंडी पारंपरिक छउ नृत्य का कार्यक्रम का आज आयोजन किया गया इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में आप सभी प्रखंड वासी सादर पूर्वक आमंत्रित हैं डोल मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 08 बजे आरंभ होगा।

फैमिली वोटिंग के संदेश वाली लघु फिल्म 'उड़ चली..' का हुआ लोकार्पण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने किया लोकसभा निर्वाचन-2024 से संबंधित विविध मतदाता जागरूकता सामग्रियों का लोकार्पण

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। इस बार राज्य में दिन भर मतदान की व्यवस्था की गई है। मतदान की अवधि पूर्वाह्न 7.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक है। जो भी मतदाता अपराह्न 5.00 बजे से पहले अपने मतदान केन्द्र पर पंक्तिबद्ध रहेंगे वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग जो आवश्यक सेवाओं से जुड़े हैं तथा मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहते हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से उनके मताधिकार के प्रयोग की व्यवस्था की गई है। वैसी सेवाओं को 'आवश्यक सेवा' के रूप में अधिसूचित किया गया है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन सदन सभागार से लोकसभा निर्वाचन के विविध जागरूकता सामग्रियों के लोकार्पण कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में सक्षम नहीं हैं वैसे मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के जरिये होम वोटिंग की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदाता छूटे नहीं इस ध्येय से निर्वाचन आयोग कार्य कर रहा है। झारखण्ड के हर वर्ग तक निर्वाचन की अहमियत पहुँचे, लोग जागरूक बनें और मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लें इसके लिए जागरूकता सामग्रियों का लोकार्पण किया जा रहा है।

इन सामग्रियों का हुआ लोकार्पण - लघु फिल्म उड़ चली इस अवसर पर क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त बनाई गई लघु फिल्म उड़ चली को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा रिलीज किया गया। जिसका निर्देशन झारखण्ड के सैकत चटर्जी द्वारा किया गया है। इस फिल्म के माध्यम से लोगों के बीच निर्वाचन और एक-एक वोट के महत्व को बताया गया है। साथ ही परिवार गढ़ने से पहले देश गढ़ने की बात कही गयी है। इस फिल्म में निर्वाचन को उत्सव की भांति मनाने एवं पूरे परिवार के साथ मतदान में भाग लेने जैसी बातों पर बल दिया गया है।

झारखण्ड की 8 स्थानीय भाषाओं में 'चुनाव का पर्व-देश का गर्व' स्लोगन के डिजाइन का हुआ लोकार्पण : भारत निर्वाचन आयोग का इस लोक सभा निर्वाचन का नारा है चुनाव का पर्व, देश का गर्व इस नारे को झारखण्ड की 8 भाषाओं, यथा, नागपुरी, कुडुख, हो, खड़िया, कुड़माली, खोरठा, मुंडारी एवं संताली में रूपांतरित कर पोस्टर बैनर के माध्यम से संबंधी भाषाई क्षेत्र के लोगों के बीच प्रसारित किया जाना है जिससे उन क्षेत्रीय भाषाओं वाले मतदाताओं तक भी भारत निर्वाचन आयोग का यह संदेश पहुँच सके।

'चुनाव कर परब, देस कर गरब' नागपुरी गीत : स्तानीय कलाकारों द्वारा निर्मित नागपुरी भाषा के वीडियो सॉन्ग चुनाव कर परब, देस कर गरब को भी रिलीज किया गया। यह गीत किसान, बुजुर्ग, युवा, दिव्यांग हर वर्ग के लोगों को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए इसमें उत्साहित होकर भाग लेने के लिए प्रेरित करता है।

निर्वाचन संबंधी कॉलर टयून एवं रिंगटोन : इस अवसर पर निर्वाचन हेतु जागरूकता के लिए उड़ चली लघु फिल्म के एक गीत को लिया गया है। जिसमे सभी वर्ग के मतदाताओं को अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर मतदान करने के संदेश को बताया गया है साथ ही इस बार दिन भर मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक के निर्वाचन के संदेश को जन-जन तक पहुंचाता है।

कॉफी टेबल बुक का अनावरण : जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आड्रे हॉउस में आयोजित कला महोत्सव में कलाकारों द्वारा बनाये गए कलाकृतियों का फोटोग्राप्श कॉफी टेबल बुक के रूप में बनाया गया है। जिसका विमोचन किया गया। झारखण्ड में इस बार सुबह 7 बजे से साम 5 बजे तक मतदात अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इस बात को जन जन तक पहुंचाने के धेय्य से मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा ₹इस बार दिन भर मतदान, सुबह सात से शाम पाँच बजे शाम नारे का भी लोकार्पण हुआ।

होम वोटिंग एवं मीडिया के लिए पोस्टल बैलेट से संबंधित वीडियो : आई -भाई के जरिये लोगों को चुनाव से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का विस्तृत जानकारी देने वाले वीडियो सीरीज में 85 वर्ष से अधिक के अथवा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जन जो मतदान केंद्र आने में असक्षम हैं उनके लिए घर से ही मतदान किस प्रकार करना है इसके बारे में बताया गया साथ ही मीडिया के प्रतिनिधि जो मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहेंगें वे किस प्रकार पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल करें इसकी भी जानकारी दी गयी। लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के प्रभारी पदाधिकारी देव दास दत्ता ने किया।

सीसीएल में सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। सीसीएल मुख्यालय रांची के कन्वेंशन सेंटर में मंगलवार 16 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन मुख्यालय सरना समिति द्वारा किया गया। अतिथिगणों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात सरना आदी प्रार्थना प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान एवं राँची विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, डॉ. किशोर सूरीन उपस्थित थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा ने प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व की बधाईयां देते हुए कहा कि प्रकृति और जंगल झारखण्ड की पहचान है।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरहुल हमें पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश देता है और इसके संदेशों को आत्मसात करना चाहिए।सीसीएल भी बेहतर पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत कार्य कर रहा है तथा इसी कड़ी में पर्यावरण अनुकूल खनन के साथ-साथ वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है और 9 इको पार्क को विकसित किया जायेगा। राँची विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, डॉ. किशोर सूरीन ने सरहुल पर्व की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरहुल प्राकतिक पर्व है और आज आदिवासी समाज ही नहीं राज्य के प्रत्येक निवासी हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाते हैं। इस विशेष अवसर पर मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सर्वश्री अध्यक्ष सचिन कुमार, सचिव सुभाष बेदिया, पंचम मुण्डा, दशरथ उरांव, सनोज एक्का, सोहित बेदिया आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

प्रतिभा का डंका बजाते हुए रामनवमी शोभायात्रा में शामिल होंगी महिलाएं

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। रामनवमी की शोभायात्रा में इस वर्ष भी नारी शक्ति दिखेगी. हाथों में ध्वजा लिये और अस्त्र-शस्त्र भांजते महिलाएं प्रतिभा दिखाायेंगी. ढोल-नगाड़ों और ताशा पार्टी की धुन पर शोभायात्रा में शामिल होंगी. सिर पर पगड़ी और मां भवानी की लाल चुनरी ओढ़े महिलाओं का जोश देखते ही बनेगा. राजधानी में वर्ष 2009 से ही महिलाएं रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हो रही हैं.

केंद्रीय महिला श्री महावीर मंडल : केंद्रीय महिला श्री महावीर मंडल की महिलाएं रामनवमी की शोभायात्रा में अस्त्र-शस्त्र और हाथों में महावीरी पताका लेकर शामिल होंगी. इसमें पूरे जिले की महिलाएं शरीक होंगी. शोभायात्रा महावीर चौक स्थित दुर्गा मंदिर ट्रस्ट से निकलेगी. करीब 200 महिलाएं प्रतिभा दिखायेंगी. मंडल की संरक्षक आभा सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2013 से केंद्रीय महिला श्री महावीर मंडल की शोभायात्रा निकाली जा रही है.

महावीर मंडल महिला समिति : महावीर मंडल महिला समिति की 300 महिलाएं अस्त्र-शस्त्र के संग शोभायात्रा में शामिल होंगी. शोभायात्रा पहाड़ी मंदिर से निकलकर रातू रोड, महावीर चौक होते हुए सर्जना चौक पहुंचेगी. पीले और भगवा रंगों के परिधान में महिलाएं शामिल होंगी. शोभायात्रा में हटिया, हरमू, पहाड़ी टोला की महिलाएं भी शामिल होंगी. समिति अध्यक्ष शोभा यादव ने बताया कि तीन वर्षों से शोभायात्रा में मंडल शामिल हो रहा है.

नारी सेना निकालेगी शोभायात्रा : नारी सेना की अलग-अलग टोलियां रामनवमी की शोभायात्रा में शामिल होती हैं. महिलाएं हैरतअंगेज करतब दिखाती हैं. 100 से ज्यादा महिलाएं तलवार और लाठी भांजते निकलती हैं. ढोल-नगाड़ा और ताशा की धुन लाठियां भांजती हैं. इनकी शोभायात्रा पहाड़ी मंदिर, रातू रोड, महावीर चौक, अलबर्ट एक्का चौक से गुजरकर तपोवन मंदिर पहुंचेगी. नारी सेना की अध्यक्ष पूनम सिंह ने बताया कि 2009 से नारी सेना शोभायात्रा का हिस्सा बन रही है.

संभावित 'हार' को देखते हुए मोदी टीम उतर आयी 'धर्म' पर : सुप्रियो भट्टाचार्य

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। झामुमो ने पीएम मोदी टीम और भाजपा पर तीखे प्रहार किया है. कहा कि टीम मोदी अब अपनी संभावित हार को देखते हुए धर्म पर उतर रही है. बेरोजगारी, महंगाई पर बहस करना तो दूर उसे अपने घोषणा पत्र में भी शामिल नहीं किया. अब कोई चारा नहीं देखकर फिर से मोदी टीम धर्म का सहारा लेने लगी है. सनातन, हिंदू-मुस्लिम की बातें होने लगी है. हद तो तब हो गयी कि बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दे को चुनावी एजेंडा में नहीं डाला, मगर 2037 में ओलपिंग गेम्स होस्ट करने की बात उसमें कही गयी. क्या ऐसा घोषणा पत्र या चुनावी एजेंडा आज तक किसी भी राजनीतिक दल का भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में किसी ने देखा है. क्या यह राजनीतिक एजेंडा या मामला है. दरअसल अब इनके पास कोई मुद्दा बचा नहीं है. इसलिए तो राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अपने नाराज नेताओं की बातें अनसूनी कर रहे थे, तब कार्यकर्ता जाने लगे. इसके बाद भजन लाल शर्मा को कहना पड़ा कि आपलोगों को महादेव की सौंगध, अगर आप हिंदू हैं तो बैठ जाएं. अगर धर्म की बात करना है तो ये लोग आदिवासी, सरना धर्म कोड की बात क्यों नहीं करते हैं. यह बातें सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन के दौरान कही.

आदिवासी-मूलवासियों ने अपना मन बना लिया है : सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, पिछले दिनों सिंहभूम में घटी घटना, पलामू में लोगों का सीटिंग एमपी के खिलाफ लगाए जा रहे पोस्टर-बैनर से साफ कर दिया है कि यहां के आदिवासी-मूलवासियों को वर्तमान सांसदों और केंद्र सरकार के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है. सिंहभूम, पलामू, चतरा, खूंटी, लोहरदगा के चुनाव में अब इसका असर दिखना शुरू हो गया है. इन सब को देखकर केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व अपनी संभावित हार को देखते हुए आपा खो रहे हैं. बिहार में हाफ और झारखंड से पूरा साफ होना एनडीए का तय है.

उलगुलान रैली ने देश के कई राष्ट्रीय नेता हिस्सा लेंगे : सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में झारखंड के साथ हुए अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए कई राष्ट्रीय नेता हिस्सा लेंगे. इस रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, शरद पवार, प्रियंका चतुर्वेदी, सीताराम येचुरी, दीपांकर भट्टाचार्य, डी राजा, फारूख अब्दुल्ला सहित कई राष्ट्रीय नेता शामिल होंगे. इस रैली से भी भाजपा के पेट में दर्द होने लगा है. झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य नजरूल इस्लाम के बयान पर सुप्रियो ने कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है. राजनीतिक भाषण एक मिनट का नहीं होता है, उसके आगे और पीछे भी होता है. मगर विवादित बातों को ही सामने रखकर उसे वायरल किया जाता है.

ट्रांसपोर्ट नगर का काम अंतिम चरण में, जून तक पूरा करने का लक्ष्य

रांची। नगर विकास सचिव चंद्रशेखर ने राजधानी के सुकरहुटू में निमार्णाधीन ट्रांसपोर्ट नगर का काम हर हाल में मई-जून तक पूरा करने का निर्देश जुडको के अधिकारियों को दिया है. सचिव ने हाल में इस परियोजना की समीक्षा की थी और अधिकारियों को स्पष्ट कहा था कि किसी भी हाल में इसके काम में कोताही न बरती जाये. यह राज्य का पहला ट्रांसपोर्ट नगर होगा. मिली जानकारी के अनुसार अब तक एकीकृत भवन और दो वेयर हाउस का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. तीन तलों में छोटे से लेकर बड़े वाहनों के खड़ा करने के तीन लेबल का प्लेटफार्म बनाने का काम तेजी से चल रहा है. सबसे खास बात यह है कि जो यहां पत्थर का गेवियन वाल बन रहा है, वह पूरी तरह से इको फ्रेंडली है. इसकी जोड़ाई में कहीं भी सीमेंट का इस्तेमाल नहीं किया गया है. कांके प्रखंड के सुकरहुटू में रिंग रोड के पास 112 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो रहा है. प्रथम फेज में बड़े छोटे कुल 424 वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा. निमाणार्धीन लेबल एक प्लेटफार्म पर 93 एक्स्ट्रा लार्ज (22 मीटर लम्बा), 11 लार्ज टेलर (18 मीटर) और 27 स्माल (16 मीटर) वाहनों के खड़ा करने का प्रावधान रहेगा. इसी तरह लेबल दो प्लेटफार्म पर 179 लार्ज और 50 स्माल वाहन खड़ा किये जायेंगे.

रामनवमी विशेष : तपोवन मंदिर में आज भी जीवित है परंपरा

कुआं के पास झंडा की पूजा अर्चना होने के बाद ही होता है शोभा यात्रा का समापन

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। राजधानी रांची का तपोवन मंदिर रामनवमी के मौके पर राममय हो जाता है. इस अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा बगैर तपोवन मंदिर में पहुंचे पूर्ण नहीं माना जाता है. ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण इस स्थल को लेकर कई तरह की मान्यताएं हैं जो 1929 से आज तक चली आ रही है. रांची में पहली बार रामनवमी की शोभा यात्रा इसी तपोवन मंदिर के सर्वप्रथम महंत रामशरण दासजी महाराज के द्वारा निकाली गई थी. जिन्होंने कुछ लोगों के साथ अपर बाजार स्थित महावीर मंदिर में झंडा का पूजा अर्चना कर तपोवन मंदिर तक यात्रा की थी. जहां पर पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर समापन किया गया. उस समय से चली आ रही यह परंपरा आज भी जारी है.

कुआं के नजदीक होती है झंडा की पूजा : तपोवन मंदिर स्थित प्राचीन कुआं आज भी रामनवमी शोभा यात्रा का गवाह है. इस कुआं के नजदीक सबसे पहले पुराने झंडे की पूजा अर्चना कर उसे उतारा जाता है और नया लगाया जाता है. तपोवन मंदिर प्रबंधन यह अहले सुबह विधि विधान के साथ संपन्न करता है उसके बाद अन्य श्रद्धालु और शोभा यात्रा में आनेवाले ध्वज की पूजा की जाती है. मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण का मानना है कि यहां आनेवाले झंडे की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है. मान्यता यह है कि इस दौरान जो भी मांगा जाता है भगवान श्रीराम और बजरंगबली की कृपा भक्तों पर बरसती है. कुआं अति प्राचीन है जिसमें सालों भर पानी रहता है और मंदिर का समस्त कार्य इसी के पानी से संपन्न होता है. कुआं का निर्माण कार्य करीब 250 साल पहले हुआ था. ओमप्रकाश शरण कहते हैं कि एक बार महात्माओं की टोली इस मंदिर में आए थे जो जल पीने की इच्छा जताई और मृतप्राय इस कुआं से निर्मल जल मिलने लगा. इस कुआं के समीप रामनवमी ध्वज की पूजा अर्चना की जाती है जिसके बाद शोभायात्रा का समापन होता है.

रांची में झामुमो की उलगुलान न्याय महारैली में शामिल होंगे तेजस्वी यादव

महारैली को सफल बनाने में जुटे राजद के नेता और कार्यकर्ता

दबंग हिन्द संवाददाता

रांची। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में होनेवाली झामुमो की न्याय उलगुलान महारैली में शामिल होंगे. राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के पुत्र और बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल को अपने रांची आगमन का कन्फर्मेशन दे दिया है. झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने यह जानकारी दी.

रांची में होने वाली उलगुलान महारैली से भाजपा में हताशा: डॉ मनोज कुमार डॉ मनोज कुमार ने कहा कि झामुमो और इंडिया गठबंधन दलों की न्याय उलगुलान महारैली के आयोजन से भाजपा हताश और परेशान नजर आ रही है. इसलिए अभी से ही भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा महारैली के संदर्भ में गलत बयानबाजी की जा रही है. डॉ मनोज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी से ही भाजपा को लोकसभा चुनाव में झारखंड, बिहार सहित देशभर में हार का डर सताने लगा है. भाजपा के नेता समझ चुके हैं कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं.

एनडीए की उल्टी गिनती शुरू : ऐसे में अब बाबूलाल मरांडी सहित राज्य के सभी बड़े भाजपा नेता यह समझ चुके हैं कि 21 अप्रैल 2024 को रांची में होनेवाली उलगुलान न्याय महारैली के साथ ही झारखंड से भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टी आजसू की उल्टी गिनती शुरू होने वाली है. इसी हार के डर से एनडीए के नेता अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं. डॉ मनोज कुमार ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली में संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए सभी विपक्षी दलों के नेता एक मंच पर होंगे और रांची के प्रभात तारा मैदान से मोदी की सत्ता से विदाई का शंखनाद करेंगे.

भाजपा का घोषणा पत्र लोक लुभावन : राजद - डॉ मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा का घोषणा पत्र जो संकल्प पत्र के रूप में जारी हुआ है वह केवल और केवल लोक लुभावन घोषणा पत्र है. इसके बल पर भाजपा फिर एक बार देश की जनता को छलने का प्रयास करेगी, लेकिन अब लोग भाजपा के झूठे वादों के झांसे में नहीं आनेवाले हैं. आज ,देश की जनता यह जानना चाह रही है कि पिछले 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव के समय जो वादे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किए थे उसका क्या हुआ. हर वर्ष दो करोड़ बेराजगारों को नौकरी के हिसाब से 10 वर्षों में कहां गई 20 करोड़ नौकरियां, काला धन वापस आया कि नहीं , अगर काला धन आ गया तो हम सबके बैंक एकाउंट में 15 लाख रुपए क्यों नहीं आए. स्मार्ट सिटी का क्या हुआ? चुनावी चंदे में कैसे गड़बड़ी की, ये ऐसे सवाल हैं जिसे देश और राज्य की जनता जानना चाहती है.

राज्यभर से राजद कार्यकर्ता भारी संख्या में प्रभात तारा मैदान पहुंचेंगे : कैलाश यादव राजद, झामुमो की उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने में जुटा है. राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में झामुमो की ओर से रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान न्याय महारैली को सफल बनाने में राजद जुटा है. पलामू में जहां प्रदेश राजद अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने महारैली की सफलता के लिए बैठक की है, वहीं राज्य भर के राजद नेताओं-कार्यकताओं से महारैली में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. राजद महासचिव कैलाश यादव ने बयान जारी कर बताया कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे ज्यादा जुमलेबाज और झूठे वादे करने वाले नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं. मोदी सरकार की अहंकारी नीतियों और सरकारी मशीनरियों का दुरुपयोग कर दिल्ली और झारखंड के जनप्रिय निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने से जनता आहत है.

एक नजर

टेंडर हार्ट स्कूल की छात्रा रही हर्षिता को यूपीएससी में मिला 410वां रैंक

रांची। टेंडर हार्ट विद्यालय की छात्रा हर्षिता चमारिया ने इस वर्ष के यूपीएससी में 410 वां रैंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया. हर्षिता का नामांकन टेंडर हार्ट विद्यालय में नर्सरी में हुआ था. उसने दसवीं की परीक्षा 2014-15 में 10 सीजीपीए से पास की थी. 12वीं 2016-17 में 94 प्रतिशत अंक लाकर परीक्षा पास की थी. विद्यालय के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि इस वर्ष की यूपीएससी परीक्षा में उसने 410 वां रैंक हासिल किया. इससे समस्त विद्यालय परिवार बहुत हर्षित है एवं हर्षिता को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाइयां दे रहा है. हर्षिता ने अपनी सफलता का श्रेय टेंडर हार्ट की संस्थापिका गार्गी मंजू एवं विद्यालय परिवार द्वारा प्राप्त उचित मार्गदर्शन एवं यहां उपलब्ध प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुकूल वातावरण को श्रेष्ठ बताया. टेंडर हार्ट स्कूल के चैयरमैन सुधीर तिवारी एवं प्राचार्या उषा किरण झा ने हर्षिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर ढेर सारी बधाइयां देते हुए बताया कि टेंडर हार्ट के विद्यार्थी आज सभी क्षेत्रों में विश्व स्तरीय प्रदर्शन कर रहे हैं एवं सभी विद्यार्थियों को पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए टेंडर हार्ट सदैव प्रयासरत है. टेंडर हार्ट के वाईस चैयरमैन वेदान्त तिवारी, निदेशक जे मोहन्ती समेत सम्पूर्ण विद्यालय परिवार ने हर्षिता के सफलता पर अपनी शुभकामनाएं दीं.

अल वतानिया स्कूल में हुआ ईद मिलन

रांची। अल वतानिया इंटरनेशनल स्कूल में ईद मिलन का आयोजन मंगलवार को किया गया. जिसमें वक्ताओं ने कौमी एकता के संदेश के साथ लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ ली. मुख्य अतिथि के रूप में शामिल डॉ फिरदौस जबीं ने कहा कि होली, दिवाली और ईद ऐसे त्योहार हैं, जिसमें हिंदू और मुसलमान एक दूसरे से मिलकर उनके पर्व-त्योहार की मुबारकबाद देते हैं. विशिष्ट अतिथि शुजाउद्दीन परवेज ने कहा कि हमारा देश हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल है. कार्यक्रम में आये अभिभावक, शिक्षकगण सभी को निदेशक जीशान हाशमी व प्रचार्या जैनब फारुकी ने लोकसभा चुनाव में अपने अपने मतदान का प्रयोग करने की शपत दिलाई. मौके पर स्कूल के निदेशक ने कहा कि हिन्दुस्तान विभिन्न धर्मों का देश है, यहां सभी लोग एक दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं. इसलिए हमारे देश को सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने वाला देश कहा जाता है. मौके पर मौजूद विद्यार्थी सम्मानित किये गये.

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनी रामनवमी उत्सव

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल में छात्रों के बीच भारतीय संस्कृति को विकसित करने के उद्देश्य से रामनवमी उत्सव का आयोजन हुआ. इस अवसर पर विशेष सभा का आयोजन कर छात्रों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किया. छात्रों ने खुद को पारंपरिक वस्त्रों में रामायण के पौराणिक पात्रों के रूप में तैयार किया और एक झांकी प्रस्तुत की. पात्रों का अभिनय करते समय छात्र खुशी और उत्साह से भर हुए थे. इस दौरान श्री राम के जीवन पर एक प्रश्नोत्तरी के साथ-साथ कथात्मक भाषण का भी आयोजन हुआ. प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर नैतिक मूल्यों को बनाए रखने, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का सम्मान करने के साथ अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खड़े होने के महत्व की याद दिलाता है.

श्री हनुमान मंडल का वार्षिकोत्सव 21 अप्रैल को

रांची। श्रीहनुमान मंडल का 46वां वार्षिकोत्सव अग्रसेन भवन में 21 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जायेगा. अध्यक्ष सज्जन पाडिया ने इस बात की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि वार्षिकोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है. बताया कि सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक भक्ति के विविध कार्यक्रम होंगे. बालाजी महाराज सहित पंच देव के श्रृंगार-पूजन से कार्यक्रम की शुरूआत होगी. इसके बाद अखंड ज्योत प्रज्जवलित किये जायेंगे. फिर सुंदरकांड पाठ, भजन आदि कार्यक्रमों का क्रमवार सिलसिला देर शाम तक चलेगा. सज्जन पाडिया ने बताया कि पाठ वाचक सुरेश बजाज संग बड़ी संख्या में श्रद्धालु सस्वर पाठ कर श्रद्धा के पुष्प अपने इष्ट के श्रीचरणों में चढ़ायेंगे. छप्पन भोग लगायेंगे. उन्होंने बताया कि भक्ति गीतों के लिए एक से बढ़कर एक भजन गायकों को आमंत्रित किया गया है. बरसाना की मनीषा ठाकुर, फरीदाबाद के अंश व वंश और धनबाद के पिंटू कुमार भक्ति रस की अविरल धारा बहायेंगे. सज्जन ने बताया कि महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर कमेटी गठित की गयी है, जिसमें प्रकाश धेलिया को संयोजक बनाया गया है. वहीं मंत्री श्रवण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिव भावसिंहका, प्रचार मंत्री निर्मल बुधिया को भी कई महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां सौंपी गयी हैं. निर्मल बुधिया ने बताया कि सुंदरकांड पाठ का कार्ड और सवामनी भोग लगाने के इच्छुक पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं.

नेशनल गेम्स घोटाला : पंकज यादव ने प्रोटेस्ट पीटीशन दाखिल की, कोर्ट ने सीबीआई से मांगा जवाब

रांची। 34वें नेशनल गेम्स घोटाला मामले में रांची सीबीआई की विशेष कोर्ट में आज मंगलवार को सुनवाई हुई. इस दौरान हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर करने वाले आरटीआई कार्यकर्ता पंकज यादव ने मामले की सीबीआई जांच के लिए प्रोटेस्ट पीटीश दाखिल की. साथ ही उन्होंने विधानसभा कमिटी की रिपोर्ट भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की है. आरटीआई कार्यकर्ता ने कोर्ट के समक्ष अपनी सुरक्षा का मामला भी उठाया है. पंकज यादव ने कोर्ट को बताया है कि उन पर पिछले दिनों एक केस किया गया है, ताकि जांच प्रभावित की जा सके. इसके बाद कोर्ट ने दोनों ही बिंदुओं पर सीबीआई से जवाब मांगा है. बता दें कि हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने नेशनल गेम्स घोटाला मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है.

गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग के खिलाफ एटीएस को मिली बड़ी सफलता, नीरज ठाकुर गिरफ्तार

रांची। झारखंड में सक्रिय गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव संगठन के खिलाफ एटीएस की टीम को बड़ी सफलता मिली है. दरअसल गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव के खास गुर्गे नीरज ठाकुर को एटीएस की टीम मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया. उसकी गिरफ्तारी रांची जिले से हुई है. उसका नाम पुलिस की लिस्ट में टॉप पर था. गौरतलब है कि वर्तमान समय में झारखंड में सक्रिय संगठित गैंग्स के खिलाफ एटीएस लगातार कार्रवाई कर रही है. इसी क्रम में आज लंबे समय से फरार चल रहे अमन श्रीवास्तव के खास गुर्गे नीरज ठाकुर को एटीएस ने धर दबोचा है. जानकारी के मुताबिक वह गिरोह में काफी अहम जिम्मेदारियां निभा रहा था. नीरज पर विभिन्न कांडों में कई मामले दर्ज हैं. मिली जानकारी के अनुसार एटीएस की टीम लंबे समय से उसकी तलाश कर रही थी. बताया जाता है कि एटीएस को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली कि अमन श्रीवास्तव का खास गुर्गा नीरज ठाकुर रांची में छिपकर रह रहा है. जिसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए विभाग ने जाल बिछाया और जहां वह फंस गया. फिलहाल उससे पूछताछ जारी है.

सौहार्दपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : डीसी

प्रशासन ने की गाइडलाइंस जारी

जुलूस के रूट की होगी बैरिकेडिंग ड्रोन से किया जाएगा देखरेख

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो। रामनवमी पर्व को लेकर जिले में विधि व्यवस्था संधारण हेतु जिला दंडाधिकारी डीसी विजया जाधव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक हुई जिसमें सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया अपार समर्थ मुमताज अंसारी अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता एसडीओ बेरमो अशोक कुमार उपाध्यक्ष बोकारो सदर अस्पताल अरविंद कुमार सहायक आयुक्त उत्पाद उमाशंकर सिंह डीपीआरओ साकेत कुमार पांडे उपस्थित है बैठक में जिला

दंडाधिकारी ने सभी लाइसेंस धारी एवं गैर लाइसेंस धारी अखाड़े की जानकारी एसडीओ साली तथा निकलने वाले जुलूस की रूट चार्ट एवं रास्ते में पढ़ने वाले धार्मिक स्थलों की भी जानकारी ली इस मौके पर दोनों अनुमंडल पदाधिकारी ने पूर्व में मनाया गए त्यौहार एवं पूर्व घटित घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी उपयुक्त ने समीक्षा के दौरान जुलूस की रूट की बेरी कटिंग करने का निर्देश दिया तथा रूटों की देखरेख के लिए ड्रोन सीसीटीवी कैमरा वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था पूरा करने का निर्देश दिया उन्होंने भीड़ भार वाले स्थान पर अग्नि सामान की व्यवस्था एवं समुचित लाइट की व्यवस्था करने को भी कहा इसके अलावा उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्र में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करें तथा जुलूस रूट पर जुलूस के प्रारंभ से समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रखें ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार की घटना ना घटे इसके अलावा उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप एवं सोशल मीडिया पर नियमित रूप से निगरानी करने का भी निर्देश दिया सिविल सर्जन डॉक्टर दिनेश कुमार को निर्देश दिया गया कि जुलूस जहां भी एकत्र होगी उसे स्थान पर मेडिकल की टीम और एंबुलेंस मौजूद रहना चाहिए इस बैठक में दोनों अनुमंडल पदाधिकारी से संवेदनशील स्थानों की पहचान करते हुए इसकी सूची तैयार करने को कहा तथा जुलूस के दौरान उपद्रव फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों को इंस्टॉल कराया गया सी विजिल एप

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन के स्वतंत्र निष्पक्ष पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की जिसमें कमेटी के सदस्य साहित्य विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित है बैठक में डीसी ने बताया कि 24 अप्रैल को प्रथम रेंडमाइजेशन किया जाएगा जिसकी सूचना पूर्व में दे दी जाएगी उन्होंने बताया कि जो भी पार्टी वाले प्रचार प्रसार हेतु पोस्टर बैनर में संख्या सहित मुद्रक प्रकाशक का नाम व पूरा पता अंकित होना चाहिए उन्होंने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा निर्देश की जानकारी दी इस दौरान गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों के डिस्पैच सेंटर एवं इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की रिसीविंग सेंटर चिन्हित भवन परिसर की जानकारी दी गई उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर के लिए सेक्टर 8 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को निर्धारित किया गया है वही रिसीविंग सेंटर के लिए आईटीआई मोर बाजार समिति चैस को निर्धारित किया गया है बैठक में सभी राजनीतिक प्रतिनिधियों को सी भिजिल एप इंस्टॉल करने की पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई और इंस्टॉल कराया गया बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार अपर समर्थ मुमताज अंसारी एस ओमप्रकाश गुप्ता उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर डीपीआर साकेत कुमार पांडे सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए जारी किया गया दिशा निर्देश

दबंग हिन्द,बोकारो। रामनवमी पर सोशल मीडिया के द्वारा किसी भी तरह का अपवाह ना फैलाई जा सके इसके लिए जिले में दिशा निर्देश जारी किया गया है सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किया गया है गाइडलाइंस में आम लोगों से यह कहा गया है कि वह कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित ना करें अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरे जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला इसलिए लोग सावधानी बढ़ाते त्यौहार को लेकर जिला प्रशासन ने दूरभाष नंबर जारी किया है जानकारी के अनुसार जिला नियंत्रण बोकारो का दूरभाष संख्या 06542 22347 5 एवं पुलिस नियंत्रण का 100 टोल फ्री नंबर तथा 224789 इसी प्रकार विधि व्यवस्था के संबंध में विशेष सूचना देने के लिए 242266 तथा 222701 पर दी जा सकती है इसी प्रकार अग्नि समन के चांस प्रभारी का नंबर जारी किया गया है जो 9304 953 428 है।

बुजुर्ग मनोरंजन केंद्र में बुजुर्गों के लिए आयोजित हुआ कैरम प्रतियोगिता

दबंग हिन्द,संवाददाता

चास। से वेलफेयर आगेनाईजेशन के तहत चलने वाले एनएससी सुकून बुजुर्ग मनोरंजन केंद्र में कैरम बोर्ड प्रतियोगिता का आयोजन संध्याकालीन सत्र में किया गया जहां पर बुजुर्ग लोगों ने जमकर उत्साह के साथ कैरम बोर्ड खेलने का और देखने का आनंद लिया उल्लेखनीय है कि या संस्था प्रतिदिन शाम को 2 घंटे बुजुर्गों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए छोटी-छोटी गतिविधि करवाती है आज प्रसिद्ध समाज सेविका ज्योतिर्मय डेरना के जन्म दिवस पर यह प्रतियोगिता आयोजित हुई इस अवसर पर क्वार्टर फाइनल मैच का आयोजन हुआ और सेमीफाइनल तथा फाइनल 15 अप्रैल के लिए निर्धारित हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय वॉलीबॉल टीम के मुख्य प्रशिक्षक जयदीप सरकार सहित रेड क्रॉस के राज्य प्रशिक्षण पदाधिकारी एसपी वर्मा प्रमुख समाज सेवी गोपाल मुरार का उपस्थित थे संस्था के निर्देशिका नूतन श्रीवास्तव ने बताया कि इस तरह के आयोजन से बुजुर्गों की जिंदगी में नए उत्साह भरने की कोशिश की जाती है और मैच देखने से ऐसा लग रहा था कि जैसे उनके बचपन का दिन वापस आ गया इस मौके पर प्रथम आर एन शर्मा द्वितीय एसपी सिंह और तृतीय आप शर्मा और विनय पाठक को शील्ड देकर सम्मानित किया गया मौके पर उनके सिंह श्याम जैन कैलाश जायसवाल एक के सिंह नरेंद्र शर्मा उपस्थित थे सभी भागीदार को प्रशस्ति पत्र दिया गया हरियाणा मौके पर संस्थान के सभी सदस्य संस्था के सदस्य और इससे जुड़े प्रतिभागी विद्यार्थी समाज के लोग उपस्थित थे।

चिन्मय के श्री वत्स चटर्जी व सौम्या साकेत ने जीते कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो सिटी। चिन्मय विद्यालय के मेधावी छात्र श्री वत्स चटर्जी सौम्या साकेत ओम दिव्यदर्शी निशांत राज आदित्य नारायण सिंह आयुष तिवारी एवं शिवांश कुमार ने विभिन्न विषयों के ओलिंपियाड में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए मेडल की झड़ी लगा दी शिव चटर्जी ने अंतर्राष्ट्रीय फाउंडेशन ऑफ कंप्यूटर ओलिंपियाड में रैंक वन इंटरनेशनल फाउंडेशन मैथ ओलंपियाड में जोनल रैंक वन इंटरनेशनल फाउंडेशन साइंस ओलंपियाड में सिल्वर मेडल इंटरनेशनल फाउंडेशन हिंदी ओलंपियाड में गोल्ड मेडल एवं इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ संस्कृत ओलंपियाड में गोल्ड मेडल लाकर अपनी अनोखी प्रतिभा का परिचय दिया वही सौम्या साकेत कक्षा नवमी के छात्र ने इंटरनेशनल फाउंडेशन साइंस ओलंपियाड में रैंक वन इंटरनेशनल फाउंडेशन रीजनिंग एंड एप्टीट्यूड ओलंपियाड में जोनल रैंक वन इंटरनेशनल फाउंडेशन स्पेल टैलेंट ओलंपियाड में गोल्ड मेडल इंटरनेशनल फाउंडेशन हिंदी ओलंपियाड में सिल्वर मेडल इंटरनेशनल फाउंडेशन हिंदी ओलंपियाड में सिल्वर मेडल तथा इंग्लिश ओलिंपियाड में ब्रॉन्ज एवं इंटरनेशनल फाउंडेशन मैथ ओलंपियाड में सिल्वर मेडल लाकर बहुमुखी प्रतिभा का परिचय देकर विद्यालय शहर राज्य का नाम रोशन किया वहीं ओम दिव्यांशी ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीता जबकि अन्य छात्रों ने भी कई पदक जीते प्राचार्य सूरज शर्मा को भी उनके विशिष्ट योगदान के लिए फाउंडेशन के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा सहित विद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारी ने छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई दी।

भाजपा ने आयोजित किया कार्यकर्ता मिलन समारोह व बैठक

दबंग हिन्द,पिंडराजोरा। कुरा मंडल भाजपा की ओर से कार्यकर्ता मिलन समारोह एवं बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष पंचानन महत्व की अध्यक्षता में हुई बैठक में लोकसभा प्रत्याशी बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी विधानसभा प्रभारी बेरमो योगेश्वर महतो बाटुल जिला अध्यक्ष जयदेव राय मुख्य रूप से उपस्थित है बैठक में लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को अपने विधानसभा क्षेत्र से डेढ़ लाख से अधिक वोट देने का संकल्प लिया मौके पर अंबिका खबर सागर सिंह चौधरी गौरव रजवार दिलीप चौबे अजीत सिंह चौधरी भानु प्रताप सिंह राजू तिवारी बाटुल प्रमाणिक शैलेंद्र महतो करमचंद राय ललित सिंह चौधरी परितोष राय राजकुमार तिवारी रामू चौधरी रामपद बावड़ी रामपाल रजवार अंबुज तिवारी सुचंद्र गोप प्रेम कुमार मुकेश कुमार ऋषिकेश महतो अश्वनी महतो अंबुज महतो कामदेव महतो पशुपति कुमार श्रीपाद महतो अनूप सिंह चौधरी महादेव शर्मा नित्यानंद सिंह चौधरी प्रमोद सिंह चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

राम कथा का श्रवण करने आते हैं हनुमान जी : आशुतोष महाराज

दबंग हिन्द,संवाददाता

पिंदराजोरा। चास प्रखंड अंतर्गत काशी झरिया आमताल में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तीसरे दिन वृंदावन मथुरा धाम के राष्ट्रीय प्रवक्ता बाल शुक आशुतोष जी महाराज द्वारा श्री राम कथा हनुमान चालीसा के विभिन्न प्रसंग पर संगीत में चर्चा कर श्रद्धालुओं को मंत्र मुक्त कर दिया उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम का कृपा पाना है तो पहले हनुमान चालीसा पढ़ना जरूरी है उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा पढ़ने का गवाही महादेव होते हैं इसलिए कहा गया है कि जो पढ़े या हनुमान चालीसा ही सिद्धि सखी गौरीश उन्होंने कहा कि जो हनुमान जी का भजन कीर्तन करते हैं उससे प्रभु श्री राम खुश होते हैं। उन्होंने कहा कि आपको किसी भौतिक सुख की कामना है तो भी जो सच्चे मन से हनुमान जी की स्तुति कर सकते हैं तो अवश्य ही उसे उनकी मनोकामना पूर्ण होती है और जहां राम कथा होती है वहां खुद हनुमान जी उसका श्रवण करने आते हैं इस मौके पर दर्जनों गांव के महिला पुरुष उपस्थित है मौके पर चंदनक्यारी विधायक नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो कमेटी के अध्यक्ष भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय कामदेव सिंह चौधरी सागर सिंह अर्जुन सिंह चौधरी अजीत सिंह चौधरी भानु प्रताप सिंह काशीनाथ चौधरी बटन सिंह चौधरी सुधीर सिंह चौधरी सहित सैकड़ो उपस्थित थे।

आदर्श बजरंग अखाड़ा ने निकाला भव्य कलश यात्रा

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो। बालीडीह आदर्श बजरंग अखाड़ा रेलवे फाटक द्वारा मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाला गया मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मंटू यादव ने मंदिर परिसर में महिलाओं को कलश देकर रेलवे फाटक से गर्ग नदी तट के लिए रवाना किया मौके पर आचार्य द्वारा वैदिक मंत्र कर के साथ पूजा अर्चना कर कलश में जल भरवा कर पुनः मंदिर परिसर कलश यात्रा पहुंच कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुनीत विश्वकर्मा कामेश्वर सिंह भागीरथ विश्वकर्मा,अमर सिंह विजय विश्वकर्मा ,राहुल सिंह, शुभम विश्वकर्मा, दीपक कुमार, सूरज विश्वकर्मा, मोहित कुमार, सुधीर विश्वकर्मा , संजय कुमार, राजेंद्र पंडित, अशोक यादव, भूषण यादव ,धर्मेंद्र कुमार ,संजय शाह सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

स्वामिनी संजुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में गूंजेगा हनुमान चालीसा

दबंग हिन्द,संवाददाता

बोकारो। आगामी 23 अप्रैल को शाम 6:00 से 8:00 के बीच चिन्मय मिशन सेक्टर 5 परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ होगा इसे लेकर बोकारो सहित देश भर में आयोजन की तैयारी चल रही है इस गाड़ी में आचार्य स्वामी संजुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी इस मौके पर पवन पुत्र हनुमान लला की पूजा अर्चना होगी तत्पश्चात स्वामिनी के मार्गदर्शन में सभी श्रद्धालुओं के द्वारा 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा तथा श्री राम भक्त हनुमान जी के 108 नाम का उच्चारण भी किया जाएगा कहा जाता है कि हनुमान जी की साधना आराधना का अर्थ है प्रभु श्री राम की आराधना हनुमान जी की आराधना से बल बुद्धि विद्या और विनम्रता बढ़ती है मिशन की ओर से इस अनुष्ठान में सभी से भाग लेने की अपील की गई है यह जानकारी चिन्मय मिशन के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय सचिव हरिहर रावत कोषाध्यक्ष नरेंद्र के साथ विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने दी।

रामनवमी को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में किया गया फ्लैग मार्च

दबंग हिन्द,बोकारो। रामनवमी पर्व को लेकर विधि व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक बोकारो के आदेश पर अनुमंडल पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक नगर एवं संबंधित थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण और फ्लैग मार्च निकाला गया इसी प्रकार एक अन्य समाचार के मुताबिक सेक्टर 12 स्थित पुलिस लाइन में रामनवमी के अवसर पर किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल किया गया जहां पानी से भीड़ को तीतर भीतर करने के अलावा विधि व्यवस्था संधारण को लेकर प्रशिक्षण दिया गया और सफलतापूर्वक मॉक ड्रिल किया गया जिसमें पुलिस विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

प्रकाश कुमार पर केस साजिश का हिस्सा : जयदेव

दबंग हिन्द,संवाददाता

बेरमो। फुसरो बेरमो विधान सभा क्षेत्र के भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन में प्राथमिकी दर्ज होने पर पार्टी नेताओं ने निंदा की है। भाजपा के जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि हमारी पार्टी के प्रकाश कुमार सिंह पर केस साजिश का हिस्सा है। साथ ही बेरमो की जनता भी यह देख रही है। आगामी बेरमो विधान सभा चुनाव में जनता इसका जवाब जरूर देगी। बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि सबसे पहले तो हमलोग वहा डॉक्टर बीआर अंबेडकर की जयंती मना रहे थे। उसी बीच चुनाव के संदर्भ में चर्चा हो गई। अब ऐसे में हमारी पार्टी के प्रकाश कुमार सिंह को साजिश के तहत फंसाया गया है। साथ ही राज्य सरकार व स्थानीय जनप्रतिनिधि के दबाव में ऐसा किया गया है। भाजपा के बेरमो विधान सभा प्रभारी लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा कि प्रकाश कुमार

सिंह पर केस होना समझ से परे है। भाजपा के वरीय नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह ने कहा कि हमलोग डॉक्टर बीआर अंबेडकर जयंती मनाने जुटे थे, उसी दौरान चुनाव पर चर्चा हो गई। पार्टी के प्रकाश कुमार सिंह व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ढोरी स्टाफ क्वार्टर के प्रधानाचार्य परमानंद सिंह पर केस ने आश्चर्यचकित कर दिया।

सरहूल पर्व पर आदिवासी समाज ने की नववर्ष की शुरूआत

दबंग हिन्द,संवाददाता

गोमिया। बेरमो मंडल के गोमियां प्रखंड स्थित स्वांग दक्षिणी पंचायत के न्यू माइनस से आदिवासी समाज के लोगों ने सोमवार की शाम बाजे गाजे के साथ धूमधाम से सैकड़ो की संख्या में महिला, पुरुष, युवक एवं युवतियां नाचते गाते हुए निकले. बताया जाता है कि सरहुल के पर्व से ही आदिवासियों का नववर्ष शुरू होता है. और यह पर्व चैत्र शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को मनाया जाता है। मुंडा, उरांव और संथाल जनजातियों में यह पर अलग-अलग नाम से मनाया जाता है. मुंडा इसे सरहुल, उरांव खददी एवं संथाल इसे बाहा पर्व कहते हैं. इस पर्व के बाद में किसान अपना कृषि का कार्य करते हैं। मौके पर देव मुंडा, विजय मुंडा, मदन मुंडा, मंगरु उरांव, अंकित लकड़ा, हर्ष उरांव, बंटी उरांव, किरण देवी, रितु, प्रिया , दुलेश्वर मुंडा, सेजल, शैली, प्रथम, आशीष सहित सैकड़ो की संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद थे।

जनरल नर्सिंग की प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

दबंग हिन्द,बोकारो। बोकारो जनरल अस्पताल में जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी के प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉक्टर बी बी करुणामय मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल अस्पताल के द्वारा परंपरागत तरीके से दीप प्रज्वलित कर किया गया जिसके बाद सुश्री नीलिमा कुमारी प्राचार्य स्कूल आफ नर्सिंग और नर्सिंग अधीक्षक लीजी वर्गिस द्वारा जी एन एम हां की प्रथम वर्ष की छात्राओं को शपथ दिलाया गया इस मौके पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई इस मौके पर डॉक्टर सरवन कुमार डॉक्टर इंद्रनील चौधरी डॉक्टर बरसात धर डॉक्टर सोफिया अहमद स्कूल आफ नर्सिंग के छात्रों के साथ अन्य वरिष्ठ डॉक्टर और कर्मचारी नर्स उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव को लेकर सघन जांच अभियान

दबंग हिन्द,जारंगडीह। चुनाव आयोग के सख्त निर्देश को लेकर बोकारो जिला के सभी सीमा क्षेत्र पर चेक नाका लगाकर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है ताकि चुनाव को अर्थ के माध्यम से प्रभावित करने से रोका जा सके ।इसी क्रम में सोमवार को बोकारो एसपी के निर्देश व बोकारो थर्मल थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह के आदेश पर बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के स आनि मनोज कुमार सिंह के द्वारा भीटी सेंटर जारंगडीह के समीप दो पहिया चार पहिया की डिक्की खोलकर जांच-पड़ताल किया गया इस मौके पर मनोज कुमार सिंह के अलावे थाना के जवान दलबल के साथ मौजूदथे।

रामनवमी को लेकर बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था इन रूटों पर नहीं मिलेगी वाहनों को एंट्री

दबंग हिन्द,चास। रामनवमी पर्व के दिन चास में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है मिली जानकारी के मुताबिक 17 अप्रैल को दोपहर 2:00 से रात्रि 10:00 बजे तक यातायात में बदलाव किया गया है जिसमें कई रूट पर वाहनों के परिचालन में पाबंदी लागू की गई है मालूम हो कि रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकाले जाने की परंपरा है जिसमें काफी संख्या में भीड़ होने की संभावना रहती है जानकारी के अनुसार पेटरवार की ओर से आने वाली भारी गाड़ियों को जारी डीह टोल के पास रोका जाएगा। इसी प्रकार पुरुलिया की ओर से आईटीआई मोर की ओर आने वाली गाड़ियों को पिंडरा जोड़ा चेक पोस्ट एवं आईटीआई मोड पर रोक दिया जाएगा चंदन क्यारी की ओर से जोधारी मोर की ओर आने वाली गाड़ियों को भवानीपुर साइड के पास रोका जाएगा जबकि धनबाद की ओर से जोधाडीह मोर की ओर आने वाली गाड़ियों को तेल माचो टोल पर रोक दिया जाएगा इसके अलावा इलेक्ट्रो स्टील की ओर से आने वाली गाड़ियों को ताल गाड़ियां मोड पर रोका जाएगा नया मोड़ से उकरीद मोर की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वहां का परिचालन सेक्टर 12 मोड़ से होते हुए पुलिस लाइन से होते हुए होगा माराफारी से नया मोड़ की ओर आने वाली गाड़ियों का परिचालन पूर्णता बंद रहेगा चैस की ओर से आने वाली तथा फुसरो की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वहां का परिचालन सेक्टर 12 मोड़ से बाएं पुलिस लाइन होते हुए हाईवे से जाएगा हवाई अड्डा की ओर आने वाली सभी प्रकार के गाड़ियों का परिचालन पत्थर कट्टा चौक से दाहिने गांधी चौक होते हुए होगा संबंधित थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में निर्धारित समय एवं स्थल पर गाड़ियों को रोकना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

29 अप्रैल को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का प्रकाशित होगा अधिसूचना

प्रशासन के बाद शुरू हो जाएगी नाम निर्देशन की प्रक्रिया

दबंग हिन्द,बोकारो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में नाम निर्देशन से पूर्व तैयारी की समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुरूप गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का आगामी 29 अप्रैल को अधिसूचना का प्रकाशन किया जाएगा इसके बाद नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी नाम निर्देशन की प्रक्रिया को सुगम संपादन के लिए नाम निर्देशन कोशांग की तैयारी का जायजा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में अभ्यर्थी और उनके साथ आने वाले प्रस्तावक को बैठने सहित सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन का कार्य सुगमता से संपन्न हो इसके लिए पूर्व से ही चेक लिस्ट तैयार कर लिया जाएगा नामांकन अवधि में अभ्यर्थी सहित पांच व्यक्ति को रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय कक्ष में अंदर जाने की अनुमति होगी समीक्षा के दौरान आप पर सामान्य मुमताज अंसारी डीटीओ वंदना सेजवलकर लेखा पदाधिकारी पंकज कुमार दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

रामनवमी को लेकर चैस तेनुघाट क्षेत्र में बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति। कार्यपालक अभियंता

दबंग हिन्द,बोकारो। रामनवमी जुलूस को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से चास क्षेत्र में दोपहर 1:00 बजे से रात्रि 11:00 तक एवं तेनुघाट क्षेत्र में दोपहर 2:00 बजे से रात्रि 11:00 तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी यह जानकारी कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल ने दी जानकारी के मुताबिक विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चैस अंतर्गत रामनवमी जुलूस काफी संख्या में निकाला जाता है इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से या कदम उठाया गया है आपातकाल की स्थिति में दूरभाष नंबर जारी किए गए हैं जिस पर संपर्क किया जा सकता है जानकारी के मुताबिक विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल चास का मोबाइल नंबर 9431135813 एवं विषम परिस्थिति या किसी सूचना के लिए व्हाट्सएप नंबर 8987944139 पर सूचना पर दी जा सकती है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने किया अखंड हरी नाम संकीर्तन का उद्घाटन

दबंग हिन्द,बोकारो। श्री श्री सार्वजनिक हरि नाम संकीर्तन दुडीबाद बाजार के मां दुर्गा मंदिर के समीप आयोजित अखंड हरी नाम संकीर्तन समारोह का उद्घाटन बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने सहयोगियों के साथ किया मौके पर कमेटी के लोगों ने स्वागत किया इस अवसर पर सत्येंद्र यादव कमरुल हसन शिबू यादव के अलावा पूजा कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार यादव उपाध्यक्ष संजय यादव रामलायक यादव तिलेश्वर यादव महामंत्री सुरेंद्र बाग नरेश यादव लालू महतो विधान यादव विष्णु साहू निखिल कुमार मिठ्ठू गुप्ता विजय शाह प्रमोद यादव दीपक कुमार दिलीप संजय शर्मा विनोद वर्मा सुरेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

एनआईपीएम सभागार में शक्ति केंद्र की हुई बैठक

दबंग हिन्द,बोकारो। सेक्टर 5 स्थित एन आई पी एम सभागार में भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में शक्ति केंद्र की बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी सहित पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा के कलेक्टर प्रमुख दीपक प्रकाश धनबाद भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो विधायक बीरांची नारायण बोकारो विधानसभा के प्रभारी चंद्रशेखर अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि कि इस बार लड़ाई दो विचारधारा की है एक का लक्ष्य राष्ट्र है दूसरे का परिवार फर्स्ट है भाजपा के नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लिए 140 करोड़ का परिवार है उनके लिए वह समर्पित हैं जो 18 घंटे काम करते हैं और एक दिन भी छुट्टी नहीं लेते हैं । पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा कलेक्टर प्रमुख दीपक प्रकाश ने नवरात्रि की बधाई देते हुए रामनवमी के अवसर पर शपथ दिलवाया कि बोकारो विधानसभा के कार्यकर्ता फिर से अव्वल आएंगे पार्टी को दुनिया का नंबर वन बनाने का श्रेय अगर किसी को जाता है तो वह कार्यकताओं को जाता है उन्होंने कहा कि भूत के सभी कार्यकर्ता परमाणु बम है बुद्ध की तो चुनाव जीतो मेरा बूथ सबसे मजबूत यह सोचकर पूरी ताकत लगाना है उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाना है यह मोदी जी की अपील है। प्रत्याशी ढोलू महतो ने कहा कि हिंदी गठबंधन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा उन्होंने कहा कि निजी कार्यों के लिए राजनीति करने वाले प्रधानमंत्री का विरोध करते हैं अपने संबोधन में मुख्य सचेतक वीरांची नारायण ने कहा कि पार्टी मां के समान है जो पार्टी के साथ गद्दारी करेगा वह अपनी मां के साथ गद्दारी करेगा उन्होंने कहा कि ढुल्लू महतो को विजई बनाना है अपने संबोधन में बोकारो विधानसभा प्रभारी चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि 29 अप्रैल तक सभी शक्ति केंद्र की बैठक की जाएगी तथा अबकी बार 400 पर के नारा को सार्थक बनाया जाएगा कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संजय त्यागी ने किया बैठक में जिला अध्यक्ष भरत यादव परिंदा सिंह वीरभद्र प्रताप सिंह कुमार अमित आरती राणा दिलीप श्रीवास्तव कमलेश राय लीला देवी मुकेश राय धीरज झा कृष्ण कुमार मुन्ना राकेश मधु सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आयोग के निर्देश पर समय से शुरू होगा मतदान : उपायुक्त

चुनाव ड्यूटी को लेकर माइक्रो ऑब्जर्वरों को दिया गया प्रशिक्षण

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर आज न्यू टाउन हॉल में लोकसभा चुनाव के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए माइक्रो ऑब्जर्वरों को चुनाव के दिन मॉक पोल से लेकर मतदान संपन्न होने के बाद पोलिंग पार्टी के निकलने तक के उनके दायित्वों का प्रशिक्षण दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर अपने मतदान केंद्रों में समय से मॉक पोल करेंगे। पहली बार प्रत्येक उम्मीदवार के लिए तीन-तीन मॉक पोल करेंगे। वहीं मतदान के दौरान यदि कंट्रोल यूनिट को रिप्लेस करने की स्थिति आती है, तब उसे रिप्लेस कर प्रत्येक उम्मीदवार के लिए एक-एक मॉक पोल करेंगे।

मॉक पोल हो जाने पर कंट्रोल यूनिट से मॉक पोल के डाटा को क्लियर कर व वीवीपैट से सभी स्लिप निकाल कर लिफाफे में सीलबंद कर ईवीएम को जीरो पर सेट करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर आयोग के निदेर्शानुसार समय पर मतदान शुरू करायें। बूथ पर प्रत्येक उम्मीदवार के एक-एक एजेंट को मौजूद रहने की अनुमति देंगे। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान की गोपनीयता बनी रहे। एब्सेंटी वोटर के मतदान की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि एब्सेंटी वोटर जब मतदान करने आते हैं, तो उनके अंगूठे का निशान अवश्य लेना है। साथ ही आयोग द्वारा प्रमाणित जो भी पहचान पत्र मतदाता प्रस्तुत करें, उसका नंबर नोट करना है। उपायुक्त ने कहा कि ईवीएम को क्लोज करते ही समय अंकित हो जाएगा। इसलिए सभी मतदान केंद्रों पर आयोग द्वारा निर्धारित समय अवधि से पहले मतदान की प्रक्रिया को बंद नहीं करना है। उन्होंने कहा कि हर मतदान केंद्र से वेब कास्टिंग की जाएगी। इसकी सतत निगरानी की जाएगी। इसलिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पोलिंग पदाधिकारी अपने दायित्व का सुचारू रूप से निर्वाहन करें। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण एवं राजकुमार वर्मा ने चुनाव के दिन माइक्रो ऑब्जर्वरों के विशेष 18 दायित्व पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर संतोष गुप्ता के अलावा माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित थे।

अस्तित्व एनजीओ ने तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार को किया सम्मानित

दबंग हिंद संवाददाता

तिसरा। अस्तित्व एनजीओ धनबाद द्वारा थाना प्रभारी सुमन कुमार को शॉल और बुके देकर सादे समारोह में सम्मानित किया गया। अस्तित्व एनजीओ जरूरतमंदो के हित के लिए आये दिन काग करते रहता है। अस्तित्व के सदस्यों ने बताया कि तिसरा क्षेत्र के हर चौक- चौराहे पर स्थित होटलों व दुकानो में खुलेआम देशी शराब व अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री बैखौफ की जा रही थी। इससे आम जनता परेशान रहती थी। ऐसे असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने में तिसरा थानेदार व उनकी टीम ने सफलता हासिल की है। क्षेत्र में कई हाई स्कूल हैं, जिसमें पढ़ने वालें छात्र बुरी संघत में फंसते जा रहें थे। वैसे छात्रों व आम जनता को अब काफी राहत मिल रही है। थाना प्रभारी ने अपनी ड्यूटी बखूबी निभाई है। पूरे तिसरा क्षेत्र में अवैध शराब बंद होने क्षेत्र में शान्ति का माहोल दिख रहा है। अब पूरा विश्वास है कि आगे भी थाना प्रभारी सुमन कुमार ऐसे ही कर्तव्य निभाते रहेंगे। थाना प्रभारी सुमन कुमार ने एमओसीपी किड्स गार्डेन पब्लिक स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा के कई नियम और 18 साल के बाद मतदान क्यों जरूरी है, के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। थाना प्रभारी व एनजीओ की ओर से गरीब बच्चों को पठन-पाठन सामाग्री उपलब्ध कराई गई। मौके पर एनजीओ अस्तित्व के अध्यक्ष टिंकु कुमार निषा, सचिव दीपक कुमार चौहान , कोषाध्यक्ष श्याम कुमार बाउरी, सदस्य विजय कुमार रजवार, उमेश पाण्डेय, राजकुमार, ज्योति कुमारी, महेन्द्र बाउरी, अमोद ठाकुर, उमेश मोदक, सुनील मल्लाह, अविनाश मल्लाह, जयदेव कालिंदी, बिश्वनाथ बाउरी, पंकज रजवार आदि मौजूद थे।

एक नजर

छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेर्शानुसार आसन्न लोकसभा चुनाव के निमित्त आज बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा की उपस्थिति में बालिका प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बलियापुर की ईएलसी सदस्य छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयि। रैली कुम्हार टोला होते हुए मस्जिद टोला के रास्ते लगभग 3 किमी की दूरी तय कर विद्यालय पहुंची। रैली के माध्यम से बलियापुर पश्चिम पंचायत के मतदान केंद्र संख्या 315, 316, 317 क्षेत्र के मतदाताओं को आगामी 25 मई को मतदान सुनिश्चित करने की अपील की गई। छात्राओं द्वारा स्लोगन एवं स्वीप प्रचार सामग्रियों से मतदान करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक, शिक्षकों के अलावा क्षेत्र के बीएलओ व स्वीप नोडल पदाधिकारी ने भाग लिया। साथ ही स्वीप के अन्य कार्यक्रम के तहत बुनियादी विद्यालय बीआईटी सिंदरी में भी छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 393, 394, 396 डोमगढ़ में बीएलओ द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गयी।

शतरंज प्रतियोगिता के उपविजेता बने राजकमल के ऋतुराज तिवारी

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। 35वीं धनबाद जिला शतरंज प्रतियोगिता-2024 जिला शतरंज संघ द्वारा 12 से 14 अप्रैल तक न्यू मार्केट बैंक मोड़ धनबाद में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनबाद की नौवीं कक्षा के ऋतुराज तिवारी 15 वर्ष से कम आयु वर्ग की प्रतियोगिता में उपविजेता बने। प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा ने कहा कि शतरंज प्रतियोगिता में उपविजेता बनकर ऋतुराज ने अपने परिवार के साथ विद्यालय का मान बढ़ाया है। उप प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि ऋतुराज से अन्य छात्रों को प्रेरणा लेनी चाहिए। ऋतुराज की सफलता पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया, अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सह सचिव दीपक रूईया, कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, शारीरिक शिक्षक आलोक चौधरी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

जयप्रकाश सोनी के निधन पर पुटकी चेम्बर ने जताया शोक

दबंग हिंद संवाददाता

पुटकी। पुटकी बाजार चैम्बर ऑफ कॉमर्स की की बैठक सह शोक सभा आज पुटकी बाजार चैम्बर कार्यालय में अध्यक्ष हीरा शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान चैम्बर के सदस्य जयप्रकाश सोनी के आकस्मिक निधन प शोक संवेदना प्रकट की गयी। अध्यक्ष हीरा शर्मा ने बताया कि स्व. जयप्रकाश सोनी के आकस्मिक निधन से पुटकी बाजार के सभी व्यवसायी शोक संवेदना प्रकट करते हैं। उनके परिवार के साथ पुटकी बाजार चैम्बर हमेशा खड़ा रहेगा। मौके पर चैम्बर सचिव मुर्तजा अंसारी, सह सचिव टीपू उर्फ.इम्तियाज, केदार बर्णवाल, सुभाष प्रसाद बर्णवाल, निरंजन शर्मा, राजू अंसारी, संजय रजक, रवींद्र कुमार सिन्हा,, राकेश सिंह, नरेश कुमार, राम प्रताप शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

रामनवमी को लेकर निरसा अनुमंडल पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

दबंग हिंद संवाददाता

निरसा। रामनवमी पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर निरसा अनुमंडल पुलिस ने आज संध्या में क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इसका नेतृत्व निरसा एसडीपीओ रजत माणिक बाखला कर रहे थे। फ्लैग मार्च में काफी संख्या में पुलिसकर्मी व अर्धसैनिक बल के जवान शामिल थे। फ्लैग मार्च चिरकुंडा थाना से कुमारधुबी, मैथन, निरसा, गल्फरबाड़ी, पंचेत के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः थाना परिसर आकर समाप्त हुआ। श्री बाखला ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामनवमी पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायें। पुलिस किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए तत्पर है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि देखने पर पुलिस को तुरंत सूचित करें। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों ने उत्साह के साथ पुलिस का स्वागत किया तथा रामनवमी के अवसर पर शांति बनाये रखने का आश्वासन दिया। इसके अलावा पुलिस ने कुछ सुरक्षा उपाय भी किए हैं। सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती बढ़ायी गई है। खुफिया तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है। धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। लोगों से अपील की गई कि वे अफवाह पर ध्यान न दें और यदि उन्हें कोई संदिग्ध जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि अराजकता फैलाने की कोशिश न करें। चुनाव आचार सहिता लागू हैं। अतः आरजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जयेगा।

अनुपमा सिंह को धनबाद से कांग्रेस प्रत्याशी बनने पर क्षेत्र में हर्ष : ब्रजेंद्र

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। धनबाद लोकसभा क्षेत्र से अंततः कांग्रेस पार्टी ने अनुपमा सिंह को कांग्रेस प्रत्याशी बनाने का निर्णय लिया है। यह सुनकर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कांग्रेसियों ने आशा व्यक्त की है कि अनुपमा सिंह धनबाद से भारी मतों से विजयी होगी। साथ ही उन्होंने अनुपमा सिंह को बधाई भी दी है। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, एके झा, राशिद राजा अंसारी, जोगिंदर सिंह जोगी, मदन महतो, राजेश्वर यादव, वैभव सिंह, अनवर, समीर, प्रभाकर नोनिया, रूपेश सिंह, मनोज यादव, डीएन यादव, मनोज हाड़ी सहित अन्य शामिल हैं।

अग्निशमन सेवा की दी गई जानकारी

दबंग हिंद संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सको के साथ कर्मियों व इलाज के लिए पहुंचे ग्रामीणों को अग्निशमन सेवा की जानकारी दी गई। जागरूकता शिविर में आग से होने वाले नुकसान व बचाव की जानकारी प्रयोग कर दी गई। अग्निशमन के प्रधान अग्नि चालक अमितनंदा भारती, राहुल कुमार, अग्नि चालक संजीव पांडेय ने क्रमवार आग लगने पर बचाव के कई उपाय बताएं।

मानवाधिकार टीम ने की दहेज प्रताड़ना मामले की जांच

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। अमरीन साज, की शादी बोकारो जिला के चीराचास थाना अन्तर्गत रहने वाले शहदाब मनौव्वर से 20 मार्च।2021 को हुई थी। शादी के समय लड़की के पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दाया था। शादी के बाद 10 दिन तक सब कुछ ठीक रहा, परन्तु उसके बाद लड़का, सास, ससुर एवं ननद द्वारा एक लाख रुपया और एक एसी कार के साथ अन्य सामान की मांग करने लगे। इनकार करने पर ससुराल वाले उसे शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना देने लगें। अमरीन साज के दो बच्चें भी हैं। वह दो महीना से अपने मायके में रह रही है। लड़का शहदाब पत्नी को विदाई करा अपने पास नहीं ले जा रहा है और ना ही तो पत्नी एवं बच्चों का खर्च उठा रहा है। इस मामले में दोनों पक्षों के बीच पंचायती भी हुई, परन्तु लड़का वाले लड़की एवं बच्चों को अपने पास रखने के लिए तैयार नहीं हैं। लड़की वालों

ने थक-हार कर मानवाधिकार कार्यालय में आवेदन देकर न्याय दिलाने का अनुरोध किया। इसके आलोक में मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष सज्जन शर्मा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय टीम गठित की गई, जिसमें संगठन के वरिष्ठ राज्य उप प्रभारी राजीव कुमार, शैलन्द्र कुमार, राज्य प्रेरक तनवीर आलम, डिस्ट्रिक्ट मोटीवेटर राजीव कुमार सिंह द्वारा चीराचास थाना को मामले की सूचना देते हुए थाना से पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था लेकर लड़का के घर गौस नगर अलशफा अपार्टमेंट पहुंचा। टीम द्वारा लड़का एवं उसके माता-पिता को उपरोक्त मामले में फटकार लगाई गई एवं कहा गया कि यदि लड़की को नहीं रखिएगा एवं उसे प्रताडित कीजिएगा, तो सभी को जेल भेजवा दिया जाएगा। दरोगा ने भी लड़का वालों को काफी डांट-डपट की। इस पर लड़का वालों ने टीम को आश्वासन दिया कि लड़की को बहुत जल्द विदा करा कर लें आएंगे और अब ठीक से रखेंगे। मालूम हो कि संगठन द्वारा पीडितों को लगातार न्याय दिलाया जा रही हैं, जिससे लोग काफी लाभान्वित हो यहे हैं।

भूलन बरारी में चोरी के लोहा लदा टेम्पो, ठेला और साइकिल जब्त

दबंग हिंद संवाददाता

जोड़ापोखर। बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र के भूलन बरारी कोलियरी क्षेत्र में बढ़ती लोहा चोरी पर अंकुश लगाने को लेकर सीआईएसएफ की टीम पिछले एक सप्ताह से लगातार अभियान चला रही है। छापामारी के क्रम में मिली गुप्त सूचना के आधार पर आज सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम ने एएसआई आरपी सिंह के नेतृत्व में भूलन बरारी के बंद रोपवे स्टोर के समीप छापामारी कर स्टोर से चोरी कर ले जा रहे लगभग चार टन लौह सामग्री से लदे एक मालवाहक टेम्पो, एक ठेला एवं एक साइकिल को जब्त कर जोड़ापोखर पुलिस को सुपुर्द कर दिया है। छापामारी को पहुंचे सीआईएसएफ जवानों को देख सभी चोर भागने में सफल रहे। मालूम हो कि भूलन बरारी में रोपवे का बड़ा स्टोर और वर्कशॉप हि, जिसमें लाखों की लौह सामग्री, मोटर पार्ट्स सहित आधा दर्जन उच्च क्षमता की मशीनें व लेद मशीन सहित एक दर्जन ड्रम में हाइड्रोलिक तेल था, जिसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी सीआईएसएफ के कंधे पर थी। छह माह पहले प्रबंधन के निर्देश पर अचानक स्टोर व वर्कशॉप से सीआईएसएफ की ड्यूटी हटा दी गयी। सीआईएसएफ की सुरक्षा हटते ही क्षेत्र के लोहा चोरों की पौ-बारह हो गयी। कई गुटों में चोर सक्रिय होकर बानियांहीर , फुलारीबाग एवं चासनाला के अवैध लोहा गोदामों में चोरी का लोहा खपाने लगे। सामानों की चोरी को लेकर कई बार चोरों के गुटों में मारपीट व फायरिंग भी हुई है। पुलिस सिर्फ लकीर पर ही डंडा पीटती रही है। क्षेत्र में नये जीएम और थाना प्रभारी के आने के बाद भूलन बरारी में लोहा चोरी की घटनाओं को रोकने का लिए सीआईएसएफ एवं पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। पिछले सप्ताह ही पम्पू तालाब के समीप रात्रि में छापामारी कर लगभग पांच टन लोहा जब्त किया गया था।

22 से तिलतोड़िया में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। एग्यरकुण्ड प्रखण्ड अंतर्गत गोपालपुर पंचायत के तिलतोड़िया गांव में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जायेगा। विश्व प्रसिद्ध कथा वाचक देवकीनन्दन ठाकुर का आगमन होने जा रहा है। उक्त जानकारी आयोजनकर्ता गौरांगो गोराईं ने मंग तिलतोड़िया गांव में प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रतिदिन संध्या 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक कथा का आयोजन होगा। हजारों भक्त देवकीनन्दन ठाकुर से कथा का श्रवण करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य यजमान कृष्णा चन्द्र गोराईं होंगे। भक्तों के कथा श्रवण के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। वाटर प्रूफ भव्य पंडाल का निर्माण कराया गया है। वाहनों के लिए निःशुल्क पड़ाव की व्यवस्था की गई है। पंडाल में बड़े-बड़े एलईडी स्क्रीन लगाये जायेंगे। सीसीटीवी कैमरा से हर गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। भव्य मंच का भी निर्माण कराया जा रहा है।

बीडीओ ने की अबुआ आवास और मनरेगा योजनाओं की समीक्षा

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। बलियापुर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह द्वारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा के तहत योजनाओं की समीक्षा बैठक की गयी। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम आम बागवानी सहित अन्य योजनाओं के कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। आधार आधारित भुगतान और रिजेक्ट ट्रांजैक्शन को अविलंब सुधार करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना अंतर्गत सभी लाभुको के आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। समीक्षा के दौरान कुछ पंचायत सचिवों ने बताया कि कुछ लाभुक ऐसे हैं, जिनको बार-बार कहने पर भी वे कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं। ऐसे लाभुकों की सूची मांगी गयी, ताकि उन्हें नोटिस निर्गत किया जा सके। इसके अतिरिक्त 15वीं वित्त आयोग योजना अंतर्गत अपूर्ण योजनाओं को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा विशाल कुमार, पूजा वर्मा प्रखंड आवास समन्वयक और 15वीं वित्त आयोग, सभी पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

मजदूर मंडियों को व्यवस्थित करे प्रशासन : हरे राम पंडित

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। देश एवं दुनिया में बहुत विकास हुआ है, लेकिन मजदूर जहां पहले थे, आज भी वहीं और उसी स्थिति में हैं। जो अपनी श्रमशक्ति बेच कर रोजगार कमाता है, वह मजदूर कहलाता है। समाज का वह वर्ग पढ़ा-लिखा नहीं है, लेकिन उसके पास मकान निर्माण कार्य का ज्ञान है। बिल्डिंग निर्माण से जुड़ा काम जैसे मकान ढ़लाई के लिए सटरिंग का काम, या लकड़ी का काम जानता है, ऐसे मजदूर कुशल व अर्द्ध कुशल की श्रेणी में आते हैं। ज्यादातर मजदूर अकुशल की श्रेणी में आते हैं जो मिट्टी काट सकते हैं, मिट्टी-इंट ढो सकते हैं, गारा बना सकते हैं, खेती का व सफाई का काम कर सकते हैं, की संख्या बहुतायात में है। कुछ मजदूर रोजी-रोटी कमाने के लिए बड़े शहरों का रुख कर लेते हैं और कुछ मजदूर अपने घर में रह कर नजदीक के शहर में चौक-



चौराहों पर लगने वाली मजदूर मंडी में मजदूरी की आशा में सुबह में जमा होते हैं। ये मजदूर अपने साथ काम करने के लिए कुछ औजार भी रखते हैं। किसी के पास माटी काटने का फावड़ा, कुदाली व टोकरी होती है, तो किसी के पास राजमिस्त्री का काम करने के लिए करनी, बसुला या फिर लकड़ी का काम करने वाले के पास आरी, बसुला, रंदा आदि रहते हैं। ये मजदूर इस आशा में काम देने वाले मालिक व ठेकेदार का इंतजार करते हैं कि वे आकर इन्हें अपने घर काम करने के लिए साथ में ले जाएंगे। जिस वक्त मजदूर को काम के लिए ले जाया जाता है, वह क्षण मजदूरों के लिए सुकून भरा होता है। मंडी में कुछ मजदूरों को काम मिल जाता है और कुछ को बिना काम किए घर वापस लौटना पड़ता है, जो सच में दुःखदाई लाला दिन होता है। मजदूर मंडी चौक-चौराहों पर ही लगती है। जब तक आस-पास की दुकानें बंद रहती हैं, तब तक तो ठीक है, लेकिन दुकानों के खुलते ही उन्हें जगह छोड़ देना पड़ता है। कभी-कभी तो मजदूरों को दुकानदारों से जलील भी होना पड़ता है। प्रशासन को चाहिए कि मजदूर मंडी के लिए आश्रय स्थल का निर्माण करे, जहां पानी और शौचालय की व्यवस्था हो। चूंकि मजदूरों में सिर्फ पुरुष ही नहीं होते हैं, बल्कि महिलाएं भी रहती हैं। अतः सार्वजनिक शौचालय पुरुषों व महिलाओं दोनों के लिए हो। शेड रहेगा, तो मजदूरों को बरसात, गर्मी व ठंड में थोड़ी राहत मिलेगी, ऐसा कहना है वरिष्ठ नागरिक व समाजसेवी हरेराम पंडित का।।श्री पंडित का कहना है कि मजदूर मंडी के आश्रय स्थल पर कुशल, अर्द्ध कुशल एवं अकुशल मजदूरों की दैनिक मजदूरी भी लिखी रहे। मजदूरों के पास आइडेंटिटी कार्ड भी अवश्य होनी चाहिए, जो प्रखंड स्तर के अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो। आइडेंटिटी कार्ड से फायदा यह होगा कि काम पर ले जाने वाले मालिक के मन में किसी तरह का संशय नहीं रहेगा कि जिस मजदूर को काम पर ले जा रहे हैं वह कोई चोर-उचक्का तो नहीं है। धनबाद शहर में भी अनेक मजदूर मंडी हैं, जैसे सरायढेला के स्टील गेट, पुराना बाजार पानी टंकी, बिनोद बिहारी चौक सहित अन्य चौक-चौराहों पर हैं। प्रशासन व नगर निगम मजदूर मंडी के व्यापक दर्द को समझे एवं मानवीय रुख अपनाते हुए मंडी को व्यवस्थित करे।

रामनवमी को लेकर जिले के यातायात नियम में बदलाव

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। रामनवमी के अवसर पर कल सड़कों पर शोभा यात्रा और अखाड़े नकलेंगे। इसको देखते हुए कल जिले के विभिन्न हिस्सों में ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी अरबिंद कुमार सिंह के अनुसार ऑटो और यात्री बसों के परिचालन के लिए समय-सीमा तय की गई है। 7 रास्तों पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। 9 स्थान पर ड्रॉपगेट के जरिए वाहनों को नियंत्रित किया जाएगा। कल दोपहर 1 बजे के बाद शहर में यात्री बसें नहीं चलेंगी। ऑटो व टोटो का परिचालन विभिन्न रूटों पर शाम 4 बजे से जुलूस की समाप्ति तक बंद रहेगा। बसों व भारी वाहनों का मार्ग बदला गया है। 9 लाइसेंसी अखाड़ा दलों ने बैंक मोड़ से होकर जुलूस निकालने की घोषणा की है। पुराना बाजार पानी टंकी के पास धनसार थाना क्षेत्र के 14 में से 11 अखाड़ों का शाम 6 से 8 बजे के बीच जुटान होगा। शहरी क्षेत्र में दोपहर 1 बजे से जुलुस समाप्ति तक यात्री बसों के प्रवेश पर पूर्ण रूप हे पाबंदी रहेगी। इस दौरान यात्री बसों के परिचालन हेतु विभिन्न मार्ग निर्धारित किए गये हैं। धनबाद-

बोकारो-रांची तथा रांची-बोकारो-धनबाद मार्ग से परिचालित होने वाले यात्री वाहन हेतु मार्ग का निर्धारण किया गया है। इसके तहत बस करकेंन्द मोड़, तेतुलमारी थाना, राजू यादव स्मारक लोयाबाद, शहीद शक्तिनाथ चौक सिजुआ, नया मोड़, बिनोद बिहारी चौक, पाण्डेयडीह, बिरसा मुंडा पार्क, मेमको मोड़ होते हुए बरटांड बस स्टैंड पहुंचेगी। इसी प्रकार जमशेदपुर-पुरुलिया-धनबाद व धनबाद-पुरुलिया-जमशेदपुर मार्ग से परिचालित होने वाले यात्री वाहन नगीना बाजार, मोहलबनी चेकपोस्ट, सुदामडीह थाना, जामाडोबा मोड़, पुटकी मोड, करकेन्द मोड़ के बाद धनबाद-बोकारो-रांची व राँची-बोकारो-धनबाद मार्ग से चलेगी। सिन्दरी-झरिया होते हुए धनबाद आने वाला सभी यात्री वाहन इन्दिरा चौक, झरिया सा रांची-बोकारो-धनबाद मार्ग पकड़ेंगे और कतरास मोड़, केन्दुआ- करकेंन्द मोड़ से निकलेंगे। जोड़ापोखर थाना, सिन्दरी से पुटकी की ओर जाने वाले भारी वाहनों की गौशाला ओपी के पास शाहनों के लिए प्रवेश निषेध रहेगा।

बोकारो से धनबाद की ओर आने वाले भारी वाहनों का प्रवेश डीनोबिली स्कूल गेट से निषेध रहेगा। पुटकी से सिन्दरी की ओर जाने वाले भारी वाहनों के लिए आबो देवी पेट्रोल पम्प के बाद नो इंट्री रहेगी। धनसार से कतरास मोड (झरिया) तक तथा केन्दुआडीह से कतरास मोड़ तक भारी वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। झरिया व केन्दुआडीह की ओर आने-जाने वाले वाहन मटकुरिया चेक पोस्ट, नई दिल्ली मोड़ होते हुए जाएंगे। मेमको मोड़ की ओर आने वाले सभी प्रकार के सवारी वाहन ऑटो, ई-रिक्शा गोल बिल्डिंग, मेमको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेशन, श्रमिक चौक होते हुए पुनः इसी रास्ते से वापस गंतव्य स्थान की ओर जायेंगे। गोल ब्लिडिंग की और आने वाले सभी प्रकार के सवारी वाहन इसी रास्ते से वापस गंतव्य स्थान की ओर जायेंगे। केन्दुआडीह की ओर आने वाले वाहन मटकुरिया चेकपोस्ट तक आयेंगे एवं पुनः इसी रास्ते से वापस गंतव्य की ओर जायेंगे। झरिया की ओर से आने वाले वाहन धनसार चौक तक आयेंगे तथा पुनः इसी रास्ते से वापस गंतव्य की ओर जायेंगे। धनसार चौक से बैंकमोड, शक्ति मंदिर की तरफ जाना वर्जित रहेगा। भूदा, बलियापुर, हीरापुर झारखण्ड मैदान की तरफ से पुराना बाजार, मनईटांड़ की ओर आने वाले वाहन बरमसिया पुल से वापस पुनः इसी रास्ते से गंतव्य की ओर जायेंगे। बरमसिया पुल से मनईटांड़, पुराना बाजार एवं हीरापुर की तरफ नो इंट्री रहेगी। भूली, बिनोद बिहारी चौक की तरफ से आने वाले वाहन बिरसा मुंडा पार्क, मेमको मोड़, सिटी सेन्टर, रेलवे स्टेषन, श्रमिक चौक होते हुए पुनः इसी रास्ते से गंतव्य की ओर जायेंगे। धनबाद नगर से भूली की ओर जाने वाले वाहन ओवरब्रिज पर सुभाष चौक से होते हुए ओवरब्रिज के नीचे से वासेपुर होते हुए भूली जायेंगे। श्रमिक चौक से गया पुल व बैंकमोड़ की तरफ नो इंट्री रहेगी। जे०सी० मल्लिक, पटेल चौक, पानी टंकी, हटिया मोड़, प्रेम नगर गली, रणधीर वर्मा, अनुमंडल कार्यालय रोड, भोला स्वीट्स, रेलवे स्टेषन मजार की ओर से हीरापुर की तरफ प्रवेश वर्जित रहेगा।

धनबाद संसदीय सीट से अनुपमा सिंह होंगी कांग्रेस प्रत्याशी

दबंग हिंद संवाददाता

धनबाद। कांग्रेस ने झारखंड के तीन लोकसभा सीट से प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। धनबाद से कद्दावर कांग्रेस व इंटक नेता रहे राजेन्द्र सिंह की पुत्रवधु अनुपमा सिंह को टिकट दिया गया है, जबकि भाजपा से ढुल्लू महतो चुनाव मैदान में हैं। धनबाद वासियों को कांग्रेस प्रत्याशी का बेसब्री से इंतजार था। अनुपमा सिंह के नाम की घोषणा होते ही कांग्रेस कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ गयी है। हालांकि कांग्रेस कार्यकताओं का एक खेमा जिले से बाहर का प्रत्याशी होने से नाराज दिख रहे हैं। अब आने वाला समय बतायेगा कि नाराज कार्यकर्ता अनुपमा सिंह के चुनाव प्रचार में कितना सहयोग करेंगे। दूसरी ओर गोड्डा से विधायक दीपिका पांडेय सिंह को कांग्रेस का टिकट दिया गया है। उनका मुकाबला भाजपा के डॉ निशिकांत दूबे से होगा। कांग्रेस ने चतरा से पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी को उम्मीदवार बनाया है।

मां महागौरी की पूजा से संतान संबंधी समस्या होंगी दूर

● मां को चढ़ायें रात रानी का फूल

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। चैत्र नवरात्रि का आज आठवां दिन है. इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है. नवरात्रि के आठवें दिन का महत्व बहुत अधिक होता है। मान्यता है कि माता सीता ने श्री राम की प्राप्ति के लिए देवी महागौरी की ही पूजा की थी। इसलिए माता के इस स्वरूप की उपासना करने से संतान संबंधी समस्या दूर होती है. इनकी पूजा करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है और भक्तों के सभी पापों का भी नाश होता है. इस दिन कन्या पूजा का भी विधान है।मां महागौरी का रंग

अंत्यत गोरा है. उनके चेहरे पर एक अलग सी तेज है. जो बहुत मनमोहक है. मां की चार भुजाएं हैं. मां के ऊपर दाहिने हाथ अभय मुद्रा और निचले हाथ में त्रिशूल है. महागौरी के ऊपर बाएं हाथ में डमरू और नीचे वाला हाथ शांत मुद्रा में है. मां का वाहन बैल है. मां का प्रिय फूल रात की रानी है. मां महागौरी को सफेद और पीले फूल अर्पित करना शुभ माना जाता है. महागौरी को नारियल बहुत प्रिय है. ऐसा करने से देवी महागौरी प्रसन्न होती हैं। मान्यता है कि महा अष्टमी में सच्चे मन से मां महागौरी की पूजा-अर्चना करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं. माता महागौरी को ममता की मूरत कहा जाता है. राहु ग्रह पर मां महागौरी का आधिपत्य रहता है. इसलिए इनकी पूजा करने से राहु के बुरे प्रभाव कम हो जाते हैं. शादी-विवाह में आ रही रुकावटों को दूर करने के लिए भी मां महागौरी की पूजा की जाती है. कहा जाता है कि महागौरी की पूजा से दांपत्य जीवन सुखद बना रहता है. साथ ही पारिवारिक कलह कलेश भी खत्म हो जाता है। पौराणिक कथा के मुताबिक, पर्वतराज हिमालय के घर जन्म लेने के बाद मां पार्वती ने महादेव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तप किया था. इस दौरान माता हजारों वर्षों तक निराहार रहीं. तप के प्रभाव से माता का शरीर काला पड़ गया। जब महादेव उनकी तपस्या से प्रसन्न हुए तो उन्होंने मां पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार किया और माता के शरीर को गंगा के पवित्र जल से कांतिमय बना दिया. इसके बाद माता का रंग एकदम साफ हो गया. तब से माता को महागौरी के रूप में भी जाना जाने लगा।

झामुमो नेता ने की दुष्कर्मी को गिरफ्तारी की मांग

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली पार्टी, भाजपा के नेता और मंडल अध्यक्ष महिलाओं का शोषण कर रहे हैं। ये बड़ा सवाल है की किसी राज्य से जब भी ऐसी खबर आती है। सभी शोषण करने वाले नेता आखिर भाजपा के ही क्यों होते हैं। पुलिस प्रशासन से आग्रह है की ऐसे गलत कार्य करने वाले व्यक्ति पर कड़ी से कड़ी कार्यवाई किया जाए। मनातू में एक नाबालिक के साथ हुए दुष्कर्म करने वाले भाजपा नेता की गिरफ्तारी की मांग झामुमो युवा मोर्चा, पलामू के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने की है। झामुमो युवा मोर्चा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा पर आरोप हमला करते हुए कहा है कि भाजपा जो कहती है वो नहीं करती है। ये लोग महंगाई कम करने के नाम पर सत्ता में आए थे परंतु आज महंगाई सबसे ज्यादा है। वैसे ही ये लोग संस्कार और महिलाओं की इज्जत की बात करते हैं, परंतु इज्जत नहीं करते ये लोग। भ्रष्टाचार खत्म करने की जगह भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड के रूप में सभी कंपनियों से हफ्ता वसूली भी कर रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा इन्होंने ही दिया लेकिन इनके नेताओं से ही बेटियों और महिलाओं को बचाना पड़ेगा। भाजपा अपने नेता को बचाने में लगी है। जब मामला सामने आया तब इस मामले को दबाने की भी कोशिश की गई थी। पुलिस विभाग से आग्रह है की मुजरिम की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो और उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले। जनता के सामने इनकी सच्चाई आ चुकी है। लोकसभा चुनाव में इन्हें हार का सामना करना पड़ेगा।

एसपी के निर्देश पर नावा बाजार थाना ने निकाला फ्लैग मार्च

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। नावा बाजार पलामू एसपी के निर्देश पर रामनवमी पूजा को लेकर नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के नेतृत्व पुलिस बल के साथ प्रखंड मुख्यालय के कई क्षेत्रों में निकाल गया फ्लैग मार्च । रामनवमी त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे ।थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव एवं राम नवमी पूजा को लेकर नावा बाजार पुलिस सभी गतिविधियों पर एलर्ट है। फ्लैग मार्च मुख्यालय बाजार प्रांगण से शुरू होकर मुख्य पथ से महाबीर मंदिर प्रांगण होते हुए खोढी मोड़ पहुंचकर छतरपुर प्रखंड से डाली मुरूमदाग, शाही, भिखी रूदवा, कुंडौली, चेगौना, खोढी, अरर अटवाही, सतघरवा का अखाड़ा व जुलूस का मुयाअना किया गया ।उसके बाद वापस सोहदाग मोड़ पहुंचकर कुम्भी खुर्द, कुम्भी कला, सोढ़महुआ, ठेकही का जुलूस का आकलन किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्य मे स्थानीय प्रशासन का पूर्ण सहयोग रहेगा। सभी आयोजक पूजा समिति के लोगो को लिखित रूप से स्थानीय प्रशासन को सूचना देनी चाहिए। धार्मिक आयोजन में या जुलूस के दौरान शराब के सेवन नही करने की अपील किया। उन्होंने लोगो से आदर्श आचार संघीता का पालन करते हुए रामनवमी पूजा मनाने की बात कहा। उन्होंने कहा कि शांति ब्यवस्था को भंग करने के प्रयास करने वाले लोगो को बक्सा नही जाएगा वैसे लोगो को चिन्हीत कर विधिसंवत कानूनी करवाई की जाएगी ।मौके पर पुलिस अवरनिरीक्षक रितेश लकड़ा सुधीर कुमार संयुक्त नव्या पुलिस बल मौजूद थे।

भाकपा प्रत्याशी अभय कुमार भुइंया ने चलाया जनसंपर्क

●आम जनता के संघर्ष को आगे करने के लिए सीपीआई प्रत्याशी के पक्ष में करें मतदान : रूचिर

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, सुरेश ठाकुर, अभिषेक भूइंया ने छतरपुर अंचल के ग्राम चरू, भलही, टेनपा, सरवसवा, आदि दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान किया एवं आम जनता से मिलकर भाकपा के उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया के पक्ष में मतदान करने को कहा। मौके पर वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी शुरू से इस इलाका में गरीब में किसान मजदूर के हित में काम करते आई है एवं जमींदार परिवार से जमीन छीनकर गरीबों के बीच बांटने का काम किया है और आज जरूरत है अडानी अंबानी जैसे बड़े कॉर्पोरेट पक्षी सरकार को हराने के लिए हसुआ वाली में वोट दे। जिला सचिव श्री रुचिर तिवारी ने कहा कि पलामू जिला के एकमात्र युवा , कर्मठ शिक्षित एवं स्थानीय प्रत्याशी पलामू के पुत्र को भाकपा में उम्मीदवार बनाया है पलामू वासी एकमत होकर एक राय होकर गरीब मजदूर दलित पिछले की आवाज की पार्टी को जीतने का संकल्प लें एवं पलामू के विकास में एक नई गाथा लिखें। झूठ बोलने वाले भाजपा के सांसद बीडी राम को हराकर यहां की जनता वापस उन्हें बक्सर भेजने का काम करें। बैठक में नरेश राम, सजीवन भूइंया, रामसागर राम, रानती देवी, लखन राम, मोमुदीन अंसारी, बिनोद भूइंया सहित कई लोग उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया-बहनों को आग पर काबू पाने के सिखाए गए गुर

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। जिला अग्निशमन अधिकारी के मार्ग दर्शन में अग्निशमन शाखा-हुसैनाबाद ने अग्निशमन सेवा सप्ताह वर्ष 2024 की थीम ह्लअग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें,के साथ निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में अग्निशमन सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के आचार्य-दीदी जी व भैया -बहनों को अग्निशमन प्रभारी रामयश सिंह, हवलदार मोहन चौधरी, फायरमैन विकास गुप्ता ने आग से बचने,आग पर प्रारंभिक रूप में काबू पाने, फायर उपकरणों की जानकारी देकर एवं फायर डेमो प्रदर्शित कर विद्यालय के आचार्य-दीदी जी और भैया-बहनों को फायर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन अधिकारी रामयश सिंह ने कहा कि जलने की वस्तु,हवा एवं गर्मी त्रिकोण रूपी आग का निर्माण करती है। इसमें से किसी भी एक वस्तु को अलग हटाकर इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। आग लगने के कारण और उसके निवारण की ओर ध्यान दिलाते हुए उन्होंने कहा कि आग चार प्रकार की होती है। यह साधारण आग की श्रेणी में आता है। यदि ठोस वस्तु के जलने के बाद राख और छाई बच जाए, तो साधारण आग कहलाता है। जिसे पानी से बुझाया जा सकता है। तरल एवं ज्वलनशील पदार्थ में लगी हुई आग को जिसे ऑक्सीजन के संपर्क से दूर रखकर रोका जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि अग्निशमन यंत्र में से निकलने वाली गैस को आग पर स्प्रे करना चाहिए। अगर आग की लपटें ज्यादा हो तो इसके लिए दमकल वाहनों को भी बुला लेना चाहिए। इस दौरान टीम ने फायर ड्रिल कर आग बुझाने की तरकीब सिखाई। इसके पश्चात उन्होंने आगजनी के दौरान घायल होने वाले लोगों के उपचार के भी तरीके बताएं। इस डेमो कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण लेकर हम सभी अग्नि के नुकसान से बच सकते हैं ।आग लगने की स्थिति बड़ी भयावह होती है। आग लगने पर तुरंत फायर बिग्रेड को सूचना देनी चाहिए। घरों में फायर अलार्म और आग बुझाने के यंत्र रखने चाहिए ताकि आपात काल में इसकी मदद ली जा सके। इस मौके पर मृत्युंजय प्रसाद, शशि कुमार, राजेश्वर सिंह यादव, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, कमलेश्वर सिंह, चंदन कुमार, रंजीत मिश्र, नीतीश मिश्रा, मनोज सिंह, दीपक पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, हर्षदा चौबे, छाया कुमारी सहित विद्यालय के सभी आचार्य-दीदी जी एवं भैया-बहन उपस्थित थे।

रामनवमी के दिन वैश्य सभा के द्वारा किया जायेगा भंडारा का आयोजन

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के सदस्यों ने बैठक कर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी त्योहार नवमी के दिन शहर थाना रोड स्थित भव्य भंडारा का आयोजन कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के पलामू जिला अध्यक्ष प्रभात गुप्ता उर्फ पिंटू गुप्ता ने बताया कि नवमी त्योहार को लेकर एक बैठक की गई ।जिसमें मध्यदेशीय समाज के द्वारा नवमी के दिन भव्य भंडारा का आयोजन कराने का निर्णय लिया गया ।भंडारा में लोगो के बीच हलवा, पूड़ी, सब्जी, छाछ, पानी और रात्रि में चाय का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कड़ी धूप में लोगों के सेहत का ध्यान रखते हुवे समाज के द्वारा खास तौर पर मेडिकल टीम की व्यवस्था की गई है ।ताकि लोगों के सेहत बिगड़ने पर मेडिकल की टीम उनकी देखभाल अच्छी तरह कर सके। उन्होंने बताया कि भंडारा को सफल बनाने में समाज के महामंत्री मनोहर कुमार लाली, कोषाध्याय शशिकांत उर्फ गुड्डू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे भंडारा में इनका अहम भूमिका रहेगा ।वही नवमी त्योहार के दिन शांति व्यवस्था बनाए रकने को लेकर जिला अध्यक्ष प्रभात गुप्ता ने पलामू वासियों से अनुरोध किया है कहा है कि श्री रामनवमी पर्व को आध्यात्मिक भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में मनायें। ताकि शांति व्यवस्था बनाई जा सके।

बीएलओ को दिया गया एकदिवसीय प्रशिक्षण

दबंग हिंद संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ राहुल देव ने मंगलवार को बीएलओ को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में उपस्थित बीएलओ को बूथ जागरुक्ता ग्रुप के साथ बैठक करने, प्रखंड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने, मतदाताओं को जागरुक करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाने, बूथ पर सुविधा मुहैया कराने आदि को लेकर कई अवश्यक दिशा निर्देश बीडीओ ने दिया। सभी बीएलओ को मतदाता जागरुक्ता के साथ मतदान प्रक्रिया को लेकर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में बीपीआरओ दिगंबर पांडेय, बीपीओ रामकुमार सिंह, बीएलओ सुनैना देवी, संगीता देवी, मालती देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

पानी की किल्लत से जूझ रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

दबंग हिंद संवाददाता

मयूरहंड(चतरा)। जिले के मयूरहंड प्रखंड मुख्यालय में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इन दिनों पानी की किल्लत से जूझ रहा है। दिखावे को लेकर दो बोरींग है, पर पानी नदारद है। नल-जल योजना अंतर्गत पानी की सफ्लाई दी जा रही थी वो भी पंद्रह दिनों से बाधित है। जिसके कारण प्रसव के अलावे इलाज कराने पहुंचने वाले व केंद्र में रहने वाले कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। लगभग 70 हजार आबादी वाले इस क्षेत्र में एक स्वास्थ्य केंद्र है, जिसके भरोसे पूरा प्रखंड है। स्थानिय लोगों की माने तो पानी के किल्लत प्रथामिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभ से ही है। परंतु आजतक संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी संज्ञान तक नहीं लिए। जिसका खमियाजा मरीजों के साथ स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित कर्मियों को भुगतना पड रहा है। जल नल योजना के तहत दी जाने वाली सफ्लाई मेन पाइप लीकेज हो जाने से एक पखवाड़े से विभागीय उदासीनता के कारण मरम्मती कार्य नहीं होने के कारण बाधित है। जबकि स्वास्थ्य केंद्र में पानी की उपलब्धता चौबीसो घंटे अनिवार्यता है। परंतु संबंधित विभाग व जिम्मेदार अधिकारी के साथ क्षेत्र के सांसद, विधायक व विन्नि दलों के नेता व प्रतिनिधि बेफिक्र हैं।

इकलौते चैती दुर्गा मंदिर चौपियाबागी में प्रत्येक वर्ष चार गांव के ग्रामीणों द्वारा किया जाता है चैती नवरात्र का आयोजन

दबंग हिन्द संवाददाता, अमित सिंह

इटखोरी(चतरा)। सनातन धर्मावलंबियों के लिए चैत मास का विशेष महत्व है। इस मास में माता दुर्गा की पूजा बड़ी विधि विधान से किया जाता है। चतरा जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यतः माता भद्रकाली मंदिर के लिए जानी जाती है। इटखोरी से चौपारण जाने वाले रास्ते मे धुना पंचायत स्थित चौपियाबागी में जिले भर का इकलौते चैती दुर्गा मंदिर भी स्थित है। यहां प्रत्येक वर्ष चार गांव के ग्रामीणों द्वारा बड़े उत्साह से चैती नवरात्र का आयोजन धूम धाम से करते हैं। यहां मंगलवार को वासंतिक नवरात्र को लेकर कलश स्थापन पुरोहित द्वारा किया गया। इटखोरी मुख्य बाजार से 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित चौती दुर्गा मंदिर प्रखंड का ही नही जिले का इकलौता मंदिर है। जहां माता अष्टभुजी शेर पर सवार दुर्गा समेत भगवान गणेश कार्तिकेय महालक्ष्मी एवं माता सरस्वती समेत बजरंगबली की संगमरमर की मूर्ति स्थापित है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1964 से यहां माता की पूजा लगातार की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 1964 में इसी गांव सौनियां के तत्कालीन मुखिया बैजनाथ सिंह के द्वारा इस पूजा की शुरूआत की गई थी। उस वक्त माता की पूजा ग्रामीण बड़े उत्साह के साथ कोलकाता के मूर्तिकार द्वारा मिट्टी की मूर्ति बनाकर धूम धाम से किया करते थे। लोगों के पास आर्थिक परेशानी होने के बाद भी ग्रामीण बड़ी धूम धाम के साथ माता की पूजा अर्चना करते थे। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1980 के आसपास माता काली की रौद्र रूप की पूजा व बलि प्रथा तत्कालीन पुरोहित पंडित राघो बाबा के सुझाव पर बंद कर दिया गया और माता दुर्गा के महिसासुरमर्दिनी की पूजा की शुरूआत की गई। जो अनवरत 2017 तक चलता रहा।

ग्रामीणों के सहयोग से इस स्थल पर मंदिर निर्माण कर संगमरमर की मूर्ति लगाई गई : समय गुजरने के साथ माता की पूजा से चारों गांव के लोगों संपन्नता आ गई। जैसे जैसे माता का भवन बनता गया ग्रामीणों का भी स्थिति परिवर्तन होता गया। लोगों का मानना है कि माता चैती दुर्गा के अनवरत पूजा पाठ से पूरा गांव खुशाल हुआ। आज माता की कृपा से चारो गांव में डॉक्टर, इंजीनियर, प्रतिनिधि, बड़ी संख्या शिक्षक एवं कई बड़े व्यवसाई हैं। जिस वजह से प्रखण्ड में इन गांव का अलग महत्व है। आज इन चारों गांव में माता चौती दुर्गा की कृपा से खुशहाली आई है। ग्रामीण इसे माता की कृपा मानते हैं। ग्रामीणों ने जानकारी दिया कि वर्ष 2017 में तत्कालीन पुरोहित पंडित राघो बाबा के वंशज पंडित उमाशंकर पांडेय के सुझाव के बाद उसी स्थल पर माता दुर्गा समेत गणेश, कार्तिकेय, महालक्ष्मी, सरस्वती एवं बजरंगबली का संगमरमर की मूर्ति स्थापित कर मंदिर का रूप दे दिया। आज उसी स्थल पर प्रत्येक दिन माता की पूजा विधि विधान से की जाती है।

1964 से हो रहा है नाटक का मंचन वर्ष 1964 में माता दुर्गा की पूजा के साथ-साथ चार गांव के ग्रामीणों द्वारा कौशल विकास व मनोरंजन को लेकर नाटक मंचन की शुरूआत की गई थी। उस जमाने मे नाटक का ऐसा क्रेज था कि लोग सैकड़ो किलामीटर दूरी तय कर नाटक का लुत्फ उठाते थे। आज भी नाटक की परिपाटी यहां चली आ रही है। इस इलेट्रॉनिक युग मे यहां के लोग नए तकनीक का इस्तेमाल कर आज भी नाटक का मंचन करते हैं। आज भी प्रखण्ड के लोग बड़ी उत्सुकता से नाटक का लुत्फ उठाते हैं। अष्टमी नवमी एवं दशमी तिथि को ग्रामीण कलाकारों द्वारा सामाजिक व क्रांतिकारी नाटक का मंजन बड़ी भव्यता के साथ किया जाता है। जिसे देखने के लिए प्रखंड घर से लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

चैत्र नवरात्र को उत्सव की तरह मानतेन हैं गांव के लोग : चौत्र नवरात्र आते ही सौनीयां , बलिया एरकी एवं सिलार गांव के ग्रामीण इसे उत्सव की तरह मानते हैं। यहां के जो नौजवान बाहर काम करने हैं वे समय निकालकर इस नवरात्र में पहुंचाना नहीं भूलते। चैत्र नवरात्र के विजयदशमी को यहां मेला का आयोजन होता है। जिससे आस पास के लोग मेला का आनंद उठाते हैं। साथ ही विभिन्न प्रकार के दुकान लगाया जाता है।

भद्रकाली मंदिर पहुंचने वाले पर्यटक यहां भी करते हैं दर्शन : प्रसिद्ध तीर्थ स्थल माता भद्रकाली मंदिर पहुंचने वाले बाहरी पर्यटक यहां भी पहुंचकर माता की पूजा अर्चना करते हैं। आये दिन पर्यटकों से यह स्थल गुलजार रहता है। शादी का लग्न मुहर्त पर क्षेत्र के लोग चौती दुर्गा मंदिर में बड़ी आसानी से विवाह कार्य सम्पन्न करवाते हैं।

एक नजर

रामनवमी पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल हुई सैकड़ो महिलाएं

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। सोमवार की शाम रामनवमी पर्व के अवसर पर जय लक्ष्मी संघ द्वारा नई मोहल्ला चौक से शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में नई मोहल्ला की मां-बहनें काफी संख्या में उपस्थित थी। सभी मां-बहनों ने रामनवमी पर्व को शांति, सद्भाव और भेदभाव से मुक्त होकर मनाने का निर्णय लिया है। इस पर्व में एक ओर महिलाओं की सक्रियता से नई परंपरा की शुरूआत की झलक मिलती है तो दूसरी तरफ पहले से आ रही परंपरा की भी याद दिलाती है। रामनवमी पर्व में ढोल और तरसा का उपयोग लगभग बंद हो चुका था। लेकिन जय लक्ष्मी संघ में इस परंपरा को फिर से जिंदा किया है। सोमवार को निकली गई शोभा यात्रा में महादेव एवं राम भक्त हनुमान की झांकी लोगों को आकर्षित कर रही थी। इस शोभा यात्रा का नेतृत्व वार्ड पार्षद प्रदीप कुमार अकेला, संदीप कुमार गुप्ता उर्फ बॉबी, मुन्ना कुमार चंद्रवंशी, संजय कुमार, बिट्टू कुमार, पंकज कुमार चंद्रवंशी, राकेश मेहरा, शमशेर सिंह, मनीष कुमार कर रहे थे।

विद्युत आपूर्ति में सुधार की मांग

प्रतिनिधि हरिहरगंज : प्रखंड क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं हो पा रहा है. बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के कारण गर्मी की तपिश झेल रहे उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. उक्त बातें समाजसेवी सह राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने कही. उन्होंने कहा कि करीब 20 दिनों से क्षेत्र में 24 घंटे में पावर कट के बीच महज सात- आठ घंटे ही बिजली मिल रही है। इससे भीषण गर्मी से आम लोग परेशान हैं. एक ओर जहां विद्यार्थियों को पढ़ाई -लिखाई में परेशानी हो रही है, वहीं दूसरी ओर इस त्योहारी सीजन में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इसके अलावा बिजली आधारित कारोबार भी ठप्प हो गया है. उन्होंने पलामू उपायुक्त व बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता से क्षेत्र में शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति में सुधार करने की मांग की है।

मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी ने थाना परिसर में किया सम्मान समारोह का आयोजन

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना परिसर में मंगलवार को मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी के द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया। मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जेनरल खलीफा शहरयार अली की अध्यक्षता में सम्मान समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान श्री महाबीर नव युवक दल जेनरल के अध्यक्ष पंकज जयसवाल समेत कमिटी के पूरे सदस्यों को पगड़ी पोषी कर और मोमेंटो देकर समानित किया गया। वही पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी और पत्रकार लोग भी समानित किए गए। कार्यक्रम के दौरान कमिटी के महामंत्री बिकास सिन्हा, गणेश गिरी ,किशोर पांडेय, नागेंद्र बाबु सिंह क्राऊन प्लाजा, राजेश पासवान ,प्रभात उदयपुरिया ,मिथलेश सिंह, नरेश सोनी, मुमताज खान, अरविंद अग्रवाल, कतारु जी समेत शहर थाना प्रभारी देव व्रत पोद्दार, इंद्र देव पासवान और सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

दबंग हिंद संवाददाता

मेदिनीनगर। चैत्र नवरात्र की अष्टमी पर शहर के देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंगलवार को आठवें दिन भक्तों ने नवदुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना की। नवरात्र के पहले दिन और अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने घर व देवी मंदिरों पर हवन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की ।जय माता दी के उद्घोष से दिन भर मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजते रहे। घरों व मंदिरों में अष्टमी के हवन की सुगंध महकी तो नवमी के हवन की तैयारियां पूरी की गईं। देवी मंदिरों पर देर शाम तक दर्शन करने को भक्तों की कतारें लगी रहीं। देवी भक्तों ने अष्टमी के दिन कन्याओं को भोजन कराया। अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालओं ने मंगलवार को देवी महागौरी की आराधना की। शहर के छह मुहान पर स्थित काली मंदिर में अष्टमी पर्व पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शहर के सूर्य सूर्य मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों पर दिन भर घंटे-घडियाल गूंजते रहे। अष्टमी के दिन हवन-पूजन से वातावरण सुगंधित रहा। उधर, ग्रामीण क्षेत्रों के देवी मंदिरों व घरों में लोगों ने हवन-पूजन कर कन्याओं को भोज कराया। देवी मंदिरों पर रामनवमी के लिए मां का दरबार सजा दिया गया ।बुधवार सुबह से ही हवन शुरू हो जाएगा ।जिलेभर में नवरात्र महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिले के देवी मंदिरों पर सुबह शाम के समय महाआरती के आयोजन हो रहे हैं। वहीं मंदिरों पर देवी प्रतिमाओं का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है ।अष्टमी को लेकर श्रद्धालुओं का दिन भर मंदिरों पर दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने माता को चुन्नी, नारियल, सोलह श्रृंगार मिठाई भेंट कर परिवार के लिए खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर माता के मंदिरों पर मेला लगा रहा।

अज्ञात चोरों ने की बिजली तार की चोरी, आपूर्ति ठप, विभाग मौन, ग्रामीण परेशान

दबंग हिन्द संवाददात, अभिषेक यादव

कुंदा(चतरा)। जिले के अति उग्रवाद प्रभावित कुंदा प्रखंड अंतर्गत बोधाडीह पंचायत स्थित चाया गांव से सटे बेलबाटांड जंगल से पोल पर लगे तार अज्ञात चोरों द्वारा काट लिए गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 2 माह पहले बिजली तार काट कर अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी। जिससे चाया गांव में बिजली आपूर्ति बाधित है। गांव में करीब 600 परिवार निवास करते ळैं, जिसमें 450 वोटर हैं। इस संबंध में कई बार विभाग के साथ पंचायत प्रतिनिधियों को सूचना दिया गया, लेकिन अभी तक गांव में बिजली बहाल करने को लेकर किसी ने पहल नही किया है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के साथ जिला प्रशांसन प्रशासन से जल्द से जल्द गांव में बिजली सुविधा बहाल करने की मांग की है। ज्ञात हो कि कुंदा प्रखंड में अज्ञात चोरों ने तार काट कर करंट की रफ्तार पर ही ब्रेक लगा दिया है। बिजली तार के चोरी के बाद विभागीय लापरवाही से चाया गांव से बिजली ही गायब हो गई। ऐसे में तेज गर्मी के साथ बिजली के तार चोरी कर अज्ञात चोरों ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी है। चाया निवासी विकास यादव ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री जोरों पर की जा रही है। जिसके कारण क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। अगर अवैध शराब बिक्री पर नकेल कसा जाए तो आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं पर विराम लग सकता है।

अंचल कोर्ट में आए पांच मामले

दबंग हिंद संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। भूमि विवाद के निपटारा करने को लेकर मंगलवार को अंचल अधिकारी राकेश शाह ने गिद्धौर अंचल कार्यालय में कोर्ट का आयोजन किया। कोर्ट में कुल पांच मामले आए। जिसमें बरियातू गांव निवासी नोमन कुमार साव बनाम हेमन यादव के मामले में सीओ ने दोनों पक्षों के कागजात का अवलोकन कर मापी करने का निर्देश दिया। जबकि मंझगांवां निवासी सरयू यादव बनाम हेमलाल यादव, गिद्धौर निवासी पच्चू ठाकुर बनाम भगवान ठाकुर, मारंगी निवासी युगेश्वर यादव बनाम गोविंद यादव व नयाखाप निवासी रामलाल यादव बनाम सोना यादव के मामले में सीओ ने दोनों पक्षों के कागजात का अवलोकन कर अगली तारीख दी है। अंचल कोर्ट में सीआई प्रमोद कुमार सिन्हा, कर्मचारी पप्पू यादव समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

दबंग हिंद संवाददाता

चतरा। लोकसभा चुनारव 2024 में अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वैसे बूथ जहां पूर्व निर्वाचन के दौरान मतदान प्रतिशत कम देखा गया है। वैसे बूथों पर रात्रि व संध्या चौपाल एवं आंगनबाड़ी, विद्यालय, सुदूरवर्ती क्षेत्र, बिरहोर टोला समेत अन्य स्थानों पर भी आम जनों को विभिन्न तरह की गतिविधि कर मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय, चतरा में स्वीप कार्यक्रम के तहत स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अरूणा प्रसाद, विद्यालय के प्रधानध्यापक एवं शिक्षक, शिक्षिकाएं समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

रामनवमी महापर्व को लेकर विधि व्यवस्था को पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

दबंग हिंद संवाददाता

पत्थलगड़ा/प्रतापपुर(चतरा)। रामनवमी महापर्व को लेकर पुलिस व प्रशासन ने मंगलवार देर शाम जिले के प्रतापपुर व पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च किया। पत्थलगड़ा में फ्लैग मार्च थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के नेतृत्व में किया गया है। फ्लैग मार्च थाना परिसर से सुभाष चौक, गांधी चौक, पंचमुखी चौक सिंघानी, नोनगांव के अलावे विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुवे आमलोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। साथ ही किसी भी प्रकार से होने वाले अप्रिय घटनाओं को तुरंत सूचित करने की बात कही।

रामनवमी पर्व को लेकर उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ किया फ्लैग मार्च

दबंग हिन्द संवाददाता

रामगढ़: रामनवमी पर्व के शांति व सौहार्दपूर्ण आयोजन के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मार्च किया जा रहा है। पर्व को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सोमवार की शाम चितरपुर, दुलमी एवं माण्डू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों तथा मंगलवार की सुबह रामगढ़ शहर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने एवं कोई भी अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन, रामगढ़ को देने की अपील की वहीं उन्होंने पर्व की शुभकामनाएं देने के साथ ही सभी का ध्यान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत प्रभावी आदर्श आचार संहिता की तरफ भी आकृष्ट किया एवं पर्व के दौरान किसी भी हालत में किसी भी तरह का कोई भी राजनीतिक प्रचार प्रसार का कार्य न होने देने का निर्देश दिया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ आशीष गंगवार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ परमेश्वर प्रसाद उप निर्वाचन पदाधिकारी सह नजारत उप समाहर्ता रविंद्र गुप्ता सहित थाना प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

लोयोला के छात्र ऋत्विक को यूपीएससी में 520 वीं रैंक

दबंग हिन्द संवाददाता

जमशेदपुर : लोयोला स्कूल जमशेदपुर के पूर्व छात्र और स्पर्धा प्रकाशन की प्रकाशक प्रियंका वर्मा के पुत्र ने मंगलवार को घोषित हुए संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया 520 वीं रैंक हासिल कर जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड को गौरवान्वित किया है।ऋत्विक ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई लोयोला स्कूल से करने के उपरांत दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से भूगोल विषय से स्नातक किया था और वे दिल्ली से ही यूपीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।इससे पूर्व ऋत्विक का चयन बीपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में भी हो चुका था ।विदित हो कि यूपीएससी की परीक्षा देश की सबसे कठिन परीक्षा मानी जाती है जिसमें लाखों छात्र शामिल होते हैं। ऋत्विक ने अपनी सफलता का श्रेय स्पर्धा प्रकाशन की पुस्तकों सहित अपनी माँ प्रियंका वर्मा तथा अपने पिता और पूर्व वन क्षेत्र पदाधिकारी एवं स्पर्धा प्रकाशन के निदेशक अजय कुमार के मार्गदर्शन को दिया है।ध्यातव्य हो की ऋत्विक के छोटे भाई वेदान्त मेहता ने भी यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा में ऑल इंडिया 29 वाँ रैंक पाया था और वे वर्तमान में सेना में कैप्टन के पद पर अंबाला कैंट में पदस्थापित हैं। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने सफलता पर बधाई दी।

कोल्हान में हो भाषा व साहित्य को नयी गरिमा देनेवाले हो भाषा के साहित्यकार को सम्मान

दबंग हिन्द संवाददाता

चाईबासा : कोल्हान में हो भाषा व साहित्य को नयी गरिमा देनेवाले हो भाषा के साहित्यकार डोबरो बुड़ीउली (50) को साहित्य भूषण सम्मान से नवाजा गया है।यह सम्मान उनको 14 अप्रैल को जमशेदपुर स्थित तुलसी भवन में अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा आयोजित सर्वभाषा साहित्यकार सम्मान समारोह-2024 में हो साहित्य में विशेष योगदान के लिये दिया गया। इसके लिये उनको शॉल ओढ़ाकर मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े साहित्यिक संगठन अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा सम्मानित होना गर्व की बात है।हो भाषा व साहित्य के विकास व संवर्द्धन की दिशा में मेरा प्रयास जारी रहेगा। सदर प्रखंड के बरकुंडिया निवासी डोबरो बुड़ीउली कोल्हान के सुप्रसिद्ध हो भाषा साहित्यकार हैं। साथ ही इसकी लिपि वारंग क्षिति के विद्वान व शिक्षक भी हैं। करीब 30 वर्षों से वे हो साहित्य के विकास में जुटे हैं।इस दौरान वे करीब 850 हो कविताएं गढ़ चुके हैं जिनको वे जल्द ही कविता संग्रह का रूप देंगे। उनका साहित्यिक सफर 1992 में शुरू हुआ था। टोंटो प्रखंड के बड़ा झींकपानी में संचालित हो भाषा शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र में दस वर्षों तक शिक्षण कार्य किया।इसी तरह चाईबासा में संचालित हो कला संगम में 13 वर्षों से हो भाषा व इसकी लिपि पढ़ा रहे हैं। वहीं ऑल इंडिया रेडियो आकाशवाणी चाईबासा में किसान वाणी नामक कार्यक्रम के वे हो भाषा अनुवादक तथा उदघोषक भी हैं। साधारण गरीब किसान परिवार में जन्मे हो भाषा के समर्पित साहित्यकार डोबरो बुड़ीउली ने लगभग हर विषय व मुद्दे पर हो कविताएं लिखी हैं। अध्यात्म से लेकर आदिवासी हो लोक दर्शन (फिलोसॉफी) तक पर कविताएं गढ़ीं हैं।

संगोष्ठी सह सरहुल मिलन समारोह का हुआ आयोजन कोल्हान विवि में

दबंग हिन्द संवाददाता

चाईबासा : जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा द्वारा विभागीय सभागार में डॉ.बसंत चाकी सहायक प्राध्यापक हो की अध्यक्षता में संगोष्ठी सह सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया था।यहां पर वक्ता के रूप में कृष्ण चंद्र बोदरा, केंद्रीय अध्यक्ष आदिवासी हो समाज महासभा, शंकर लाल महतो, कुड़माली भाषा के साहित्यकार सह समाज सेवी, नरेश देवगन, वन विभाग के अधिकारी सह केंद्रीय उपाध्यक्ष, आदिवासी हो समाज महासभा, दिनेश महतो, टोटेमिक कुड़मि समाज के संस्थापक सदस्य सह समाज सेवी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत सुभाष चंद्र महतो अपने संबोधन से किया और कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। विभाग की ओर से अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभी वक्ताओं ने बारी-बारी से सरहुल परब,बाहा परब के बारे में विस्तार से चर्चा किया। कृष्ण चंद्र बोदरा ने सरहुल परब में जनजातीय दर्शन को बताया, और आदिवासी दर्शन को विश्व का सर्वश्रेष्ठ दर्शन बताया। श्री शंकर लाल महतो ने सरहुल परब उत्पत्ति एवं उनकी महत्व को उजागर करते हुए विभिन्न विषयों का उदाहरण देकर बताए। वही श्री देवगन ने हो भाषा के लिपि की विशेषता को बताते हुए उनके इतिहास के बारे में चर्चा किया और सरहुल पर्व पर प्रकाश भी डाला।दिनेश महतो ने भाषा संस्कृति को कैसे आगे बढ़ाया जाए और प्राकृतिक के साथ इसको जोड़कर अध्ययन किया जाए इसके बारे में विस्तार से चर्चा किया। विद्यार्थी द्वारा कार्यक्रम में रंगारंग गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति किए। जहां कुड़माली भाषा के विद्यार्थियों ने मनमोहन गीत पर नृत्य प्रस्तुत किये।

जिला में मतदान की तिथि 13 मई 2024, मतदान करने का समय सुबह के 7 बजे से संध्या 5 बजे तक निर्धारित है

दबंग हिन्द संवाददाता

गुमला : गुमला जिले में आगामी 13 मई को लोकसभा आम चुनाव 2024 के तहत मतदान की तिथि निर्धारित है। जिले में चुनाव के इस महापर्व में जिले वासियों को सम्मिलित करने के उद्देश से जिला के स्वीप कोषांग द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्रों से लेकर शहरी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु कई रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी के द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिले के सभी क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पहल किए जा रहा है। जहां सुदूरवर्ती क्षेत्रों एवं PVTG ग्रामों में ग्रामीणों के बीच जागरूकता रैली शपथ ग्रहण समारोह, आंगनवाड़ी केंद्रों/ विद्यालयों आदि जैसे सार्वजनिक संस्थानों में खेल खेल में चुनाव जागरूकता कार्यक्रम, रंगोली एवं मेहंदी लगाने जैसे कई गतिविधियों से जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं शहरी क्षेत्रों में भी उक्त गतिविधियों के अलावा रात्रि चौपाल जैसे गतिविधि का भी आयोजन करते हुए शहरी क्षेत्र के मतादतों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता वाहन का संचालन, एलईडी एवं अन्य वाहनों के माध्यम से चुनाव जागरूकता के गाने बजाते हुए मतदाताओं को चुनाव से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुमला मुख्यालय के पास दफ्तरों में चाय देने वाले विजय उरांव एवं मुमफली बेचने वाले राजा बाबू को स्वीप के तहत जागरूकता T-shirt पहनाया गया। दरअसल विजय उरांव एवं राजा बाबू बरसों से जिला मुख्यालय के पास चाय एवं मुंफली बेचने का कार्य कर रहें है एवं दोनो के ही चाय एवं मुंफली के चर्चे पूरे मुख्यालय में फैली है एवं आस पास के सभी लोग विजय के चाय की चुस्की एवं राजा बाबू के मुमफली का स्वाद अवश्य लेते हैं। स्वीप कार्यकताओं द्वारा दोनो को ही स्वीप की T shirt पहनाते हुए प्रति दिन सैंकड़ों लोगों को चाय एवं मुमफली के साथ चुनाव के प्रति जागरूक करने की पहल की गई है। इसी प्रकार बसिया प्रखंड में सोमवार को देर शाम कैंडल मार्च करते हुए वहां के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया गया, कैंडल मार्च के पश्चात मतदाताओं को मतदाता शपथ भी दिलाया गया ।

दिव्यांग भी करें लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान

दबंग हिन्द संवाददाता

सराईकेला : जिले में दिव्यांग मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन सोमवार को नगर के टाउन हॉल किया गया. इसमें उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और दिव्यांगों के लिए बनाए गए आईकॉन रघुनंदन महतो ने सभी दिव्यांगों से मतदान अवश्य करने को कहा. उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने दिव्यांग मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक उम्र वाले सीनियर सिटीजन मतदाताओं को घर पर ही पोस्टल बैलट पेपर उपलब्ध कराया जाएगा. मतदान से चार-पांच दिन पूर्व ही उन्हें बैलट पेपर उपलब्ध कराते हुए मतदान कराया जाएगा. इसके लिए पदाधिकारी की टीम उनके घर पर जाएगी. अगर कोई दिव्यांग एवं सीनियर सिटीजन मतदाता मतदान केंद्र पहुंचकर लोकतंत्र की इस महापर्व में शामिल होने के लिए इच्छुक हैं, तो उन्हें मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है.

महागठबंधन प्रत्याशी जोबा के लिए कांग्रेसियों ने की बैठक

दबंग हिन्द संवाददाता

चाईबासा : कांग्रेस भवन चाईबासा में आज जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमिटी एवं इंडिया गठबंधन दल के प्रत्याशी जोबा माझी के साथ चुनावी रणनीति पर गहन विचार- विमर्श हेतु बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष सह जिला प्रभारी बन्धु तिर्की, जिला संगठन प्रभारी विजय खां एवं महागठबंधन के प्रत्याशी जोबा माझी, जगन्नाथपुर विधायक सोना राम सिंकु उपस्थित थे।जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से गठबंधन दल के प्रत्याशी जोबा माझी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। साथ ही बन्धु तिर्की, विजय खां एवं विधायक सोना राम सिंकु को भी गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया। आज के बैठक में विशेष रूप से जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से गठबंधन दल के प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए विशेष बैठक आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ों की संख्या में जिला के पदाधिकारीगणों ने आकर रणनीति पर विचार विमर्श किया।बैइक को संबोधित करते हुए बन्धु तिर्की ने कहा हमें हर हाल में इस सीट को जीतना है और वो भी भारी मतों के अंतर से। अपने संबोधन में जोबा माझी ने कहा हमारी लड़ाई लोकतंत्र को बचाने की जल, जंगल व जमीन को बचाने की एवं देश में भाई चारे को लाने की लड़ाई है। इंडिया गठबंधन के सरकार को लाने की लड़ाई है। मौके पर जिला संगठन प्रभारी विजय खां, देवेंद्र नाथ चांपिया, जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, महिला जिला अध्यक्ष नीतीमा बारी व सैकड़ों के संख्या में पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

रामनवमी को लेकर प्रखंड में 20 संवेदनशील स्थानों पर लगा सीसीटीवी कैमरा

दबंग हिन्द संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन अति संवेदनशील नजर आ रही है।विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। वहीं पुलिस के द्वारा प्रखंड के तमाम पूजा स्थान में अति संवेदनशील जुलूस मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा लगाई जा रही है। प्रखंड के 20 संवेदनशील स्थान में सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित किया गया है।जिसमें मोहदी मे दो, हरली एक, बादम तीन, बड़कागाँव में छः, सिकरी दो, गुरुचट्टी दो ,छवनिया पुल पास एक, बलिया में एक, नापो एक तथा मोहगाई कलां में एक एक सीसीटीवी कैमरा लगाना सुनिश्चित किया गया है। सीसीटीवी कैमरा थाना के निगरानी में संचालन किया जाऐगा। वहीं पुलिस ने तमाम जुलूस ब झांकी की निगरानी ड्रोन कैमरा से की जाएगी। ताकि छतों एवं छतों के ऊपर रखे ईंट पत्थर डंडे रखने वाले शरारती तत्वों की पहचान हो सके। रामनवमी की विधि व्यवस्था को लेकर हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। ताकि बड़कागांव प्रखंड में शांतिपूर्वक रामनवमी संपन्न हो सके। वही बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह रामनवमी शांतिपूर्वक संपन्न कराने रात दिन लगे हुए हैं।

एक नजर

घाघरा बीडीओ ने प्रखण्ड क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर घाघरा बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के कई मतदान बूथ केंद्रों का मंगलवार को दिन के 2:00 बजे निरीक्षण किया। इस क्रम में विद्यालयों में बने मतदान बूथ केंद्र घाघरा एस एस हाई स्कूल,बेलागड़ा स्कूल,गोमट स्कूल,कस्पोड़या स्कूल, हालमाटी स्कूल,गोया आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे।जहां मूलभूत सुविधा पेयजल, बिजली, शौचालय,फर्नीचर भवन सहित कई चीजों को देखा। व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश शिक्षकों को दिया ।इसके साथ ही मतदान केंद्रों के पास मतदाताओं और मतदान कर्मियों को कोई परेशानी ना हो। जिसे लेकर सभी सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही। मौके पर शिक्षक संजय कुमार, सतीश कुमार बंसल सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

प्लस टू हाई स्कूल में मेंहदी प्रतियोगिता संपन्न

कटकमसांडी। प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में स्वीप के तहत मेंहदी प्रतियोगिता संपन्न इस तरह के कार्यक्रम से टोला, मुहल्ला, गांव और परिवार के लोग होते हैं जागरूक - सविता सिंह, सहायक निबंधन निवार्ची पदाधिकारी ,कटकमसांडी प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी में स्वीप कार्यक्रम 2024 के तहत आज चौथे दिन मंगलवार को छात्र-छात्राओं के बीच मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमे विद्यालय के छात्राओं के साथ-साथ छात्र ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटकमसांडी सीओ सह सहायक निबंधन निवार्ची पदाधिकारी सविता सिंह प्रतिभागीयो के हाथों में मतदाता जागरूकता मेहंदी से रचे स्लोगन की सराहना करते हुवे कहा कि इनके माध्यम से इनके परिवार के साथ टोला, मुहल्ला और गांव के लोग भी जागरूक होते हैं। साथ ही यह भावी मतदाता भी हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए प्रथम तीन विजेता प्रतिभागियों में अनन्या पांडेय, लक्ष्मी कुमारी और राजनंदनी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक विजय मसीह ने कहा आगे भी स्वीप कार्यक्रम जारी रहेगा। आज के कार्यक्रम का मंच संचालन और मेंहदी प्रतियोगिता का नेतृत्व शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज कुमार मालाकार द्वारा किया गया। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक इमरान अयूब हुसैनी, अशोक कुमार,डॉ. मैनेजर नाथ पांडेय, महेंद्र प्रसाद, उषा रानी महतो, अजय बैठा, सदा सदफ ,जाहिदा बानो, आदित्य कुमार ,डॉ .विकास सिंह, राजेश रंजन, उत्तम सिंह, सुरेश कुशवाहा, प्रमिला कुमारी, निरंजन कुमार रवानी, सौरभ खत्री, अरविंद, कंचन कुमार, दिलीप कुमार एवं सभी बीएड प्रशिक्षुयो का अहम योगदान रहा।

विप्र समाज विष्णुगढ़ द्वारा किया गया महावीरी झंडा का वितरण

विष्णुगढ़। विप्र समाज विष्णुगढ़ के अध्यक्ष रोहितानंद मिश्र के नेतृत्व में विष्णुगढ़ विप्र समाज के लोगों को घर-घर महावीरी झंडा लगाने हेतु प्रोत्साहित कर उनके बीच झंडा उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा की प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव पर हम सब रामनवमी मनाते हैं। यह सनातनी लोगों का पवित्र पावन त्यौहार है इस दिन सभी सनातनी प्रेमियों को अपने घर में महावीरी झंडा लगाना चाहिए। झंडा लगाने मात्र से सभी प्रकार की विघ्न बाधाएं एवं कष्ट दूर हो जाता है। मौके पर उमेश मिश्रा रविंद्र पाठक विनय पाठक राज किशोर पांडेय पूरेंद्र पांडेय जितेंद्र पांडेय प्रदीप पांडेय कुंदन पांडेय शिवकुमार पांडेय अमूल्य चंद्र पांडेय उपस्थित थे।

सन्नी यादव हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, हथियार के साथ सात गिरफ्तार

जमशेदपुर : जमशेदपुर के मानगो उलीडीह ओपी क्षेत्र के एनएच 33 स्थित वसुंधरा इस्टेट के पास अपराधियों ने हाइवा चालक सन्नी यादव की गोली मारकर हत्या कर दी थी. मंगलवार को पुलिस ने इसका खुलासा कर लिया है. इस मामले में पुलिस ने सात अपराधियों को भी गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में प्रवीर सिंह उर्फ छोटू, राहुल सिंह उर्फ राहुल बच्चा, अर्जुन महतो उर्फ अर्जुन बच्चा, राहुल राय, अभिषेक साह, रौनक शर्मा और आशीष बर्मन शामिल है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 देसी पिस्टल, 3 देसी कट्टा, 11 जिंदा गोली, घटना में प्रयुक्त दो बाइक और एक ऑटो बरामद की है.एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि प्रदीप सिंह की हत्या का बदला लेने के लिए सन्नी की हत्या की थी. प्रदीप के अनुसार कुछ दिनों पूर्व सन्नी उसके घर आकर हंगामा कर रहा था. इसके बाद से प्रवीर ने अपने साथियों के साथ सन्नी की हत्या का प्लान बनाया. राहुल बच्चा सन्नी की रेकी कर रहा था. एनएच पर सन्नी को अकेला देख राहुल बच्चा ने फोन पर जानकारी दी. इसके बाद एक बाइक पर सवार होकर राहुल सिंह, और अर्जुन के साथ पहुंचे और सन्नी पर फायरिंग कर दी. राहुल सिंह बाइक चला रहा था और प्रवीर बीच में बैठा था. बाइक के पीछे अर्जुन बच्चा बैठा था. घटना को अंजाम देने के बाद सभी बाइक से घाटशिला की ओर भाग गए.एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि पुलिस ने 24 घंटे में ही अभिषेक और रौशन को गिरफ्तार किया गया. दोनो से पूछताछ में पता चला की सभी अपराधी हुरलुंग के पास ईट भट्टा में छुपे थे और राज्य से भागने की फिराक में थे. इससे पूर्व पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. घटनास्थल पर प्रवीर सिंह, राहुल सिंह उर्फ राहुल बच्चा और अर्जुन महतो मौजूद थे वहीं राहुल राय और आशीष बर्मन ने रेकी की थी जबकि अभिषेक और रौशन ने भागने में मदद की थी. सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण

हजारीबाग। लोकसभा चुनाव 2024 को सफल संचालन के लिए सभी माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण आज स्थानीय नगर भवन हजारीबाग में आयोजित किया गया। इस मौके पर माइक्रो आब्जर्वर के कार्य एवं दायित्व के साथ-साथ उनके अपने निर्धारित बुथ पर सूक्ष्म से सूक्ष्म अवलोकन करने के बारे मे बताई गई। इस दौरान पोस्टल बैलेट कोषांग के नोडल उज्जवल चौरसिया ने पोस्टल बैलेट से वोट देने की प्रक्रियाओं को विस्तार से समझाया।

RNI NO. JHAHIN/2013/54377 मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार मिश्रा द्वारा ''मिश्रा प्रकाशन" गौरीशंकर नगर ,नया बस्ती ,कडरू ,रांची , पिन कोड -834002 से मुद्रित एवं कार्यालय हिन्दी दैनिक ''दबंग हिन्द'', गौरी शंकर नगर, नया बस्ती, कडरू, रांची-834002 से प्रकाशित।
संपादक- रामाकांत दूबे ,मो. नं0. 9771998118 समाचार संपादक : अब्दुल कुद्दुस*, पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिये उत्तरदायी। फोन नं : 0651-2480574, 9905737601, E-mail : dabanghind@gmail.com

सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श

योगेश कुमार गोयल

कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था।

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में जनवरी महीने में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं।

विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें ह्यमयार्दा पुरूषोत्तमह्ण कहा गया। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी ह्यआदर्शह्ण शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को ह्यरामराज्यह्ण कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी

ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।

महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मयार्दा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया।

कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। एक ओर जहां रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक थे। सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मयार्दाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था।

(लेखक 34 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

संपादकीय

ईरान की दृढ़ता

ईरान की ओर से शनिवार देर रात इजराइल पर किये गये ड्रोन और मिसाइल हमलों से पश्चिमी एशिया में एक नया शक्ति समीकरण उभरने के संकेत मिल रहे हैं। एक अप्रैल को सीरिया में ईरानी दूतावास पर इजराइली हमले के बाद तेहरान ने तेल अवीव पर हमला करने की घोषणा कर दी थी। हांलाकि अमेरिका और पश्चिमी देशों ने ईरान पर बदले की कार्रवाई करने से दूर रहने का काफी दवाब बनाया था। लेकिन ईरान का नेतृत्व हमला करके राजनीतिक इच्छा शक्ति का प्रदर्शन किया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि ने साफ तौर पर कहा है कि इजराइल पर हमला उसकी हरकत का ही जवाब है और ईरान ने अपने आत्म रक्षा के अधिकार का इस्तेमाल किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि जवाबी सैन्य कार्रवाई के बाद इस मामले को खत्म समझा जाये। लेकिन अगर इजराइल की ओर से अब कोई हमला होता है तो इसके परिणाम बहुत बुरे होंगे। यह संघर्ष ईरान और इजराइल के बीच का है और अमेरिका को इससे दूर रहना चाहिए। जाहिर है ईरान के नेतृत्व का यह रुख बताता है कि वह पश्चिमी एशिया में अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबावों का कड़ा प्रतिरोध करेगा ईरान की इस दृढ़ता से इस क्षेत्र में उसकी नयी साख बनी है। ईरान और इजराइल संघर्ष के मुद्दे पर सुरक्षा परिषद में विचार विमर्श हुआ जिसमें रूस खुलकर ईरान के पक्ष में आ गया है और चीन की भी तेहरान के साथ सहानुभूति है। गौर करने वाली बात यह है कि किसी भी मुस्लिम देश ने ईरान का समर्थन नहीं किया है। लेकिन सुरक्षा परिषद में इजराइल के प्रधान प्रतिनिधि ने विभाजनकारी बयान देते हुए कहा है कि ईरान शिया वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। सीरिया, इराक, लेबनान का हिजबुल्ला और यमन के हूती विद्रोही शिया समुदाय के हैं। हैरानी की बात यह भी है कि हमास सुन्नी है और हिजबुल्ला तथा हूती जैसे संगठन हमास का समर्थन कर रहे हैं। गाजा में पिछले छह महीनों से इजराइल द्वारा नरसंहार जारी हैं जिसके कारण पश्चिमी एशिया का पूरा क्षेत्र अशांत बना हुआ है। शायद यही वजह है कि अमेरिका और पश्चिमी देश ईरान और इजराइल संघर्ष को और बढ़ाने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहे हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने संकेत दिया है कि अगर इजराइल ईरान के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई करता है तो अमेरिका उसका साथ नहीं देगा। भारत ने दोनों पक्षों से संयम की अपील की है। उसने यूक्रेन संघर्ष के दौरान रूसी हमले की निंदा नहीं की थी। इसी तरह ईरानी हमले की भी निंदा नहीं की है। फिलहाल भारत की प्राथमिकता ईरान के कब्जे वाले जहाज से 17 भारतीयों की रिहाई कराने की है।



चिंतन-मनन

प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे।

एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए।

परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दशार्ता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

इजरायल ईरान युद्ध की आशंका से शेयर बाजार में निवेशकों के लाखों करोड़ डुबे

सनत जैन

इजराइल और ईरान युद्ध की आहट और आशंका के चलते दुनिया भर के शेयर बाजारों में हाहाकार मच गया है। भारतीय शेयर बाजार में एक दिन के अंदर 8.21 लाख करोड़ रुपए निवेशकों के डूब गए हैं। इजराइल और ईरान के बीच जिस तरह से तनातनी बढ़ रही है। अमेरिका और यूरोप के देश इजराइल के समर्थन में एकजुट हैं। वहीं ईरान के समर्थन में रूस और चीन जैसी महाशक्तियों के एकजुट होने से तृतीय विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया भयाक्रान्त हैं। भारत के शेयर बाजार में इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। दुनिया में भारत का शेयर बाजार ही ऐसा बाजार था, जो बेलगाम घोड़े की तरह भाग रहा था। शेयर बाजार को नियंत्रित करने वाले अडानी और अंबानी भी इस घाटे से नहीं बचे। सेंसेक्स और निफ्टी बुरी तरह से टूट कर बंद हुआ। 75000 की छलांग लगाने वाला सेंसेक्स 73400 के स्तर पर बंद हुआ। इस कारण भारतीय निवेशकों के 8.1 लाख करोड रुपए कुछ ही घंटे के अंदर स्वाहा हो गए। इजराइल- हमास युद्ध में ईरान के शामिल हो जाने के कारण, मिडिल ईस्ट के देशों में तनाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। यही तनाव दुनिया के अन्य देशों के बीच देखने को मिलने लगा है।

संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को इस तनाव को कम करने के लिए, जिन महाशक्तियों के माध्यम से शांति कराने के प्रयास करने थे, वही शांति के स्थान पर अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। 7 अक्टूबर 2023 के बाद से मिडिल ईस्ट के देशों के साथ तनाव बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा ड्रोन मिसाइल से हमला किया। इसके पहले ईरान की सेना के अधिकारियों की दूतावास में हत्या के बाद से यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद ने एक आपातकालीन बैठक जरूर बुलाई है। इस बैठक को संबोधित करते हुए ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावनी ने कहा, ईरान अपनी आत्म रक्षा के अधिकार का प्रयोग करेगा। ईरान ने कहा वह किसी भी हमले और आक्रामकता का मुंह तोड़ जवाब देगा। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट द्वारा जवाबी हमले की धमकी दी गई है। इजरायल मंत्रिमंडल की युद्ध कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें इजरायल द्वारा कहा गया, कि वह ईरान से इजराइल पर किए गए हमले की कीमत वसूलेगा। देर सबेरे इजरायल बदला जरूर लेगा। पिछले कई माह से रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध चल रहा है। नाटो देशों ने रूस को अपना निशाना बनाया हुआ है। रूस और यूक्रेन के लाखों लोग इसके शिकार हुए हैं। फिलिस्तीन और इजरायल के बीच में भी पिछले कई माह से घातक युद्ध चल रहा है। हजारों निर्दोष नागरिकों की मौत हो चुकी है। इसका असर सारी दुनिया के देशों पर पढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। उसका भी मुख्य कारण है, जिन महाशक्तियों को इस युद्ध को रोकने के लिए पहल करनी चाहिए थी, वही तनाव को बढ़ाने का काम कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय जगत में अब ऐसा कोई देश या राजनेता नहीं है, जो तृतीय विश्व युद्ध को रोकने के लिए आगे आए। दुनिया के देश अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बात को मानते हुए शांति बनाए रखने के लिए फैसला कर सकें। इजराइल और फिलीस्तीन के युद्ध को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो प्रस्ताव पास किए गए। उनका पालन नहीं हुआ। अमेरिका, चीन, रूस जिस तरह से आग में घी डालने का काम कर रहे हैं, वह सबसे बड़ी चिंता का कारण बन गया है। सारी दुनिया के देशों में जिस तरह से आणविक और एटम बम के साथ अत्याधुनिक हथियारों के बल पर तृतीय विश्व युद्ध के लड़ने की तैयारी की जा रही है। इसकी आशंका मात्र से दुनिया भर के देशों के नागरिकों में अज्ञात भय देखा जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध को समाप्त हुए करीब 80 वर्ष हो चुके हैं। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध की तबाही भी सारी दुनिया के देशों को पता है। 80 वर्षों में जो विकास सारी दुनिया के देश कर पाए थे। इस विकास को नष्ट करने में दुनिया के शक्तिशाली देश लग गए हैं। इससे आम नागरिकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। 1993 से सारी दुनिया के देश का एक दूसरे के साथ व्यापार संधि को लेकर समझौता किया। यह माना जा रहा था, कि इससे एक नए वैश्विक युग की शुरूआत होगी। सारी दुनिया के देशों को वैश्विक व्यापार संधि के बाद पूंजीवाद और कर्जवाद ने जकड़ लिया है। यही सबसे बड़े विनाश का कारण बन रहा है। पिछले 20 वर्षों में दुनिया के देशों में जो भी सत्ता पर बैठे हुए लोग हैं। वह अपने अहंकार के आगे कुछ भी सोचने समझने लायक नहीं रहे। जिसका खामियाजा अब दुनिया के देशों के आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है, यही कहा जा सकता है।

फार्मा सेक्टर : आर्थिक तेजी की दवा भारत के पास

संदीप भूषण

कोविड के दौरान और उसके बाद दुनियाभर के फार्मा सेक्टर में नई चुनौतियों के साथ कई सकारात्मक बदलाव आए। दवा बनाने वाली कंपनियां और सरकार आज लोगों को किफायत और गुणवत्ता के नाम पर अपने साथ जोड़ने में जुटी हैं। खासकर दक्षिण एशियाई देशों की सरकारें अपने यहां फार्मा कंपनियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। यह प्रोत्साहन नीतिगत तो है ही वित्तीय भी है। इसका एक बड़ा प्रभाव आज हर तरफ दिख रहा है। विकसित के साथ विकाशील देशों के बाजार में भी ब्रांडेड दवा की हिस्सेदारी घटी है। वैसे ग्लोबली देखें तो 56 फीसद बाजार हिस्सेदारी के साथ अब भी ब्रांडेड दवाओं का बड़ा दखल है। बड़ा परिवर्तन यह जरूर है कि 36 फीसद हिस्सेदारी के साथ जेनिरक और ब्रांडेड जेनरिक दवाओं ने ग्रोथ दिखाया है। इस बदलाव ने फार्मा सेक्टर को चर्चा में ला दिया है।

ट्रेड और बिजनेस मैगजीन्स की मानें तो फार्मा सेक्टर आज ग्लोबली तकरीबन सात फीसद के सालाना दर से बढ़ रहा है। 2025 तक इसके 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने की संभावना है। इस ग्लोबल ग्रोथ में 120 वर्ष से भी पुराना भारत का फार्मा सेक्टर बहुत आगे चल रहा है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फॉर्मा उत्पाद बनाने वाला देश है। यह उपलब्धि असाधरण है। फार्मा सेक्टर के इस ग्रोथ के समांतर एक दूसरी स्थिति भी है। कोविड के बाद वैंकि स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक का बाजार भी खूब गरमाया। इस

दौरान भारत भी एक बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादक देश के रूप में उभरा।

अमेरिका और यूरोपीय देशों की कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनाने के लिए चीन की जगह भारत की तरफ आकर्षित हुई। दोनों स्थितियों को मिलाकर देखें तो इलेक्ट्रॉनिक और फार्मा दोनों ने एक साथ भारत में जोर पकड़ा। अलबत्ता यह जरूर है कि भारतीय संदर्भ में इलेक्ट्रॉनिक्स के मुकाबले फार्मा सेक्टर के ग्रोथ को बड़ा बताया जा रहा है। ऐसा इस सेक्टर से जुड़ी भविष्य की संभावनाओं और सरकार के नीतिगत समर्थन के कारण भी है। जो स्थिति है उसमें अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में दवाओं का हमारा निर्यात बढ़ रहा है। एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रेडिएंट्स (एपीआई) के घरेलू निर्माण के प्रोत्साहन के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) स्कीम शुरू होने के बाद दवा बनाने के लिए कच्चे माल का उत्पादन भी तेज हुआ है, जिससे हमारी चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम हुई है।

भारतीय फार्मा कंपनियों के बढ़ते रु तबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कोरोना काल में जब पूरी दुनिया थम गई थी, तब विश्व में कुल वैक्सीन की 60 प्रतिशत भारत से निर्यात की गई। इसी प्रकार जेनिरक दवाओं में भी वैंकि जरूरत का 20 प्रतिशत से अधिक दवाएं भारतीय कंपनियों ने भेजीं। अमेरिका और यूरोपीय देशों में दवा व्यापार के लिए खासा सख्त कानून है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में भारतीय कंपनियों ने इन बाजारों में भी अपनी पैठ बनाई है। इन्वेस इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक भारत का दवा उद्योग आज 50 बिलियन डॉलर से बड़ा हो गया है। भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यूटिकल के एक सर्वे के मुताबित देश के 19 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में 118 फार्मा क्लस्टर हैं। इनमें सबसे ज्यादा 40 फार्मा क्लस्टर महाराष्ट्र में हैं।

इसके बाद गुजरात में 13, आंध्र प्रदेश में 8, हिमाचल प्रदेश में 7, राजस्थान में छह, उत्तर प्रदेश में छह, गोवा, कर्नाटक और तमिलनाडु में 5-5 हैं। इसके अलावा हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पुडुचेरी, सिक्किम, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी फार्मा क्लस्टर हैं। इन राज्यों में बनने वाली दवाओं का बड़े स्तर पर विकसित देशों में निर्यात किया जा रहा है, जो हमारी अर्थव्यवस्था में संजीवनी की तरह काम कर रहा है। बीते कुछ वर्षों में भारत में केंद्र के साथ राज्यों ने अलग से निवेश आकर्षित करने के बड़े प्रयास किए हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा आदि जैसे पिछड़े माने जाने वाले राज्य हर वर्ष अपने यहां ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट कर रहे हैं। ऐसे में पहले से विकसित प्रदेश भला पीछे कैसे रह सकते हैं। गोवा इस लिहाज से एक बड़ा उदाहरण है। गोवा ने हाल के दिनों में अपने यहां इससे अलग निवेश की कई संभावनाएं खोली हैं।

डॉ. प्रमोद सावंत की नेतृत्व वाली राज्य सरकार अपने फार्मा सेक्टर को बढ़ाने पर विशेष जोर दे रही है। नतीजा है कि भारत में निर्मित कुल दवाओं का 12 फीसद उत्पादन अकेले गोवा कर रहा है। यहां की बनी लगभग 70 फीसद दवाएं विकसित देशों को निर्यात हो रही हैं। पर्यटन के लिए मशहूर इस राज्य में 2.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर की दवाओं का उत्पादन सालाना हो रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, हिमाचल आदि राज्य भी भारत के फार्मा सेक्टर को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। दरअसल, वैंकि अर्थव्यवस्था में भारत की मजबूत हिस्सेदारी जमाने के लिए फार्मा सेक्टर का बढ़ना सोने पर सुहागा है। आने वाले एक दशक फार्मा सेक्टर के ग्रोथ के लिहाज से बेहद महत्त्वपूर्ण हैं और भारत अपने सामर्थ्य से इस सेक्टर में नंबर वन बनने की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

दबंग हिन्द संवाददाता

हजारीबाग। रामनवमी के पर्व में शांति और भाईचारगी बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। 15 अप्रैल सोमवार को देर शाम तक उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की अगुवाई में सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए प्रशासनिक टीम सम्पूर्ण जुलूस मार्गों में रामनवमी पर्व के दौरान विधि व्यवस्था का जायजा लिया। तथा रूट मार्ग में पड़े ईट,पत्थरों,पेड़ों की डालियों, झूलते तारों आदि को ससमय दुरूस्त करने निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में प्रशासनिक टीम छडवा डैम, कटकमदाग, खिरगांव, झंडा चौक, बड़ा अखाड़ा, महावीर मंदिर,जामा मस्जिद रोड आदि मार्गों पर भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। उपायुक्त ने बताया कि रामनवमी के पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है।इसके लिए कई चरणो में विभिन्न अखाड़ों के साथ बैठक की गई है। वहीं जुलूस को लेकर मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने के पानी की सुविधा, सड़कों का निर्माण, बैरिकेटिंग,लाइट की व्यवस्था, मंच निर्माण जैसे तमाम बिंदुओं पर पहले से काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि जिला प्रशासन और आम जनता समन्वय के साथ सहयोगात्मक रुख रखें। उन्होंने हजारीबाग की जनता से अपील की है कि प्रशासन आपके साथ हर कदम पर खड़ी है। पूरी भव्यता और शांतिपूर्वक तरीके से पर्व मनाएं और शोभायात्रा का आनंद लें। मौके पर उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह,एसडीओ सदर शैलेश कुमार, एसडीपीओ सुभाशीष कुमार,सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा, सीओ सदर मयंक भूषण,डीपीआरओ रोहित कुमार,नजारत उपसमाहर्ता प्रदीप कुमार व अन्य मौजूद रहे।

संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में मतदान जागरूकता अभियान

दबंग हिन्द संवाददाता

घाटशिला : संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में मतदान जागरूकता अभियान घाटशिला के संत नन्दलाल स्मृति विद्या मंदिर में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान की सुनिश्चितत करने को लेकर विद्यालय में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया. मंगलवार को विद्यालय परिसर में स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्रों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर 100 प्रतिशत मतदान को अंकित किया गया. दूसरे कार्यक्रम के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें शिक्षकों ने मतदान से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्न बच्चों से पूछे जिसका बच्चों ने अपने विवेक और समझ से जवाब दिया.इस मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रशासिका शोभा गनेरीवाल ने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मतदान मौलिक अधिकार है. अठारह वर्ष व इससे अधिक आयुवर्ग के प्रत्येक नागरिक को इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए. विद्यालय प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने छात्रों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करें.उन्होंने घाटशिला प्रखंड व अनुमंडल प्रशासन से भी शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए चलाये जा रहे अभियान के लिए आभार जताया. इस मौके पर शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक, एकेडमिक इंचार्ज एस आर दत्ता, सह शैक्षणिक प्रभारी सास्वती रॉय पटनायक,विश्वजीत सीट व मौसमी बनर्जी उपस्थित थे. तकनीकी सहायक के रूप में विद्युत वरण चंद्रा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

एक नजर

रामनवमी को लेकर विष्णुगढ़ बीडीओ एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला

विष्णुगढ़। रामनवमी एवं आम चुनाव के मद्देनजर आज 16 अप्रैल 2024 को स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के द्वारा विष्णुगढ़ मुख्य मार्गो पर फ्लैग मार्च किया।फ्लैग मार्च करते हुए बीडीओ अखिलेश कुमार एवं थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने इसका नेतृत्व किया। फ्लैग मार्च की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन रामनवमी की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरी तरह से मुस्तैद है।आराजक तत्वों पर कड़ी निगाह बनी है। विष्णुगढ़ के ग्रामीणों से अपील है, पुलिस द्वारा जारी निदेशों का पालन करते हुए,अपने त्योहार को मनाए। किसी भी तरह की अप्रिय घटना या संदिग्ध परिस्थितियों में बीडीओ अखिलेश कुमार,मोबाइल सँख्या 9955001369 एवं थाना प्रभारी रामनारायण सिंह,मोबाइल सँख्या 7903937945 पर सूचित करें।

विष्णुगढ़ उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी में गंगा आरती का आयोजन किया गया

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ में बासंती रामनवमी दुर्गा पूजा के एक सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में महासप्तमी की संध्या विष्णुगढ़ के उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी में रामनवमीं महासमिति की ओर से गंगा आरती का आयोजन किया गया। यमुनिया नदी तट पर बने भगवान शिव माता पार्वती का मंदिर और नदी के बीचों बीच बने भगवान सूर्य मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में आये पुरोहित एवं श्रद्धालु मंत्रोच्चार के साथ महाआरती में श्रद्धालु हुए।

युवा कवि सुशांत कुमार पाठक को सांगठनिक सम्मान से सम्मानित किया गया

विष्णुगढ़। विश्व के सर्वश्रेष्ठ साहित्यिक संस्थान अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की ओर से सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह झारखंड प्रदेश के लिए जमशेदपुर में संपन्न हुआ। जिसमें 18 भाषा के साहित्यकारों, कवियों को साहित्य भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम जमशेदपुर के तुलसी भवन में आयोजित था। सुभाषचंद्र मुनका की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत सेवाश्रम संघ झारखंड प्रमुख स्वामी मुक्तात्मानंद महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय साहित्य परिषद, भारतीय भाषाओं का देशव्यापी संगठन है। इसकी स्थापना 1966 में हुई थी। साहित्यकार जैनेन्द्र कुमार के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यकाल में इस संगठन के कई सारे कार्य हुए।वर्तमान में भी साहित्य के उत्थान के दिशा में कार्य हो रहें हैं, जो सराहनीय है। कार्यक्रम में हजारीबाग जिले के युवा कवि सुशांत कुमार पाठक को सांगठनिक सम्मान से सम्मानित किया गया। ये हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड के भूताही मुरगाँव के निवासी हैं। इन्होंने स्वरचित कविता पाठ में कई पुरस्कार अर्जित किया है।

बासंती दुर्गा मंदिर में अष्टमी पूजन हुआ संपन्न

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ बासंती दुर्गा मंदिर में मंगलवार को अष्टमी पूजा किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं में भक्ति व श्रद्धा चरम पर रही। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष पूजा करने पहुंचे।सुबह से ही श्रद्धालु की भीड़ जुटने लगी जो देर शाम तक जारी रहा। चैत रामनवमी बासंती रामनवमी मंदिर में महाअष्टमी पूजा संपन्न हुआ। महाअष्टमी पूजा को संपन्न कराने में आचार्य बलदेव वैध, अजीत मिश्रा, राजेंद्र पांडेय, रोहितानंद मिश्र आदि जुटे हुए हैं।पूजा को संपन्न कराने में पूजा कमेटी के पदाधिकारी एवं सदस्य की भूमिका सराहनीय रही। इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा, महादेव वैध, शंभू नाथ पांडेय, चंद्रशेखर प्रसाद, बटेश्वर मिश्र (बंटी), सरयू ठाकुर, नकुल लहेरी समेत कई लोग शामिल हैं।

शस्त्र प्रदर्शन में प्रथम स्थान आए रामगढ़ की टीम को रामनवमी महासमिति ने किया सम्मानित

रामगढ़। श्री रामनवमी पूजा के अवसर पर रांची में आयोजित प्रतियोगिता में श्री श्री पवनपुत्र रामनवमी समिति मैन रोड रामगढ़ के अध्यक्ष सहित कमिटी के रामभक्तों को शस्त्र प्रदर्शन में प्रथम स्थान एवं अमरदीप क्लब रामगढ़ को कला में प्रथम स्थान के साथ अमरदीप क्लब के हीं 6 वर्षीय तेजस को शस्त्र प्रदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रथम स्थान मिलने की खुशी में सभी खिलाड़ियों को श्री श्री रामनवमी महासमिति रामगढ़ के अध्यक्ष दीपक मिश्रा की अगुवाइ में महासमिति के पदाधिकारियों ने रामगढ़ बस स्टैंड स्थित महावीर मंदिर एवं दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दो अलग अलग कार्यक्रमों के तहत सम्मानित किया। उक्त बातों की जानकारी महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने एक विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की दीपक मिश्रा की अध्यक्षता में सरक्षक राजेश ठाकुर,संरक्षक सह मुखिया छोटू सिंह,महासचिव तुलेश्वर पासवान, संतोष नायक,उपाध्यक्ष विशाल जयसवाल,कोषाध्यक्ष रूपेश कुशवाहा,कार्यालय प्रभारी मनोज सिंह,मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी,सचिव सचिन चंद्रवंशी आदि पदाधिकारियों द्वारा रांची से प्रथम स्थान का मोमेंटो जीत कर आए सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए श्रीराम का भगवा अंगवस्त्र पहनाकर भगवान श्रीराम की मूर्ति के साथ तलवार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा की सभी प्रतिभागियों ने आज रामगढ़ का नाम रौशन किया है और मैं चाहूंगा की आगे से महासमिति विभिन्न अखाड़ों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चयनित कर उनकी प्रतिभा को निखारने का काम करे जिससे आने वाले वक्त में रामगढ़ रामगढ़ का प्रदर्शन अन्य जिलों से बेहतर हो।

अखाड़ों में भगवा ध्वज, लाठी एवं गमछा का किया वितरण: अनूप भाई

दबंग हिन्द संवाददाता

हजारीबाग। जिला के बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के कई प्रखंडों में विश्व विख्यात रामनवमी के शुभ अवसर पर रामनवमी पर्व हुलास के साथ मनाया जाए जिसको लेकर भगवा गमछा, लाठी व भगवा ध्वज का वितरण किया गया। वितरण समाजसेवी अनूप भाई के द्वारा सभी अखाड़ों में जाकर किया गया। समाजसेवी अनूप भाई ने सभी रामभक्तो को रामनवमी पर की शुभकामनाएं दी। मौके पर समाजसेवी अनूप भाई ने अखाड़ा धारियों से अपील भी किया कि आप सभी शांति पूर्ण रूप से इस बार की रामनवमी मनाए। इस मौके पर उन्होंने भगवान राम के जन्म के बारे में भी बताया और कहा भगवान राम का जन्म रावण के अत्याचारों को खत्म करने एवं पृथ्वी से दुष्टों को खत्म कर नए धर्म स्थापना के लिए हुआ था। इसीलिये भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। समाजसेवी अनूप भाई ने आगे बताया कि हजारीबाग की रामनवमी इंटरनेशनल है और अयोध्या के बाद मिनी अयोध्या हजारीबाग को कहा जाता है।साथ ही सभी रामभक्तो से नसामुक्त रामनवमी मानने की अपील की। वही भगवा ध्वज, लाठी व भगवा गमछा का वितरण इचाक प्रखंड के दरिया, बरका, कलाद्वार, कुरह, गूंजा, छावनी, कुटुमसुकरी, साडम, बोंगा पेठियाबाघी में किया। बोंगा में समाजसेवी अनूप भाई का जय श्री राम के पट्टे से स्वागत किया। मौके पर दरिया क्लब से पवन मेहता, सौरभ मेहता, नवीन मेहता, कुंदन राणा, छात्रधारी मेहता, मनोज मेहता, सत्यम कुमार, बबलू कुमार कालाद्वार से उमेश चंद्रवंशी, अनूप चंद्रवंशी, करण कुमार, सौरभ कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, रंजीत चंद्रवंशी, पप्पू चंद्रवंशी, दीपक पासवान समेत कई राम भक्त मौजूद थे।

श्री श्री 1008 श्री हनुमंत सह विश्वकर्मा देव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ संपन्न

दबंग हिन्द संवाददाता

बड़कागांव। सांढ-छपेरवा गांव में वैदिक श्री श्री 1008 श्री हनुमंत सह विश्वकर्मा देव की प्राण प्रतिष्ठा हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें वैदिक मंत्रों के साथ आचार्य जय नंदन मिश्रा एंव आचार्य पंडित ऋषिराज वेदव्यास मिश्रा सहित आचार्य शिवराम पांडेय, आचार्य राधिका पाण्डेय ,पंडित आदर्श शास्त्री, पंडित विश्वेश्वर पाण्डेय, पंडित रूपम आचार्य,आचार्य अभिषेक पाण्डेय, पंडित मंटू आचार्य, आचार्य अर्जुन पाण्डेय, पंडित सुशील पाण्डेय के द्वारा गांव क्षेत्र में सुखी शांति धन -धान्य व ज्ञान की वृद्धि के लिए यज्ञ मंडप में मंत्र उच्चारण कर क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय किया। यज्ञाचार्य जय नंदन मिश्रा एवं आचार्य पंडित ऋषि राज वेद व्यास मिश्रा ने 33 कोटी देवी-देवताओं को यज्ञकुण्ड में आहुति के साथ हनुमंत एवं बाबा विश्वकर्मा देव के प्राण प्रतिष्ठा करवाते हुए बताया कि हमारे हिन्दू सनातन धर्म में पूजा का सबसे अच्छा मार्ग हवन और यज्ञ है, तो इसमे किसी को कोई शंका नही होगी। इस विधि से भगवान को सदियों पहले से ही हमारे ऋषि मुनि रिझाते हुए आये है। अग्नि ही यज्ञ का प्रधान देवता है। हवन में डाली गयी सामग्री प्रसाद सीधे हमारे आराध्य देवी देवताओ तक पवित्र अग्नि के माध्यम से जाता है। हवन का एक सबसे अच्छा लाभ यह है की इसके धुएं से वातावरण शुद्ध होता है। कुण्ड में अग्नि के माध्यम से भगवान के निकट हवि पहुँचाने की प्रक्रिया को यज्ञ कहते हैं। हवि, हव्य अथवा हविष्य वह पदार्थ हैं जिनकी अग्नि में आहुति दी जाती है। स्वास्थ्य के नजरिये से यज्ञ की पवित्र अग्नि के धुएं से वातावरण के कीटाणु और हानिकारक जीव नष्ट होते है जिससे शुद्धिकरण होता है। हवन में हव्य जैसे फल, शहद, घी, काष्ठे मिलकर वायुमण्डल को स्वास्थ्यकर बनाते है। अतः यह वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्व रखता है।

अष्टमी पूजा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, माता के जयकारों के साथ गुंजा क्षेत्र

दबंग हिन्द संवाददाता

दारू। चैत्र नवरात्रि में जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। साधक दिन भर उपवास कर रात्रि में आरती-अर्चना के बाद फलाहार करते हैं। मेरू, रामदेव खरिका, हरली के दुर्गा मंडप में षष्ठी के दिन मां दुर्गा का पट खुलते ही मां के अलौकिक दर्शन पाने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड पड़ी। पूरा क्षेत्र भक्तिमय एवं माता के जयकारों के साथ गुंजयमान हो गया। वही अष्टमी के दिन सुबह से ही श्रद्धालु अष्टमी पूजा करते उत्साहित नजर आए। शाम 4:17 बजे के बाद से संधि बलि को लेकर भक्तों की लंबी कतार लगी रही। कितनी पुरानी इतिहास है इन दुर्गा मंडपों की सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति मेरू के अध्यक्ष शंकर प्रसाद ने बताया कि लगभग 65 वर्षों से यहां चैती दुर्गा पूजा किया जा रहा है। हमारे पूर्वजों ने इसे स्थापित किया पहले दुर्गा मंडप खपड़ा का हुआ करता था। जिसे बाद में ग्रामीण बैठक कर इसे भव्य रूप दिया है। यहां अष्टमी से दशमी तीन दिनों तक मेले का आयोजन किया जाता है। और रात्रि में भक्ति जागरण का भी आयोजन होता है। चैती दुर्गा पूजा समिति रामदेव खरिका के अध्यक्ष केदार नारायण ने बताया कि 2018 से यहां चैती दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। शुरूआत में कामेश्वर नारायण एवं संजय प्रसाद ने इसका प्रस्ताव रखा जिसे बाद में पूरा ग्रामीण बैठक कर मंदिर बनाने का निर्णय लिया। वहीं ग्रामीणों के साथ मिलकर सुखदेव प्रसाद ने मंदिर की नीव रखा। हरली दुर्गा मंडप पूजा समिति के अध्यक्ष दिलिप प्रसाद ने बताया कि सन 1984 से यहां चैती दुर्गा पूजा किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष नवमी एवं दशमी को यहां मेले का आयोजन किया जाता हैं परंतु विजयदशमी के दिन अधिक भीड़भाड़ होती है। और इस बार दसमी के रात्रि में भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है। साथ ही उन्होने बताया कि पूर्वज रामेश्वर प्रसाद, गिरधारी महतो, ज्ञानी महतो, रामधनी प्रसाद, जनार्दन प्रसाद ने संयुक्त रुप से इसकी नीव रखी थी। बाद में ग्रामीण बैठक कर मंडप को सुदृढ़ बनाया।

शिलाडीह में सात दिवसीय राम कथा का हुआ समापन

दबंग हिन्द संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के शिलाड़ीह पंचायत में रामनवमी पूजा के अवसर पर सात दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। जिसमें अंतिम दिन में प्रसिद्ध कथावाचक अयोध्या के विव्यांशु महाराज के द्वारा कथा और भजन जय चंदा रे जयचंद तूने देश को बर्बाद कर दिया। अयोध्या जी को फैजाबाद कर दिया गाकर लोगों का दिल जीत लिया। वहीं विद्यांशु महाराज जी को माला पहनकर वह अंग वस्त्र देकर विदाई किया गया। विद्यांशु महाराज ने कहा हम सभी हिंदुओं का जाति अनेकों पर धर्म एक हो और वह हिंदू धर्म हम सब आपस में मिलकर रहेंगे। जाति पार्टी में हम सबको नहीं बैटना है। प्रत्येक सनातनियों को संध्या मंगला आरती में आवश्यक रूप से भाग लेना चाहिए। मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह सचिव राम तीरथ पांडे नंदलाल मंडल शिवलाल यादव कृष्णा जय पांडे मुकेश पांडे सुनील पांडे को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में लोगों के आंख से आंसू टपक पड़े। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

अंडर 16 क्रिकेट टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच गुमला ने लोहरदगा को 7 विकेट से हराया

दबंग हिन्द संवाददाता

लोहरदगा : जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16क्रिकेट टूनार्मेंट के उद्घाटन मुकाबले में मेजबान गुमला ने लोहरदगा को सात विकेट से पराजित कर पूरे अंक के साथ अगले चक्र मे प्रवेश पाया ' जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया स्टेडियम मे मंगलवार से आरम्भ अंतर जिला क्रिकेट मुकाबले में गुमला व लोहरदगा की टीम आमने सामने थी ' टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया ' निर्धारित 44 ओवरों में आठ विकेट के नुकसान पर टीम ने 170रनों का स्कोर खड़ा किया ' टीम की ओर से चैतन्य ने सर्वाधिक 48रनों की पारी खेली ' अथर्व देव ने 27, हर्ष व तन्मय ने 22-22रनों का सहयोग किया ' गुमला की ओर से मयंक राज ने बेहतरीन गेंदबाजी की और 9ओवरो में महज 15रन देकर 4विकेट अर्जित किये ' रोहिश ने दो व सत्यम ने एक विकेट हासिल किया ' लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमला के खिलाड़ियों ने 34.4 ओवरों में तीन विकेट के नुकसान पर विजयी आंकड़ा छू लिया ' टीम की ओर से मंथन ने बेहतरीन शुरूआत दी और उम्दा 70रनों की पारी खेली ' मयंक राज ने नाबाद 32व सत्यम पांडा ने 28रनों की नाबाद पारी के बदौलत गुमला ने आसान जीत दर्ज किया ' गेंद व बल्ले के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गुमला के मयंक राज प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ' मौके पर मौजूद टी आर डी ओ पप्पू कुमार सिंह, एल ओ अवधेश कश्यप, अंपायर प्रशांत कुमार, हेमंत ठाकुर व स्कोरर जुलकर नैन ने मैन ऑफ द मैच बने मयंक को पांच हजार कैश मनी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया ' मौके पर जिला क्रिकेट संघ जितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, अंकित विश्वकर्मा, रोहित उरांव, सनी साहू, यमुना झा, शशि समेत अन्य उपस्थित थे ।

रामनवमी की हुई अष्टमी, पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

दबंग हिन्द संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी को लेकर बड़कागांव, सिकरी व बादम चैती दुर्गा मंदिर में मां दुर्गे की अष्टमी पूजा की गई। भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और मां दुर्गे की पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गे से सुख व समृद्धि की कामना की। आज नवमी एवं कल दशमी को प्रखंड के कई गांव में मेला एवं झांकी के साथ जुलूस निकाली जाएगी। जिसमें दर्जनों गांव के हजारों लोग शामिल होंगे। प्रखंड मे नवमी की रोज दिन समय दोपहर 2:00 बजे से ही हरली, नापो व पलांडू के कई गांवों द्वारा झांकी एवं जुलूस का आना शुरू हो जाएगा। हरली में पूजा समिति के अध्यक्ष रामसुंदर महतो, नापो में अध्यक्ष मुखिया गणेश साव एवं पलांडू में अध्यक्ष पूर्व मुखिया शुक्ला तुरी के नेतृत्व में कई गांव से आए झांकी के साथ जुलूस का मूल्यांकन के पश्चात क्लब को सम्मानित किया जाएगा। वही दशमी के रोज देर रात बड़कागांव मुख्यालय स्थित बड़कागांव पश्चिमी, मध्य एवं पूर्वी पंचायत में संचालित 12 रामनवमी पूजा समिति के द्वारा झांकी एवं जुलूस निकाली जाएगी, जो दूसरे दिन विसर्जन होगा। वही सीकरी गांव में मां दुर्गे की झांकी के साथ जुलूस निकाली जाएगी। शांति व्यवस्था को लेकर भारी संख्या संख्या में पुलिस बल तैनात। बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी त्योहार को लेकर प्रखंड के कई गांव में कल 39 अखाड़े में रामनवमी की पूजा की जा रही है। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। बड़कागांव थाना, बादम, चौपदार बलिया व अन्य गांव में शांति समिति की बैठक की गई है।सोशल मीडिया ग्रुप में भड़काऊ मैसेज नहीं डालने की सख्त हिदायत पुलिस के द्वारा दी जा रही है।

कमल हासन की ठग लाइफ में दुलकर सलमान की जगह अभिनेता सिम्बु के नाम पर अटकलें

विक्रम की सफलता के बाद फैंस को कमल हासन की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। अभिनेता के पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनमें वे अदाकारी का जादू दिखाते नजर आने वाले हैं। इंडियन 2 और कल्कि 2898 एडी के अलावा उनके पास ठग लाइफ नाम की भी फिल्म है। हाल ही में इस फिल्म का एक पोस्टर जारी किया गया था, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ गई थी। फिल्म के निर्देशन की कमान मणिरत्नम के हाथों में है, जिसकी वजह से दर्शकों को उम्मीदें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। तीन दशकों के बाद इस फिल्म के जरिए कमल हासन और मणिरत्नम एक साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले साल शुरू हुई थी, लेकिन तब से किसी न किसी वजह से फिल्म की शूटिंग में रुकावट आ रही है।

फिलहाल, कमल हासन की राजनीतिक प्रतिबद्धताओं की वजह से प्रोडक्शन के काम में देरी हो रही है। इसी वजह से दुलकर सलमान और जयम रवि पहले ही फिल्म से खुद को अलग कर चुके हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बड़े बजट की फिल्म में दुलकर सलमान की जगह लेने के लिए अभिनेता सिम्बु पूरी तरह से तैयार हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने लुक टेस्ट पूरा कर लिया है और बहुत जल्द वे सेट पर अन्य कलाकारों के साथ फिल्म की शूटिंग के लिए शामिल होने वाले हैं। इसको लेकर जल्द ही निर्माताओं की ओर से एक आधिकारिक एलान भी किया जा सकता है। ठग लाइफ का निर्माण राज कमल इंटरनेशनल फिल्म्स और मद्रास टॉकीज के बैनर तले कमल हासन, मणिरत्नम, आर. महेंद्रन और शिव अनंत कर रहे हैं। उदयनिधि स्टालिन इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता हैं। फिल्म में एआर रहमान का संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। ठग लाइफ में तृषा कृष्णन जोजू जॉर्ज और गौतम कार्तिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

प्राची देसाई कैसे चुनती हैं किरदार

करियर की शुरुआत में मना किए कई मुश्किल रोल

बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई और मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दर्शकों का इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, दोनों सितारे इन दिनों फिल्म के प्रचार में जुटे हुए हैं। इस फिल्म का प्रीमियर 16 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म की रिलीज से पहले प्राची और मनोज ने अमर उजाला के खास कार्यक्रम शुक्ल पक्ष में बातचीत की। इस दौरान प्राची ने अपने किरदार के चुनाव को लेकर बात की।

प्राची देसाई ने साइलेंस 2- द नाइट आउल बार शूटआउट में इंस्पेक्टर संजना का किरदार निभाया है। फिल्म में मनोज और प्राची का कोई लव एंगल नहीं दिखाया गया है। उन्होंने फिल्म में मजबूत महिला का किरदार निभाया है। प्राची ने इसपर बात करते हुए बताया कि बचपन से मैंने अपनी मां और दादी को देखा है, वो एक टीचर थीं, शायद उसी का एक रिफ्लेक्शन है, जो मैं ये किरदार चुन पा रही हूं। मुझे लगता है कि किरदार अगर थोड़ा अलग हो, तो मुझे अट्रैक्ट करता है, यही संजना के रोल के साथ हुआ।

ऑडियन्स बनाए रखने के लिए पंचलाइन कितनी जरूरी

फिल्म के पहले पार्ट में प्राची के कई जबर्दस्त सीन हैं। इस दौरान उनकी कुछ पंचलाइन भी हैं। सस्पेंस थ्रिलर फिल्म के बीच में लाइट मोमेंट लाने होते हैं। इन डायलॉग को बोलने में काफी प्रॉब्लम होती है। इसपर अभिनेत्री ने कहा कि एक्सपीरियंस कहता है, हमने बड़े होते हुए जो फिल्में देखीं, उनकी कुछ-कुछ लाइनें हमेशा याद रहती हैं, जैसे अंदाज अपना-अपना हो या बहुत सी ऐसी फिल्में हैं। दिल चाहता है की कितनी सारी लाइनें हैं। वो मेरी एक फेवरेट फिल्म थी, तो ऑडियन्स को कनेक्ट करने के लिए ये बहुत जरूरी होती हैं। मेरे लिए जो इस फिल्म के किरदार हैं, वो मुझे आज भी याद हैं। उसका क्रेडिट उतना ही राइटर्स को जाता है। उन्हीं की वजह से ऑडियन्स के साथ कनेक्शन बन जाता है और वो कभी-कभी बस एक लाइन से होता है।

कैसी होती है इंस्पेक्टर की रियल लाइफ

साइलेंस में हम इन्वेस्टिगेशन कर रहे थे। मगर एक सीन में उन्होंने हमें पर्सनल स्पेस में देखा कि ये हमेशा पुलिस स्टेशन में अटेंशन में थोड़े ही नहीं खड़े होते हैं, तो इनकी लाइफ में क्या होता है और इनका इक्वेशन क्या होता है। तो इन्वेस्टिगेशन कितना ही गंभीर हो, लेकिन रियल लाइफ में ही ऐसा ही होता है, जो इंसान मजाकिया है, जैसे साहिल हैं, वो रियल लाइफ में भी ऐसे ही हैं, जैसे सीन में हैं। वो कई बार मनोज सर को हंसा देते थे।

करियर की शुरुआत में मना किए चुनौतीपूर्ण किरदार

टीवी शो कसम से की बानी के किरदार से अपने करियर की शुरुआत करने वालीं प्राची देसाई ने अपने करियर में कई अलग-अलग किरदार निभाए हैं। उन्होंने बताया, करियर के बहुत शुरुआत में शायद कुछ रोल थे, जो मैं आईडेंटिफाई नहीं कर पाई थी कि कितना अच्छा होता, अगर ये रोल किया होता। मगर वो मैच्योरिटी और एक्सपीरियंस की भी बात है, तो तब ऐसा हुआ था। उसके बाद जैसे समझ आई तो कोशिश बस यही था कि खुद को इंटरेस्टिड कैसे रहें और ऑडियन्स को भी इंटरेस्टिड कैसे रखें। क्योंकि उस दौर में बात यही थी कि अगर आपको एक रोल में किसी ने पसंद किया था, तो वहीं ऑफर्स आपको आते थे।

जान्हवी कपूर की उलझ की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा!

अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने साउथ डेब्यू की तैयारी कर रही हैं। इसके साथ ही वे राम चरण के साथ आरसी 16 की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेत्री की नई बॉलीवुड फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आ चुका है। जान्हवी बॉलीवुड फिल्म उलझ में आईएफएस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग 11 सितंबर, 2023 को खत्म हो चुकी है। बहुप्रतीक्षित राजनीतिक थ्रिलर उलझ के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। वहीं अब फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जंगली पिक्चर्स के बैनर तले उलझ के निर्माता 5 जुलाई, 2024 को फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म के निर्माण से जुड़े एक अंदरूनी सूत्र ने का दावा है कि पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा होने के करीब है। जंगली पिक्चर्स की टीम 5 जुलाई, 2024 को अपनी राजनीतिक थ्रिलर लाने का लक्ष्य बना रही है और आधिकारिक घोषणा नजदीक है। फिल्म की टीम भी इसकी रिलीज के लिए काफी उत्सुक है, क्योंकि वे भारतीय सिनेमा के दर्शकों के लिए एक नई शैली पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उलझ के अलावा जान्हवी कपूर की अगले तीन महीनों में एक और फिल्म रिलीज होगी, वह है शरण शर्मा द्वारा निर्देशित मिस्टर एंड मिसेज माही। रिपोर्ट्स के अनुसार, मिस्टर एंड मिसेज माही की तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। वहीं, सुधांशु सरिया के निर्देशन में बनी उलझ के कलाकारों की बात करें तो फिल्म में जान्हवी कपूर के साथ गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, आदिल हुसैन, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए जान्हवी ने कहा था कि मैंने इस अनुभव के माध्यम से बहुत कुछ सीखा है, मैं हर दिन उठती हूं और फिल्म में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को, हर चीज के लिए अपना दिल और आत्मा देते हुए देखकर बहुत प्रेरित महसूस करती हूं।

फिल्म चिट्टा के आलोचकों पर सिद्धार्थ का कटाक्ष

साउथ सिनेमा के चर्चित सितारे सिद्धार्थ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अभिनेता ने अपनी 2023 की फिल्म चिट्टा के बारे में बात करते हुए रणबीर कपूर की एनिमल पर कटाक्ष किया है। हालांकि, उन्होंने फिल्म का नाम नहीं लिया लेकिन उन्होंने इसके तमिल संस्करण मिरुगम का इस्तेमाल किया। अभिनेता ने इसके जरिए उन लोगों की आलोचना की जिन्हें उनकी फिल्म चिट्टा परेशान करने वाली लगी। अनजान लोगों के लिए, फिल्म चिट्टा ने बाल शोषण पर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। सिद्धार्थ, जो गंभीर मुद्दों पर अपनी निर्भीक और ईमानदार राय के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने रणबीर कपूर की एनिमल और उन लोगों पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष किया, जिन्हें चिट्टा परेशान करने वाली लगी। एक कार्यक्रम में अभिनेता ने कहा, किसी भी महिला ने मुझसे या अरुण (चिट्टा के निर्देशक) से कभी संपर्क नहीं किया और हमें नहीं बताया कि वे फिल्म नहीं देख सकते या यह परेशान करने वाली है। सिद्धार्थ ने अपनी बात में आगे जोड़ा, हालांकि, कई पुरुषों ने हमारे सामने यह स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि वे इस तरह की फिल्में नहीं देखेंगे। लेकिन, वे मिरुगम (अंग्रेजी में अर्थ एनिमल) नामक फिल्म देख सकते हैं, लेकिन मेरी फिल्म उनके लिए बहुत परेशान करने वाली थी। यह अशांति नहीं, शर्म और अपराधबोध है। यह ठीक है, यह जल्द ही बदल जाएगा। सितंबर 2023 में, चिट्टा की रिलीज के लगभग एक सप्ताह बाद चिन्ना नामक तेलुगु संस्करण रिलीज होने के लिए तैयार था। एक सम्मेलन में सिद्धार्थ ने कहा कि तमिलनाडु और केरल के शीर्ष वितरकों, रेड जाइंट मूवीज और श्री गोकुलम सिनेमाज ने इसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म बताया।

बॉलीवुड में विश्वसनीयता को फिर से परिभाषित कर रहे हैं राजकुमार राव

ऐसे उद्योग में जहां प्रतिभा अक्सर ग्लैमर के आगे पीछे रह जाती है, अभिनेता राजकुमार राव विश्वसनीयता के प्रतीक बनकर उभरे हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में एक बहुमुखी अभिनेता होने का मतलब फिर से परिभाषित किया है। अपने नाम के साथ समीक्षकों द्वारा प्रशंसित प्रदर्शनों की एक सीरीज के साथ राव ने, विभिन्न शैलियों और पात्रों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए, अपने लिए एक जगह बनाई है। काई पो चे! में उनकी ब्रेकआउट भूमिका से लेकर शाहिद, न्यूटन और ट्रैप्ड जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के दम पर, राव ने लगातार ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसे न केवल आलोचकों ने सराहा है, बल्कि दर्शकों ने भी पसंद किया है, जिससे वह इंडस्ट्री में सबसे विश्वसनीय और दमदार कलाकार बन गए हैं।

सोहा अली खान ने मेरे मकान को घर बनाया है

बॉलीवुड एक्टर और डायरेक्टर कुणाल खेमू अपनी मूवी मडगांव एक्सप्रेस को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने खास बातचीत में पत्नी, परिवार और कामकाज के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें सोहा अली खान सपोर्ट करती रहती हैं। कलयुग से हीरो बनने वाले कुणाल ने ट्रैफिक सिग्नल, गोलमाल 3, गो गोवा गॉन, कलंक, कंजूस मक्खीचूस जैसी कई फिल्मों में काम किया है। मगर इन दिनों वे चर्चा में अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू मडगांव एक्सप्रेस से।

आपकी पत्नी सोहा भी फिल्म इंडस्ट्री से हैं, तो उनका कितना सपोर्ट रहा और आपकी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर उनकी क्या प्रतिक्रिया रही?

आम तौर पर वे हमेशा बहुत सपोर्टिव रहती हैं। इस बार भी बहुत प्यार और सहयोग मिला, मगर कई बार आपको ऐसा भी लगता है कि घरवाले आपका दिल रखने के लिए तारीफ कर रहे हैं। इस बार जब-जब मैंने इस फिल्म की स्क्रीनिंग की, वो बाकायदा पूरी फिल्म देखती थीं। मैं उनसे कहता भी था कि पूरी फिल्म देखने की जरूरत नहीं है, मगर उन्होंने जेन्युनिन्ली फिल्म के मजे लिए। उन्हें फिल्म पसंद आई। उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें रिपीट वैल्यू में भी मजा आ रहा है। मेरे घरवाले भी फिल्म को दो-तीन बार देख चुके हैं, तो इस बार फिल्म को लेकर ऑडियंस और फैमिली की प्रतिक्रिया एक जैसी है।

सोहा आपको किस तरह से परिपूर्ण करती हैं?

मैं यही कहूंगा कि जिंदगी अगर मकान है, तो उसे घर सोहा ने बनाया है। मुझे लगता है, यही आपके प्यार की पार्टनरशिप होती है। जब आप सिंगल होते हैं, आपकी जिंदगी अलग होती है, मगर जब आप शादी करते हैं, तो वो यूनिट तभी काम करती हैं, जब आप एक-दूसरे से फिजिकली, मेंटली और इमोशनली सुकून पाते हैं और सोहा इन सभी पहलुओं पर खरी उतरती हैं। वो मेरे समझदार होने की वजह भी हैं।

अभिनय के बाद आप मडगांव एक्सप्रेस में लेखक-निर्देशक के रूप में आए हैं। फिल्म करते हुए आपकी सोच क्या थी?

मैंने जब ये फिल्म लिखी, तो किसी ने मुझे कहा नहीं था। मैंने अपने मन से लिखी थी। मैंने स्क्रिप्ट लिख कर सोहा और एकाध दोस्त को ही सुनाई थी। बाकी किसी को पता भी नहीं था। बस मेरे पास समय था और मैं कहानी लिखता चला गया। मुझे इसे लिखने में मजा आ रहा था। हंसी आ रही थी। मगर इसे लिखने के बाद कई सालों तक मैंने किसी को बताया नहीं, क्योंकि मुझे शर्म आ रही थी कि पता नहीं लोग क्या सोचेंगे। अंततः निर्माताओं तक ये बात पहुंची और उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे फिल्म डायरेक्ट करनी चाहिए। तब मुझे लगा कि मुझे ये मौका झपट लेना चाहिए, क्योंकि मुझसे किसी को कोई उम्मीद नहीं है और मैं नहीं जानता कि फिल्म कितना मनोरंजन कर पाएगी? मुझे लगा बल्ला हाथ लगा है और मुझे बैटिंग करनी चाहिए। मैंने रिलीज से पहले ही कहा था कि ताली मिले, तो वो भी मेरी और गाली मिले तो वो भी सिर आंखों पर। अब मुझे खुशी है कि लोगों को फिल्म पसंद आई और मुझे ताली मिली।

अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू के लिए बड़े स्टार्स के बजाय प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी जैसे कलाकारों की कास्टिंग आपके लिए रिस्की नहीं था?

रिस्की तो सब कुछ था। मेरा स्क्रिप्ट लिखना, डायरेक्टर बनना। मगर हम जिन बड़े स्टार्स की बात करते हैं, तो वे किसी फिल्म से ही बड़े स्टार्स बने हैं। वो पैदाइशी स्टार्स तो नहीं थे। नए टैलेंट्स को मौका नहीं देंगे, तो स्टार्स कैसे बनेंगे? फिर मेरे लिए जरूरी था कि मैं ऐसे कलाकारों को लूं, जो इन किरदारों के साथ जस्टिफाई कर सकें, जो टैलेंटेड हैं और अपनी फ्रेश एनर्जी के साथ आए हैं। आज स्टार्स की परिभाषा भी बदलती जाती है। कई तरह के स्टार्स हैं, सुपर स्टार, मेगा स्टार, ब्लॉकबस्टर स्टार आदि, जो मेरी समझ से परे है। मैं तो यही कामना करता हूं कि इन कलाकारों को प्यार मिले और आगे चलकर ये उस तथाकथित स्टार की परिभाषा में फिट बैठ सकें। वरना मेरे लिए तो ये तीनों ही स्टार हैं।

फिल्म सोशल मीडिया के प्रेशर की बात भी करती है, आप सोशल मीडिया के बारे में क्या सोचते हैं?

सोशल मीडिया एक ड्रग की तरह है। आप इसे दवा की तरह भी देख सकते हैं और नशे की तरह भी। मैं ये नहीं कहता कि आपको सोशल मीडिया से दूर चले जाना चाहिए। बस आपको ध्यान रखना है कि आपको इसकी लत न लगे। आपको इसकी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी, क्योंकि अगर आप लॉग आउट नहीं होते, तो वो एक एडिक्शन है, जिसकी दलदल में आप फंसते चले जाते हैं। हम तो फिर भी खुशकिस्मत हैं कि हमने सोशल मीडिया के पहले का दौर भी देखा है, मगर आज की जनरेशन तो इसी में पैदा हुई है, तो हमें उन्हें बताना होगा कि उनका सेल्फ एस्टीम इस ऐप या सोशल मीडिया का मोहताज नहीं है। इस ड्रग को कैसे हैंडल करना पड़ेगा, ये समझने वाली बात है, क्योंकि ये कहीं नहीं जाने वाला, तो सोशल मीडिया को सोशल भेड़िया बनने से रोकना होगा।

आईपीएल 2024 : गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स में मुकाबला आज

अहमदाबाद (एजेंसी)। आईपीएल में बुधवार को गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में दोनो ही टीम जीत के इरादे से उतरेंगी। गुजरात को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से जीत मिली थी जबकि दिल्ली ने लखनऊ सुपरजायंट्स को हराया था। ऐसे में दोनो ही टीमों की ताकत करीब-करीब बराबर नजर आती है। ऐसे में इस मैच को जीतकर दोनो ही प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाओं को बेहतर करना चाहेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात अभी तक एक इकाई के तौर पर बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकी है, ऐसे में उसे इस मैच में जीत के लिए सभी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं, ऐसे में उसके पास बेहतर प्रदर्शन का अवसर है। टीम के लिए बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव ने अभी तक सात विकेट लिए हैं परा प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिये हैं। उनके जोड़ीदार स्पेंसर जॉनसन और अनुभवी मोहित शर्मा को भी अपने इकोनोमी रेट में सुधार करना होगा। स्टार स्पिनर राशिद खान ने अच्छी गेंदबाजी की है पर वह विकेट नहीं ले पाये हैं। पिछले मैच में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से गुजरात टाइटन्स रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रही और टीम को उनसे इस बार भी उसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

दूसरी ओर ऋषभ पंत की की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने भी अब तक दो मैच जीते हैं। टीम फॉर्म और फिटनेस मामलों के कारण अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम अंतिम ग्यारह नहीं उतार पायी है। पांच मुकाबलों में चार हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है पर अगर उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाना है तो अपनी कमियों में सुधार करके मुकाबले जीतने होंगे। फिट होकर वापसी करने वाले स्पिनर कुलदीप यादव से टीम की गेंदबाजी बेहतर हुई है। कुलदीप ने ने लखनऊ सुपर जायंट्स के तीन विकेट लिए थे।

गुजरात टाइटन्स के लिए कुलदीप का सामना करना, विशेषकर उनकी गुगली को खेलना कठिन हो सकता है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के युवा जैक फ्रेजर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली कैपिटल्स को तीसरे नंबर पर अच्छा खिलाड़ी मिल गया है और टीम उम्मीद कर रही होगी कि वह अपने पहले आईपीएल मैच की तरह आगे भी ऐसे ही खेलता रहे। तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया और मुकेश कुमार अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं जिससे दिल्ली को नुकसान हुआ है।

टीम के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ की बल्लेबाजी फॉर्म रही है जो प्रत्येक मैच के साथ बेहतर से बेहतर होते जा रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के पास भारतीय बल्लेबाजी प्रतिभाओं की कमी है सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और पृथ्वी शॉ भी अब तक विफल रहे हैं। ऐसे में इस मैच में रोमांचक मुकाबला होने की संभावनाएं हैं।

टीम

गुजरात टाइटंस- शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार।

दिल्ली कैपिटल्स -ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शॉ, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

आरसीबी की गेंदबाजी में कमजोर सामने आई : हरभजन

नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने आईपीएल में लगातार हार का सामना कर रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की गेंदबाजी को कमजोर बताया है। हरभजन के अनुसार ये कमजोर ही नहीं चिन्ता का कारण भी बनी है। इसी कारण सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। हरभजन सिंह ने कहा, आरसीबी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। नीलामी के बाद उनकी कमजोर गेंदबाजी लाइन-अप के बारे में बातें हुईं थी जो सच साबित हुईं। सनराइजर्स ने इसी कारण आईपीएल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। चिन्नास्वामी की पिच बल्लेबाजों के अनुरुप थी पर आरसीबी के गेंदबाजों को भी अपनी ओर प्रयास करने चाहिये थे जो उन्होंने नहीं किये। हरभजन ने इस मैच में दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी की प्रशंसा की और कहा कि उसने हर मैच में बेहतर बल्लेबाजी की है।

आरसीबी ने इस मैच में सनराइजर्स को पहले बल्लेबाजी का जो आमंत्रण दिया। वह भी गलत साबित हुआ और पैट कमिंस की टीम ने इस सत्र में दूसरी बार सबसे अधिक स्कार बनाया। इस मैच में आरसीबी के गेंदबाज नाकाम रहे। अपना चार ओवर का स्पैल पूरा करने के दौरान सभी गेंदबाजों ने 50 से अधिक रन दिए। रीस टॉपले ने एक विकेट लिया पर 68 रन दे दिये। यश दयाल ने 51 रन जबकि लॉकी फर्ग्यूसन ने 52 रन देकर दो विकेट लिए। विजयकुमार वैश्य ने भी 64 रन दिए। पूरे टूर्नामेंट के दौरान आरसीबी की गेंदबाजी इकाई में धार नहीं रही जिससे वह लगातार हारती गयी है। सात मैचों में आरसीबी को चार बार अपने लक्ष्य का बचाव करना पड़ा जिसमें उसके गेंदबाज विफल रहे।

मैक्सवेल ने थकान और खराब प्रदर्शन के कारण आईपीएल से लिया ब्रेक

बेंगलुरु (एजेंसी)। ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीए) 2024 से ब्रेक ले लिया है। आईपीएल में इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में शामिल रहे मैक्सवेल ने मानसिक थकान के कारण ये ब्रेक लिया है। मैक्सवेल ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उन्हें उंगली में चोट लग गयी थी। मैक्सवेल ने कहा कि ब्रेक का फैसला काफी आसान था। मैं मुंबई इंडियंस के खिलाफ अंतिम मैच के बाद कप्तान फाफ और कोचों के पास गया और कहा कि शायद अब समय आ गया है कि मेरी जगह किसी अन्य को शामिल किया जाये। यह वास्तव में खुद को थोड़ा मानसिक और शारीरिक आराम देने, अपने शरीर को तरोताजा करने का एक अच्छा समय है। अगर टूर्नामेंट के दौरान फिर मुझे इसमें शामिल होने की जरुरत होगी तो उस समय तक मैं मानसिक और शारीरिक रुप से बेहतर हो सकता हूं।

यह करियर में दूसरी बार है जब मैक्सवेल ने अपने को तरोताजा करने के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर 2019 में भी ऐसा ही ब्रेक लिया था और कहा था कि उस समय वह मानसिक और शारीरिक रूप से परेशानी का अनुभव कर रहे थे। इसके बाद इसखिलाड़ी ने कुछ महीने बाद वापसी की। इस आईपीएल में मैक्सवेल ने इस सत्र में खेले गए छह मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और वह 5.33 की औसत और 94 की स्ट्राइक-रेट से केवल 32 रन ही बना पाये हैं।

हार्दिक पंड्या पर टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर होने मंडरा रहा खतरा

मुम्बई (एजेंसी)। आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व कर रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। दरअसल, हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। टीम ने अब तक 6 में से महज 2 मैच जीते हैं। साथ ही पंड्या खुद भी अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी के कारण फ्लॉप दिख रहे हैं।

वहीं अब उनके ऊपर इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। ये बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई की मीटिंग में भी साफ कर दिया गया है। इस साल टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। ये टूर्नामेंट जून में खेला जाएगा।

ये मीटिंग चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर, रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़ समेत बीसीसीआई के बाकी सदस्यों के बीच हुई। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, सेलेक्टर्स की पैनी नजर सिर्फ हार्दिक पंड्या की गेदंबाजी पर है। मीटिंग 2 घंटे तक चली, जिसमें महज तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर्स को लेकर चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में हार्दिक पंड्या का सेलेक्शन तभी होगा, जब वो आईपीएल के बचे हुए मैचों में गेंदबाजी में कमाल दिखाएंगे। सेलेक्टर्स का मानना है कि पंड्या की टीम में वापसी तभी होगी, जब वो लगातार अच्छी गेदंबाजी करेंगे।

आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त

मुंबई (एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) इस बार भी आईपीएल में कोई कमाल नहीं कर पायी और उसका लीग से बाहर होना लगभग तय है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली हार के साथ ही आरसीबी को इस सत्र में सात मैचों में छठी हार मिली है। इस प्रकार वह अंक तालिका में सबसे नीचे पहुंच गयी है। ऐसे में उसका प्लेऑफ में पहुंचना असंभव है। सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ हुए सातवें मुकाबले में 3 विकेट पर 287 रन का विशाल स्कोर बना डाला जिसके जवाब में आरसीबी 262 रन ही बना पायी।

इस मैच में सनराइजर्स की ओर से ट्रेविस हेड के तेज शतक के बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली के 42 रन, कप्तान फाफ डु प्लेसिस 62 रन और आखिर में दिनेश कार्तिक की 83 रन की पारी से आरसीबी ने 262 रन बनाए।

अब आरसीबी की उम्मीदें तभी बन सकती हैं जब वह बचे हुए सभी 7 मैच जीते। जो उसके वर्तमान प्रदर्शन को देखते हुए असंभव है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला मैच हारने के बाद टीम ने केवल पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज की थी। वहीं पूर्व क्रिकेटर और कमेंटटर इरफान पठान ने कहा अगर आरसीबी की टीम को आईपीएल के अगले दौर में जाना है तो अगले सारे मुकाबले में जीतने होंगे जो किसी के लिए भी संभव नहीं है।

ऑस्ट्रेलियाई के नहीं खेलने से अफगानिस्तान के लोग निराश : राशिद

नई दिल्ली । अभी भारत में आईपीएल खेल रहे अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अगर उनके साथ खेलने से मना करता है तो कुछ नहीं किया जा सकता। राशिद ने कहा कि सीए को ये भी देखना चाहिये कि क्रिकेट अफगान लोगों को खुशी के अवसर देता है। उन्होंने कहा कि सीए ने जिस पकार अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से मना किया है उससे देशवासियों को दुख हुआ है क्योंकि अब उन्हें खेल देखने का अवसर नहीं मिलेगा। वहीं इससे पहले सीए ने तालिबान सरकार के महिलाओं के साथ भेदभाव के आरोप में साल 2023 में ही अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे सीरीज खेलने से इंकार कर दिया था। इसके बाद उसने इस साल के अंत में यूएई में होने वाली टी20 सीरीज में खेलने से भी मना कर दिया हालांकि राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई घरेलू लीग में खेल रहे हैं। राशिद ने कहा, 'मैं और सभी खिलाड़ी क्रिकेट खेलना चाहते हैं क्योंकि अफगानिस्तान में लोगों के लिए खुशी का यही एक तरीका यही है और अगर आप इसे भी उन्हें नहीं दोगे तो लोग किसी भी चीज का जश्न नहीं मना सकेंगे। गौरतब है कि पिछले साल राशिद ने आस्ट्रेलिया के उनके साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद बिग बैश लीग से हटने की धमकी दी थी। इस 25 साल के गेंदबाज के कई आस्ट्रेलियाई मित्र हैं लेकिन उन्होंने उनसे इस मुद्दे पर बात नहीं की है।

मैं दबाव में नहीं, टीम से मिल रहा पूरा समर्थन : स्टार्क



मुम्बई । आईपीएल इतिहास में सबसे अधिक कीमत मिलने के बाद भी अब तक उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिलने से ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क दबाव में नहीं है। स्टार्क के अनुसार उन्हें अपनी टीम से पूरा समर्थन मिल रहा है। स्टार्क ने कहा कि उनके पास टी20 में अनुभव की जो कमी थी। उसी कारण वह अभी तक लय हासिल नहीं कर पाये हैं। उन्हें लय हासिल करने में अधिक समय लग सकता है। स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपये में अपनी टीम से जोड़ा था। वह आईपीएल के शुरुआत मैचों में असफल रहे हालांकि उन्होंने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आईपीएल सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिये। इस मुकाबले से पहले स्टार्क ने चार मैचों में 77 की औसत से सिर्फ दो विकेट लिये थे और 11 रन प्रति ओवर के हिसाब से रन दिये थे। स्टार्क ने कहा कि उनपर दबाव नहीं पड़ा क्योंकि कौन क्या कह रहा है या सोशल मीडिया पर उनको लेकर क्या आ रहा है वह उसपर ध्यान नहीं देते हैं। इस तेज गेंदबाज ने कहा, '' मैं कुछ भी नहीं पढ़ता इसलिए मुझे परेशानी नहीं होती।'' उन्होंने साथ ही कहा, '' मैंने पिछले कुछ साल में बहुत अधिक टी20 क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मुझे गेंदबाजी की लय हासिल करने में कुछ अधिक समय लगा है।'' स्टार्क ने हालांकि कहा कि टी20 क्रिकेट और आईपीएल से तालमेल बिठाना टेस्ट क्रिकेटरों के लिए मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं 34 वर्ष का हूं, इसलिए लेबे समय से खेलने के कारण मेरे लिए अपने अनुभव के कारण टी20 में तालमेल बिठाना आसान हो गया है।

टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में 7 खिलाड़ियों पर होना है फैसला

-आईपीएल के प्रदर्शन पर भी नजरें

मुम्बई (एजेंसी)। आगमी टी20 विश्वकप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में 8 खिलाड़ियों के नाम तय माने जा रहे हैं जबकि 7 खिलाड़ियों पर अभी फैसला होना है। रोहित शर्मा की कप्तानी में उतरने जा रही भारतीय टीम का लक्ष्य यहां किसी प्रकार से आईसीसी विश्वकप जीतना रहेगा। अभी जारी इंडियन प्रीमियर लीग में बेहतर प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों को भी इस लीग में जगह मिल सकती है। टीम में कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली के अलावा मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम तय है। इसके अलावा चयनकर्ताओं ने 15 सदस्यीय टीमों के चयन के लिए अन्य जो नाम रखे हैं उसमें कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, सूर्यकुमार यादव के अलावा हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत भी हैं। कुलदीप शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि ऋषभ ने वापसी के बाद शानदार प्रदर्शन किया है। जिन 7 जगह के लिए खिलाड़ियों के बीच टक्कर होगी उसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑलराउंडर शिवम दुबे , रिंकू सिंह के अलावा सलामी जोड़ीदार के तौर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल का नाम है। वहीं स्पिनर के तौर पर आर अश्विन और युजवेंद्र चहल के बीच मुकाबला है। इसके

अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह में किसे बुमराह का जोड़ीदार बनाया जाएगा यह भी देखना होगा। चयनकर्ता दोनों गेंदबाज को मौका देने के बारे में सोच सकते हैं. दूसरे विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत के बाद संजू सैमसन और ईशान किशन के नाम पर चर्चा हो सकती है।

रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह।

पेरिस ओलंपिक में अब विजेताओं को मिलेगी भारी भरकम इनामी राशि

पेरिस । पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों को इसबार काफी लाभ होगा। इसका कारण है कि विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने ट्रैक एवं फील्ड के 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर करीब 41.60 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की बात कही है। इस प्रकार डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ भी बन जाएगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत एथलेटिक्स के महत्व को देखते हुए की गयी है। साथ ही कहा कि हमने उन एथलीट की सहायता का फैसला किया है जो अपने प्रदर्शन से खेलों को वैश्विक स्तर पर सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा, '' अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर लगभग 18.63 अरब रुपये पुरस्कार के लिए रखे गये है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है। इसका उपयोग 48 एथलेटिक्स खेलों में से स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि देकर किया जाएगा।'' इसके अलावा रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जायेगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और अन्य जरूरी प्रक्रिया का पालन करने वाले एथलीटों को ही शामिल किया जाएगा।

नेट पर धोनी के खिलाफ गेंदबाजी से हो रहा लाभ : एरिक सिमंस

मुंबई (एजेंसी)। (ईएमएस)। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने टीम की अच्छी गेंदबाजी के कारण ये है कि उसके गेंदबाज नेट पर महेन्द्र सिंह धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी का अभ्यास करते हैं। साथ ही कहा कि ट्रेनिंग सत्र में उनके खिलाफ सफल रहने के लिए जो रणनीतियां अपनायी जाती हैं, वह मैच में भी काम करती हैं। सिमंस ने कहा, ' मुम्बई की टीम हमें 200 रन से कम पर रोकने में लगी थी पर धोनी ने एक ओवर में ही हालात बदल दिये और टीम को 206 रन रन तक पहुंचा दिया। साथ ही कहा कि वह हर बार हमें इसी तरह से हैरान करते हैं। मैदान में जाना और पहली

ही गेंद पर छक्का जड़ना और फिर इसी प्रकार शॉट लगाकर रन बनाते रहना आसान नहीं होता।

सिमंस ने कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में धोनी सीएसके के गेंदबाजों के लिए डेथ ओवरों में अपनी गेंदबाजी का अभ्यास करने के लिए सबसे बेहतर खिलाड़ी रहे हैं। सिमंस ने कहा, 'जब हम डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते हैं तो सत्र पूर्व ट्रेनिंग में उनके खिलाफ अभ्यास करते हैं क्योंकि वह इसमें काफी अच्छे हैं। अगर हम उनके खिलाफ अपनी रणनीतियों का परीक्षण कर सकते हैं तो हम जानते हैं कि ये कितना काम करेगा। सिमंस ने मान है कि धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं पर उन्होंने बहादुरी से इसका सामना किया है। उन्होंने कहा, 'हर किसी को उसकी चोटों में उसकी तुलना में अधिक रुचि है। वह उन सबसे कठोर व्यक्तियों में से एक है जिनसे मैं कभी मिला हूं। इसके बाद भी वह सहज होकर खेलते हैं और कुभी भी जाहिर नहीं करते हैं।

पावर प्ले में अधिक से अधिक रन बटोरना हमारा लक्ष्य : हेड

बेंगलुरु। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से इस आईपीएल सत्र में धमाकेदार बल्लेबाजी कर रहे ट्रेविस हेड ने कहा है कि उनका लक्ष्य पावर प्ले में अधिक से अधिक रन बटोरना रहा है। इसी कारण वह शुरुआत से ही आक्रमक बल्लेबाजी करते हैं। हेड ने आरसीबी के खिलाफ 39 गेंद में ही शतक लगाकर अपनी टीम को आईपीएल इतिहास के सबसे अधिक स्कोर 287 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। हेड ने कहा कि उनका प्रयास पावरप्ले के अंदर ही अर्धशतक लगाना रहता है। इस सत्र में दूसरी बार हेड ने पहले छह ओवर के अंदर ही अपना अर्धशतक कर कर लिया। हेड ने कहा, 'निश्चित रूप से हमने अपने शीर्ष और मध्यक्रम के कारण ही सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। मुझे लगता है कि अपने मजबूत शीर्ष और मध्यक्रम का हमें लाभ मिला है। हेड जहां तेज गेंदबाजों को निशाना बनाते हैं। वहीं उनके जोड़ीदार अभिषेक शर्मा धीमे गेंदबाजों पर तेजी से आक्रामक करते है। हेड ने कहा, 'मुझे लगता है कि शीर्ष क्रम में अभिषेक और मैं पावरप्ले का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहते हैं। इसमें हम ज्यादा से ज्यादा चौके और छक्के लगाने का प्रयास करते हैं।

हमें अपनी गलतियों को सुधारना होगा - डु प्लेसी

बेंगलूर । रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान डु प्लेसी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम को मिली हार पर निराश जाहिर करते हुए कहा है कि हमें अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना होगा। डु प्लेसी ने कहा ,'' सनराइजर्स ने इतने ज्यादा रन इस मैच में बनाये। ऐसे में 270 रन का लक्ष्य भी कठिन रहता। हमने कुछ चीजें की जो प्रभावी नहीं रहीं।'' उन्होंने कहा,'' खेल इतना तेज तेज हो गया है कि हमें बल्लेबाजी में अपनी कुछ गलतियों को ठीक करना होगा। हैदराबाद से मिले रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसी को लेकर डु प्लेसी ने कहा कि बल्लेबाजी में कुछ गलतियों को ठीक करना जरूरी है। सनराइजर्स ने इसी सत्र में बनाया अपना ही 277 रन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाये। वहीं इसके जवाब में आरसीबी सात विकेट पर 262 रन ही बना पायी। डु प्लेसी ने कहा मैच में हमें मानसिक तौर पर मजबूती से उतरना होगा। तभी टीम बेहतर प्रदर्शन कर पायेगी। आरसीब अब तक इस सत्र में केवल एक मैच ही जीत पायी है।

ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के लिए बेहतर पासिंग और तालमेल की जरूरत : रूपिंदर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी।

रुपिंदर सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी जिसमें नये वैरिएशन और खिलाड़ियों को आजमाया गया था।''

आस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के तरीके के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि नये तरह की पासिंग से निपटा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया, ''आस्ट्रेलिया से निपटने के लिए उच्च स्तर के तालमेल की जरूरत है जिसमें डिफेंडर से डिफेंडर तक गेंद ट्रांसफर, मिडफील्ड में डिफेंडरों के तेज पास, ऊपर के पास इस तरह की शैली से निपटने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

'बैलेट पेपर में दिक्कत, मानवीय हस्तक्षेप से पैदा होती है समस्या' : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ईवीएम वोटों के 100% वीवीपैट सत्यापन का सुझाव देने वाली याचिका पर सुनवाई की. शीर्ष अदालत ने सोमवार को गुप्त मतदान पद्धति के मुद्दों की ओर इशारा करते हुए कहा कि मानवीय हस्तक्षेप से समस्याएं पैदा होती हैं. न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील प्रशांत भूषण से कहा, 'हम 60 साल के हैं. हम सभी जानते हैं कि जब बैलेट पेपर थे तो क्या हुआ था. आप भी जानते होंगे, लेकिन हम नहीं भूले हैं'. भूषण ने कहा कि कोर्ट बूथ कैप्चरिंग की घटनाओं का जिक्र कर रहा है. यह बड़े मुद्दे की ओर इशारा कर रहा है. अदालत को पता है कि जब बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान हुआ तो क्या गलतियां हुईं. भूषण ने इस बात पर जोर दिया कि जर्मनी बैलेट पेपर की ओर लौट आया है. देश को बैलेट पेपर प्रणाली की ओर वापस जाना चाहिए, क्योंकि ईवीएम हैकिंग के प्रति संवेदनशील हैं. भूषण ने सुझाव दिया कि प्रत्येक वीवीपैट पर्ची मतदाताओं को हाथ में दी जानी चाहिए, फिर वे इसे मतपेटी में जमा कर सकते हैं. वीवीपैट का डिजाइन बदल दिया गया था. इसे पारदर्शी ग्लास होना चाहिए था, लेकिन डिजाइन को अपारदर्शी दर्पण ग्लास में बदल दिया गया था. जहां यह केवल तभी दिखाई देता है, जब प्रकाश केवल 7 सेकंड के लिए चालू होता है.

भूषण द्वारा उद्धृत जर्मनी के उदाहरण पर न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने उनसे पूछा कि जर्मनी की जनसंख्या कितनी है? भूषण ने जवाब दिया कि यह लगभग 6 करोड़ है, जबकि भारत में 50 करोड़ से अधिक मतदाता हैं. एक पूर्व चुनाव आयुक्त ने कहा था कि सभी वीवीपैट पर्चियों की गिनती में कुछ घंटों से ज्यादा समय नहीं लगेगा. भूषण ने कहा कि अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं. ईवीएम में हेरफेर की आशंका रहती है. उनका कहना है कि वे ईवीएमए में लगाए गए इन चिप्स का सोर्स कोड नहीं दिखा रहे हैं. इससे ईवीएम पर अधिक संदेह पैदा हो रहा है. पीठ ने कहा, 'हर कोई जानता है कि बैलेट पेपर से मतदान में क्या समस्याएं थीं. यह भी पता है कि बैलेट पेपर के इस्तेमाल से क्या गलतियां हुईं. शीर्ष अदालत ने कहा, 'मानवीय हस्तक्षेप से समस्या पैदा होती है. बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के मशीनें ठीक से काम करेंगी और सटीक परिणाम देंगी. समस्या तब पैदा होती है जब मानवीय हस्तक्षेप होता है'.

पथराव-गोलीबारी गुजरे वक्त की बात, जम्मू में बोले अमित शाह

गुर्जर, पहाड़ी, बकरवाल, ओबीसी, सबको बीजेपी ने दिया आरक्षण

एजेंसी

जम्मू। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज पलौरा, जम्मू में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि'कश्मीर से कन्याकुमारी तक जनता की एक ही पुकार... फिर एक बार मोदी सरकार। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जम्मू में चुनावी रैली में कहा कि भाजपा लोगों का दिल जीतने में विश्वास रखती है। मोदीजी ने न केवल फर्जी मुठभेड़ों पर पूर्ण विराम लगाया है, बल्कि आतंकवाद का खात्मा भी किया। अमित शाह ने कहा कि भाजपा को कोई जल्दी नहीं है, वह जानती है कि घाटी में कमल (पार्टी का चुनाव चिह्न) अपने आप खिलेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर में लोगों से कांग्रेस, नेशनल कान्फ्रेंस, पीडीपी को वोट नहीं देने की अपील करते हुए आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने उनका शोषण किया है। स्थानीय कैंडीडेट को वोट देने की अपील के साथ ही उन्होंने कहा कि? बीजेपी ने गुर्जर, पहाड़ी, बकरवाल, ओबीसी, दलित और महिलाओं- सबको आरक्षण देने का काम किया है। आगे उन्होंने कहा कि यहां के युवाओं के हाथ में अब पत्थर की जगह लैपटॉप है। धारा 370 के मनहूस साये के समाप्त होने से आज कश्मीर में आतंकवाद अपनी अंतिम साँसे गिन रहा है। मैं घाटी के मेरे बहनों-भाइयों से कहना चाहता हूँ, हमें कोई जल्दी नहीं, जब आपका प्यार मिलेगा, तब घाटी में कमल जरूर खिलेगा। श्यामा प्रसाद जी के एक विधान, एक निशान, एक प्रधान के नारे को हमने पूरा किया।

पीएम मोदी ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड पर विपक्ष झूठ फैला रहा है...

एजेंसी

देश को कालेधन की ओर धकेल दिया गया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विपक्ष इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर झूठ फैला रहा है. जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे उनका 37 प्रतिशत पैसा भाजपा को मिला और बाकी 63 प्रतिशत पैसा विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को मिला. पीएम ने एएनआई को दिये गये इंटरव्यू में यह बात कही, पीएम मोदी ने अपने इंटरव्यू में विपक्ष द्वारा उनकी सरकार पर लगाये जा रहे सभी आरोपों के खुलकर जवाब दिये. विपक्ष के इस आरोप का जवाब दिया कि भाजपा और मोदी सरकार ने मिलकर ईडी और सीबीआई की सहायता से कंपनियों पर दबाव जाल कर इलेक्टोरल बॉन्ड हथियाये.

देश में काले धन का मुद्दा लंबे समय से चल रहा है : पीएम मोदी ने कहा कि देश में काले धन का मुद्दा लंबे समय से चल रहा है. सभी दल इस पर बात करते हैं. पीएम ने कहा कि उनके मन में विचार आया कि ऐसा कुछ किया जाये, जिससे काले धन से मुक्ति मिले. कहा कि जब इलेक्टोरल बॉन्ड लाया गया था तो सभी ने इसकी तारीफ की थी. अब विरोध में बोल रहे हैं. अपने इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा, हमने हजार, दो हजार के नोट इसलिए खत्म किये, क्योंकि हमें काले धन से निजात पानी थी. चुनावी चंदे के संदर्भ में कहा कि हमने 20 हजार रुपये नकद की सीमा को ढाई हजार किया. चेक से पैसे लेने का सवाल पर व्यापारियों का मानना थी कि अगर हम चेक से विपक्ष को पैसे देंगे तो सरकार को जानकारी मिल जायेगी. यह भाजपा खुद झेल चुकी है.

ईडी और सीबीआई का एक भी कानून हमारी सरकार ने नहीं बनाया : हमारा(भाजपा) नियम था कि हम चेक से पैसे लेते थे. इसी क्रम में पीएम ने कहा कि इन सब समस्याओं से मुक्ति के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड लाया गया था. मेरी चिंता यह है कि मैं कभी नहीं कहता कि निर्णय लेने में कोई कमी नहीं है. निर्णय लेने में, हम सीखते हैं और सुधार करते हैं. इसमें भी सुधार के लिए बहुत संभावना है. कहा कि आज हमने देश को पूरी तरह से कालेधन की ओर धकेल दिया है हर किसी को इसका पछतावा होगा. उनकी इशारा इलेक्टोरल बॉन्ड को असंवैधीनिक करार दिये जाने को लेकर था.पीएम नरेंद्र मोदी केंद्रीय एजेंसियों पर सरकार के नियंत्रण के संदर्भ में कहा, ईडी और सीबीआई का एक भी कानून हमारी सरकार ने नहीं बनाया.

कांग्रेस कम से कम बातों की, शब्दों की मयार्दा तो रखे? - यह भी कहा कि हमने चुनाव आयोग में सुधार किया. पहले प्रधानमंत्री एक फाइल पर साइन कर देते थे तो चुनाव आयोग बन जाता था. अब हम विपक्ष के भी एक नेता को शामिल करते हैं. उनके समय (कांग्रेस) तो ऐसे चुनाव आयुक्त होते थे जो उनकी पार्टी से राज्यसभा सदस्य तक बने. विपक्ष पर तंज कसा कि वे हार के बहाने ढूंढते हैं, कभी चुनाव आयोग की बात करेंगे. कभी ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे. अपने इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि वे कहते हैं उनकी सरकार आते ही एक झटके में गरीबी खत्म कर देंगे. जो लोग इतने साल तक राज में रहे और कुछ नहीं कर पाये, वे एक झटके में गरीबी खत्म करने की बात कर रहा हैं, यह कैसे संभव है?

मेरा नाम अरविंद केजरीवाल हैङ्क मैं आतंकवादी नहीं हूं, तिहाड़ जेल से दिल्ली सीएम ने मैसेज भेजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। 'मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है, मैं आतंकवादी नहीं हूं' दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोगों के लिए जेल से यह मैसेज भेजा है. आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज मंगलवार को यह जानकारी दी. संजय सिंह ने आज संवाददाता सम्मेलन में केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, आप अरविंद केजरीवाल के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार कर रहे हैं, आपको शर्म नहीं आती है. प्रधानमंत्री अपनी दुर्भावना में इस कदर आगे बढ़ चुके हैं कि केजरीवाल की उनके परिवार और बच्चे से मुलाकात भी शीशे की दीवार लगाकर कराई जा रही है. इस क्रम में उन्होंने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जेड प्लस की सुरक्षा है. कहा कि उनकी केजरीवाल से मुलाकात के समय में भी बीच में शीशे की दीवार थी. आरोप लगाया कि भाजपा की इस कार्रवाई से स्पष्ट हो गया है कि उनके मन में केजरीवाल के प्रति नफरत की भावना है.संवाददाता सम्मेलन में संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में रखा जा रहा है. केजरीवाल को प्रताड़ित करने की योजना है.

केजरीवाल के साथ जेल में हार्ड कोर अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा है : उनका मनोबल गिराने की कोशिश की जा रही है. उनके परिवार को अपमानित किया जा रहा है. संजय सिंह ने कहा केजरीवाल क्मर सेवा छोड़कर राजनीति में आये हैं. वे दूसरी मिट्टी के बने हैं. टूटेंगे नहींङ्कबता दें कि पंजाब के सीएम भगवंत मान कल सोमवार को तिहाड़ जेल में मिले. जेल से बाहर आकर उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल के साथ जेल में हार्ड कोर अपराधी की तरह व्यवहार किया जा रहा है. प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति के मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था. एक अप्रैल तक वे ईडी रिमांड में भेज दिये गये थे. कोर्ट ने एक अप्रैल को केजरीवाल को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेजा. 15 अप्रैल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किये जाने पर अदालत ने उन्हें 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

भ्रामक विज्ञापन मामला : बाबा रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से कहा हम जनता से माफी मांगने को तैयार, 23 को फिर सुनवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आज मंगलवार को योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रहा है. सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों उपस्थित थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी. न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने उनकी माफी पर संज्ञान लिया, लेकिन यह स्पष्ट भी किया कि उसने उन्हें इस चरण में राहत देने का फैसला नहीं किया है. पीठ ने बालकृष्ण से कहा, आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते. रामदेव ने भी पीठ से कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत के प्रति अनादर दिखाने का कोई इरादा नहीं था. हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने सीधे साधे नहीं हैं कि उन्हें नहीं पता कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था. रामदेव और बालकृष्ण की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने मामले की सुनवाई की शुरूआत में पीठ से कहा, मैं सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हूं. शीर्ष अदालत(सुप्रीम कोर्ट) ने कक्ष में मौजूद रामदेव और बालकृष्ण को पीठ के साथ बातचीत के लिए आगे आने को कहा. पीठ ने कहा, उन्हें महसूस होना चाहिए कि उनका अदालत से जुड़ाव है. शीर्ष अदालत ने अब मामले की अगली सुनवाई 23 अप्रैल को तय की है.

मीडिया में बयान जारी किये जाने पर शीर्ष अदालत ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी : रामदेव और बालकृष्ण ने अपने उत्पादों की औषधीय प्रभावशीलता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले कंपनी के विज्ञापनों पर शीर्ष अदालत के समक्ष पिछले सप्ताह बिना शर्त मांगी थी. शीर्ष अदालत में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी. शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किये गये।

अग्निपथ योजना सेना और युवाओं का अपमान सत्ता में आयेंगे को इसे रद्द कर देंगे : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सेना में भर्ती की अल्पकालिक अग्निपथ योजना को सेना और देश की रक्षा का सपना देखने वाले युवाओं का अपमान करार दिया है. राहुल गांधी ने आज मंगलवार को कहा कि केंद्र में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (ह्यइंडियाह्ल) की सरकार बनने के साथ ही इस योजना को तत्काल निरस्त कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया बहाल की जायेगी. कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में भी इस योजना को खत्म करने का वादा किया है.

अग्निपथ योजना भारतीय सेना की नहीं, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यालय में बनी योजना है : राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, अग्निपथ योजना भारतीय सेना और देश की रक्षा करने का सपना देखने वाले बहादुर युवाओं का अपमान है. उन्होंने दावा किया कि यह भारतीय सेना की नहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यालय में बनी योजना है जिसे सेना पर थोप दिया गया है. कांग्रेस नेता ने कहा, शहीदों के साथ दो तरह का व्यवहार नहीं किया जा सकता, हर व्यक्ति जो देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देता है उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा, विपक्षी गठबंधन इंडियाह्ल की सरकार बनते ही हम इस योजना को तुरंत रद्द किया जायेगा. केंद्र द्वारा 14 जून, 2022 को घोषित अग्निपथ योजना साढ़े 17 से 21 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं को केवल चार वर्ष के लिए सेना में भर्ती करने के लिए लायी गयी है. चार वर्ष के बाद इनमें से 25 प्रतिशत को अगले 15 साल के लिए सेना में बरकरार रखने का प्रावधान है.

मसूरी में विपक्ष पर बरसे जेपी नड्डा, बोले- "कांग्रेस ने तो तीनों लोकों में घोटाला किया"

एजेंसी

मसूरी। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है. मतदान के लिए अब चार दिन का ही वक्त बचा है. ऐसे में राजनीतिक पार्टियों के स्टार प्रचारक और प्रत्याशी जमकर चुनाव प्रचार करने में लगे हुए हैं. इसी क्रम में आज बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा देहरादून जिले के मसूरी में पहुंचे. यहां उन्होंने टिहरी लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी माला राज्यलक्ष्मी शाह के लिए वोट मांगे. इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा. मंच से जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा. जेपी नड्डा ने जनता से पूछा कि वो जेल और बेल वालों को वोट देंगे क्या? इतना ही नहीं जेपी नड्डा ने इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा बताया. जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई और तेज होगी, लेकिन विपक्षी कहते हैं कि वो भ्रष्टाचारियों को बचाएंगे.

जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्षी दलों को जनता से कुछ लेना-देना नहीं है, उन्हें सिर्फ अपने परिवार से मतलब है. कांग्रेस परिवार का तो घोटालों का इतिहास रहा है. जेपी नड्डा ने कांग्रेस कार्यकाल के घोटाले गिनाते हुए कोल घोटाला, 3जी और 2 जी स्कैम, कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, पनडुब्बी घोटाला और आकाश वेस्टर्न घोटालों का जिक्र किया. जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने तो तीनों लोक में घोटाला किया है. इसके अलावा जेपी नड्डा ने अन्य पार्टियों के घोटालों का भी जिक्र किया. अखिलेश सरकार के लैपटॉप और गोमती रिवल फ्रंट घोटाला, बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव के चारा और जमीन के बदले नौकरी का घोटाला. ममता का नौकरी घोटाला, डीएमके का बालू का घोटाला. जेपी नड्डा ने कहा ये सब घोटालों पर घोटाला करने में लगे हैं. आज भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी नेता या तो जेल में या फिर बेल पर हैं. क्या जनता को इन्हें वोट देना चाहिए.

इसके अलावा जेपी नड्डा ने बीजेपी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई. नड्डा ने कहा कि दस साल पहले राजनीति उदासीनता से भरी हुई थी. आम आदमी भी बोलता था कि राजनीति से कुछ नहीं बदलेगा, लेकिन आज दस साल के अंदर मोदी ने राजनीति की संस्कृति और परिभाषा को बदल दिया है. जेपी नड्डा ने कोरोना काल में मोदी सरकार की उपलब्धियों का भी जिक्र किया है. जेपी नड्डा ने बताया कि कैसे पीएम मोदी ने कोरोना काल में कुछ कठोर फैसले लिए, जिस कारण करोड़ों लोगों की जान बच सकी. भारत ने दुनिया का सबसे तेज और बड़ा वैक्सीन प्रोगामा चलाया था, ये बदलते हुए भारत की तस्वीर है. जेपी ने नड्डा ने कहा कि आज गांव की तस्वीर बदली है. सभी को उज्ज्वला गैस कनेक्शन मिल रहा है या नहीं. आयुष्मान भारत से सबका इलाज हो रहा है. आज प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत करीब तीन लाख गांवों को सड़क से जोड़ा गया है.

एक नजर

गुजरात के लिए आप ने जारी किया स्टार प्रचारकों की सूची, भगवंत मान से ऊपर सुनीता केजरीवाल का नाम

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को मंगलवार को जारी हुई आम आदमी पार्टी (आप) के स्टार प्रचारकों की सूची में दूसरे नंबर पर रखा गया है। पहले पर अरविंद केजरीवाल का नाम है जबकि तीसरे नंबर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का नाम है। आम आदमी पार्टी की स्टार प्रचारकों की सूची प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य गुजरात के लिए है। गुजरात की 26 लोकसभा सीटों में से, पार्टी विपक्षी इंडिया गुट के हिस्से के रूप में भरूच और भावनगर में लड़ रही है, जबकि कांग्रेस शेष 24 सीटों पर लड़ेगी। आम आदमी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में मनीष सिसोदिया, संदीप पाठक, पंकज गुप्ता, संजय सिंह, गोपाल राय, राघव चड्ढा, आतिशी, सौरभ भारद्वाज का भी नाम शामिल है जो लगातार राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहते हैं। इसके अलावा गुजरात के क्षेत्रीय नेताओं को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। इसमें गोपाल इटालिया और इसुदान गढ़वी का नाम शामिल है। 21 मार्च को उत्पाद शुल्क नीति मामले में गिरफ्तारी के बाद से सुनीता केजरीवाल ने आप, विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन के नेताओं के साथ बैठकें की हैं और अरविंद केजरीवाल की ओर से वीडियो संदेश जारी किए हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में, सुनीता केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल के लिए घर-घर जाकर प्रचार किया, जहां मुख्यमंत्री तीसरे कार्यकाल की मांग कर रहे थे। मनीष सिसौदिया और सत्येन्द्र जैन के भी सलाखों के पीछे होने से, आप को ऐसे नेताओं के संकट का सामना करना पड़ रहा है जो 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी के लिए प्रचार कर सकें। आप दिल्ली में चार, पंजाब में 13, हरियाणा में एक, गुजरात और असम में दो-दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

पाकिस्तान ने परमाणु आधुनिकीकरण के प्रयास जारी रखे : शीर्ष अमेरिकी खुफिया अधिकारी

वाशिंगटन। अमेरिका के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले साल अपने परमाणु आधुनिकीकरण के प्रयासों को जारी रखा और भारत के साथ उसके विवादास्पद संबंध उसकी रक्षा नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। सोमवार को चीन के संबंध में हुई बैठक के दौरान रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने यह टिप्पणियां कीं। क्रूस ने सांसदों को बताया कि पाकिस्तान ने कश्मीर को लेकर भारत के साथ अपने विवाद सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और विभिन्न देशों से समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच नियंत्रण रेखा पर फरवरी 2021 से एक असहज युद्धविराम कायम है। उन्होंने कहा, ह्लपाकिस्तान ने आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अपने परमाणु आधुनिकीकरण प्रयासों को जारी रखा है। पिछले साल पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी हिंसा में भी वृद्धि हुई ह्व क्रूस ने शीर्ष अमेरिकी सांसदों को बताया कि भारत के साथ पाकिस्तान के विवादास्पद रिश्ते उसकी रक्षा नीति को प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, फरवरी 2021 में युद्धविराम के बाद से दोनों देशों के बीच सीमा पार हिंसा में कमी आई है।

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और एक महत्वपूर्ण रणनीतिक भागीदार : अमेरिका

वाशिंगटन। बाइडन प्रशासन ने जोर देकर कहा है कि भारत, अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और उन्हें उम्मीद है कि यह संबंध भविष्य में भी इसी तरह बरकरार रहेंगे। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर भारत में लोकसभा चुनावों से पहले भारतीय सरकार पर कुछ लेख और आलोचनात्मक राय के परिदृश्य में अमेरिका-भारत संबंधों पर सोमवार को संवाददाताओं द्वारा पूछे गये सवाल के जवाब दे रहे थे। मिलर ने भारत में कथित तौर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाये जाने और विपक्षी दलों पर कथित कार्रवाई के संबंध में विदेश मंत्रालय द्वारा जारी हालिया बयानों पर एक सवाल के जवाब में कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है और मुझे उम्मीद है कि आगे भी यह सिलसिला बना रहेगा। अमेरिकी अधिकारी हाल के दिनों में दोहरा चुके हैं कि भारत एक महत्वपूर्ण साझेदार है तथा दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे।

ट्रंप के खिलाफ मुकदमे की सुनवाई की शुरुआत के लिए संभावित जूरी सदस्यों का चयन शुरू

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपाति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने संबंधी आरोपों के मामले में सोमवार को जूरी का चयन होने के साथ ही इस ऐतिहासिक मुकदमे की सुनवाई शुरू हो गई। ट्रंप सोमवार को न्यूयॉर्क की एक अदालत में पहुंचे, जो अमेरिकी इतिहास में एक अनोखा क्षण है। यह देश के किसी भी पूर्व राष्ट्रपति से संबंधित पहला आपराधिक मुकदमा और ट्रंप के चार अभियोगों में से भी पहला मुकदमा है। ट्रंप द्वारा पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को धन दिए जाने का मामला 2016 का है। उस समय ट्रंप के पोर्न स्टार के साथ संबंध होने की बातें सामने आई थीं और आरोप है कि उन्होंने इसको छिपाने के लिए स्टॉर्मी को एक लाख 30 हजार डॉलर का भुगतान किया था। पूर्व राष्ट्रपति की कंपनी ने यह धन उनके वकील माइकल कोहेन को दिया था जिन्होंने ट्रंप की ओर से पोर्न स्टार को इसका भुगतान किया। यह मुकदमा ऐसे समय आगे बढ़ रहा है जब ट्रंप इस वर्ष राष्ट्रपति चुनाव के रिपब्लिकन टिकट के लिए संभावित उम्मीदवार भी हैं। जूरी का चयन शुरू होने से पहले कुछ कानूनी बहस हुई। जूरी के चयन के लिए 96 जूरी सदस्यों को अदालत कक्ष में बुलाया गया। ट्रंप ने व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 गंभीर मामलों में खुद को निर्दोष बताया है। अभियोजकों का कहना है कि कोहेन को किए गए भुगतान को ट्रंप के वास्तविक उद्देश्य को छिपाने के लिए कानूनी शुल्क के रूप में गलत तरीके से दर्ज किया गया था। वहीं, ट्रंप के वकीलों का कहना है कि यह वास्तव में कानूनी खर्च था और इसमें कोई लीपापोती नहीं की गई।

ईरान के मिसाइल हमले का जवाब देंगे : इजराइल



जेरुसलेम। इजराइल के सेना प्रमुख ने कहा है कि उनका देश पिछले सप्ताह हुए ईरान के हमले का जवाब देगा. हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि इजराइल ऐसा कब और कैसे करेगा. इजराइल ने दो सप्ताह पहले सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास की इमारत पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसके जवाब में ईरान ने शनिवार को इजराइल पर हमला किया. दोनों देशों के बीच दशकों से जारी दुश्मनी के बीच ईरान ने पहली बार इजराइल पर सीधे तौर पर सैन्य हमला किया. ईरान ने इजराइल पर हमले के दौरान सैंकड़ों ड्रोन, बैलिस्टिक मिसाइल और क्रूज मिसाइल दागीं. इजराइली सेना ने कहा कि उसने अपनी वायु रक्षा प्रणाली व लड़ाकू विमानों और अमेरिका नीत गठबंधन सहयोगियों की मदद से 99 प्रतिशत ड्रोन और मिसाइलों को नाकाम कर दिया. इजराइल के सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट हर्जी हलेवी ने सोमवार को बताया कि इजराइल अपने अगले कदमों पर विचार कर रहा है, लेकिन यह तय है कि ईरान के हमले का जवाब दिया जाएगा.